राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात: किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

हर खबर पर पकड़





11 धोनी के दिल में क्या है कोई... | तालिबान की धमकी के बाद ... 12

वर्ष : 14 | अंक : 310 | नई दिल्ली, शनिवार, 23 मार्च, 2024 | विक्रम संवत 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

अधिकतम तापमान 26°C
न्यूनतम तापमान 20°C

**बाजार**

सोना 68,255
चांदी 78,700
सेंसेक्स 72,832
निफ्टी 22,096

## संक्षिप्त खबरें

### सीबीआई और यूरोपोल के बीच समझौता

कोलकाता। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई)और यूरोपीय संघ एजेंसी फॉर लॉ एन्फोर्समेंट ऑपरेशन (यूरोपोल) के बीच सहयोगात्मक संबंध स्थापित करने के लिए एक कार्य व्यवस्था पर हस्ताक्षर किए गये हैं। सीबीआई ने बयान जारी करके यह जानकारी दी। इस समझौता पर 21 मार्च (गुरुवार) को यूरोपोल के कार्यकारी निदेशक कैथरीन डी बोले और सीबीआई के निदेशक प्रवीण सूद ने हस्ताक्षर किए। हस्ताक्षर नई दिल्ली और हेग में एक साथ एक आभासी कार्यक्रम में वरिष्ठ सीबीआई और यूरोपोल अधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न हुए। बयान में कहा गया, यह व्यवस्था दोनों संगठनों के बीच अपने संबंधित जनादेश और रणनीतियों के निर्माण और तालमेल की संभावनाओं का पता लगाने के लिए सीधे सहयोग को बढ़ावा देती है। श्री सूद ने दोनों पक्षों द्वारा प्रदर्शित सहयोगात्मक भावना की सराहना की। उन्होंने कहा, यह कार्य व्यवस्था इस सामान्य आधार तक पहुंचने के लिए सीबीआई और यूरोपोल के बीच वर्षों की बातचीत का परिणाम है। यह क्षण अपराध से निपटने और हमारी एजेंसियों के बीच सहयोग बढ़ाने के हमारे चल रहे प्रयासों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। सीबीआई निदेशक ने कहा, अपराधों, अपराधियों और अपराधों की आय के अंतरराष्ट्रीय स्रोत ने शीघ्र अंतरराष्ट्रीय सहयोग को आवश्यक बना दिया है।

### सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए दिल्ली में लगे टीके

नई दिल्ली। देश में अपनी तरह की अभिनव पहल में दिल्ली में सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए यौन शोषण से पीड़ित लड़कियों का निशुल्क एचपीवी टीकाकरण किया गया। शिविर का आयोजन बच्चों की सुरक्षा के लिए काम कर रहे संगठन इंडिया चाइल्ड प्रोटेक्शन फंड (आईसीपीएफ) ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के डॉ. बी. आर. अंबेडकर इंस्टीट्यूट, रोटरी कैंसर हॉस्पिटल (प्रिवेंटिव आनकोलॉजी) और रोटरी क्लब के सहयोग से किया। एम्स के कैंसर विभाग में सहायक प्राध्यापक डॉ. पल्लवी शुक्ला की देखरेख में उनकी टीम के सदस्यों डॉ. सुजाता पाठक और डॉ. प्रतीक ने टीके लगाने का जिम्मा उठाया। शिविर में नौ से 14 वर्ष के बीच की 135 लड़कियों को टीका लगाया गया। चिकित्सकों के अनुसार यौन शोषण की शिकार बच्चियों में सर्वाइकल कैंसर के खतरे की आशंका ज्यादा होती हैं, लेकिन इसके बचाव के लिए लगाया जाने वाला एचपीवी का टीका काफी महंगा आता है।

# भारत और भूटान के बीच सात करार पर हस्ताक्षर

प्रात: किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे के बीच थिंपू में शुक्रवार को द्विपक्षीय वार्ता हुई। दोनों देशों के बीच इस दौरान सात करार पर हस्ताक्षर किए गए। यह करार तेल, खाद्य, ऊर्जा, खेल, स्वास्थ्य, अंतरिक्ष और शिक्षा से जुड़े हैं। प्रधानमंत्री मोदी और भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे ने द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की और बहुआयामी साझेदारी को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई। इस दौरान दोनों देशों के बीच कुछ करार हुए। इस करार के तहत भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) भूटान खाद्य और औषधि प्राधिकरण (बीएफडीए) के प्रमाणपत्र को मान्यता देगा। इससे व्यापार करने में आसानी होगी। इसके अलावा अंतरिक्ष सहयोग पर संयुक्त कार्य योजना को मंजूरी दी गई है। दोनों देश रेलवे से जोड़ने के लिए भी करार किए जाने पर सहमत हुए हैं। इसके अलावा भारत से भूटान को पेट्रोलियम, तेल और संबंधित उत्पादों की सामान्य आपूर्ति, ऊर्जा दक्षता और ऊर्जा संरक्षण उपायों के क्षेत्र में सहयोग, खेल और युवा क्षेत्र में सहयोग, औषधीय उत्पादों के संदर्भ मानक, फामाकोपिया, सतर्कता और परीक्षण साझा करने से संबंधित सहयोग पर समझौता ज्ञापन हुए हैं। वहीं भारत के राष्ट्रीय ज्ञान नेटवर्क (एनकेएन) और भूटान के ड्रुक रिसर्च एंड एजुकेशन नेटवर्क के बीच समन्वय व्यवस्था पर समझौता ज्ञापन का नवीनीकरण हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी ने भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक से भी मुलाकात की। इस संबंध में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि विशेष और अद्वितीय भारत-भूटान मित्रता के प्रति प्रतिबद्धता को दोहराते हुए दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की और उन्हें नए स्तरों पर ले जाने के तरीकों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी शुक्रवार को दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर भूटान की राजधानी थिंपू पहुंचे। प्रधानमंत्री का एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत किया गया।



### प्रधानमंत्री मोदी भूटान के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ऑर्डर ऑफ द ड्रुक ग्यालपो' से सम्मानित

नई दिल्ली, 22 मार्च (वेब वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को भूटान के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ऑर्डर ऑफ द ड्रुक ग्यालपो' से सम्मानित हुए। उन्होंने सम्मान के प्रति आभार प्रगट करते हुए इसे 140 करोड़ भारतीयों को समर्पित किया। दो दिवसीय यात्रा पर शुक्रवार को भूटान पहुंचे प्रधानमंत्री ने सम्मान के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने कहा, ञ्ये सम्मान मेरी व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है, ये भारत और 140 करोड़ भारतीयों का सम्मान है। भूटान की इस महान भूमि पर मैं सभी भारतवासियों की ओर से ये सम्मान नम्रता से स्वीकार करता हूं। इस सम्मान के लिए आप सभी का हृदय से कोटि-कोटि धन्यवाद करता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत-भूटान की साझेदारी केवल जमीन और पानी तक ही सीमित नहीं रही है। भूटान अब अपने अंतरिक्ष अभियानों में भारत का भागीदार है। भूटान के वैज्ञानिकों ने इसरो के साथ मिलकर सैटेलाइट लॉन्च किया है। उन्होंने कहा कि भारत और भूटान के युवाओं की आकांक्षाएं एक जैसी हैं। भारत ने 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने का निर्णय लिया है। भूटान ने 2034 तक 'उच्च आय' देश बनने का फैसला किया है। भूटान को उसके लक्ष्यों को पाने में सहयोग का आश्वासन देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत 'बीबी' - ब्रांड भूटान और भूटान बिलीव के लिए आपके साथ खड़ा है। आने वाले 5 साल हमारे संबंधों को एक नई ऊर्जा देंगे। हम कनेक्टिविटी, बुनियादी ढांचे, व्यापार और ऊर्जा क्षेत्रों में रास्ते बनाने के लिए काम करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी शुक्रवार को दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर भूटान की राजधानी थिंफू पहुंचे। प्रधानमंत्री का एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत किया गया। प्रधानमंत्री ने भूटान नरेश जिम्मे खेसर नामग्याल वांगचुक से मुलाकात की।

# केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ दिल्ली समेत देशभर में आप, अन्य दलों का प्रदर्शन

प्रात: किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 में कथित अनियमितताओं से जुड़े धन शोधन मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किए जाने के खिलाफ शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी समेत देशभर में आम आदमी पार्टी (आप) और अन्य राजनीतिक दलों ने प्रदर्शन करते हुए विरोध जताया। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आप के नेताओं तथा कार्यकर्ताओं ने केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खिलाफ प्रदर्शन किया। आईटीओ पर प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने इस क्षेत्र में निषेधाज्ञा लागू होने का हवाला देते हुए प्रदर्शनकारियों को वहां से जाने के लिए कहा। इसके बाद पुलिस ने कैबिनेट मंत्री आतिशी और सौरभ भारद्वाज को हिरासत में ले लिया। आईटीओ के करीब ही भाजपा और आप के मुख्यालय हैं। पुलिस ने प्रदर्शन के मद्देनजर भाजपा मुख्यालय और ईडी कार्यालय जाने वाले मार्गों को बंद कर दिया गया। इससे आईटीओ चौराहे, राजघाट तथा विकास मार्ग पर बड़े स्तर पर यातायात अवरुद्ध हुआ। दिल्ली यातायात पुलिस ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी परामर्श में कहा, "दिल्ली के डीडीयू मार्ग पर राजनीतिक दल के प्रस्तावित विरोध प्रदर्शन के मद्देनजर आईपी मार्ग, विकास मार्ग, मिंटो रोड और बहादुर शाह जफर मार्ग पर भारी यातायात रहेगा। डीडीयू मार्ग यातायात के लिए बंद रहेगा। कृपया इन सड़कों से निकलने से बचें और तदनुसार अपनी यात्रा की योजना बनाएं।"

पंडित दीन दयाल मार्ग (डीडीयू) पर ही भाजपा और आप के मुख्यालय स्थित हैं। वहीं, आप और रायजोर दल (आरडी) की असम इकाई ने शुक्रवार को गुवाहाटी में प्रदर्शन किया और



विपक्षी दलों ने एकजुट होकर आप नेता के खिलाफ ईडी की कार्रवाई की निंदा की। गुवाहाटी में आप सदस्यों ने राज्य सचिवालय से करीब दो किलोमीटर दूर स्थित पार्टी के राज्य मुख्यालय से जुलूस निकाला, लेकिन सुरक्षा बलों ने उन्हें रोक दिया। इसी तरह का विरोध-प्रदर्शन आप सदस्यों ने डिब्रूगढ़ में भी किया। रायजोर दल के सदस्यों ने भी शहर में अपने कार्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन किया।रायजोर दल के नेता बी.डी. सैकिया ने कहा, इस कदम का उद्देश्य स्पष्ट रूप से भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार द्वारा गंभीर मुद्दे, खासकर चुनावी बॉण्ड के बारे में सच्चाई से ध्यान भटकाना है। हम चुप नहीं रहेंगे और लोग करारा जवाब देंगे।" कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, विपक्ष को कुचलना इस सरकार का स्वभाव बन गया है।

एक ही दिन में दो कदम- कांग्रेस के बैंक खाते 'फ्रीज' करना और वर्तमान मुख्यमंत्री को गिरफ्तार कर विपक्ष को कुचलने का प्रयास किया गया। स्वतंत्र एजेंसियां स्पष्ट रूप से राजनीतिक आकाओं के इशारे पर काम कर रही हैं।" कांग्रेस की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष भूपेन कुमार बोरा ने भी केजरीवाल की गिरफ्तारी की आलोचना की और कहा, ह्यह्यभारत मुंहतोड़ जवाब देगा।" उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, एक डरा हुआ तानाशाह ऐसे लोकतंत्र बनाना चाहता है जिसमें जान ही न हो।" जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में शुक्रवार को विरोध मार्च निकालने की कोशिश कर रहे आप कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि बड़ी संख्या में आप के कार्यकर्ता यहां प्रेस एन्क्लेव के पास जुटे थे। जैसे ही उन्होंने मार्च निकालने की कोशिश की तो पुलिस ने उन्हें तितर-बितर करने के लिए हल्के बल का प्रयोग किया।

आप के नेता नवाब नासिर ने संवाददाताओं से कहा कि केजरीवाल की गिरफ्तारी अलोकतांत्रिक है। उन्होंने कहा, यह लोकतंत्र की लड़ाई है और आखिरकार हम इसे जीतेंगे।" आप नेता ने कहा कि हम मोदी (प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी) को बताना चाहते हैं कि उनकी तानाशाही नहीं चलेगी। उन्होंने कहा कि केजरीवाल एक अवधारणा हैं, एक विचारधारा हैं और आप उन्हें गिरफ्तार कर सकते हैं लेकिन आप विचारधारा को गिरफ्तार नहीं कर सकते। तेलंगाना के हैदराबाद में आप कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को भाजपा के राज्य मुख्यालय के पास विरोध-प्रदर्शन किया। पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर किया। इस दौरान आप कार्यकर्ताओं ने हाथों में " मोदी हटाओ-भारत बचाओ " लिखी तख्तियां ली हुई थीं और " ईडी और सीबीआई मुदार्बाद " के नारे भी लगाए। पार्टी ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, ह्यह्यआप की तेलंगाना इकाई ने अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ हैदराबाद में भाजपा मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा और मोदी (प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी) की तानाशाही सारी हदें पार कर चुकी हैं। आज, भारत केजरीवाल के लिए एकजुट है और भाजपा खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहा है। जय हिन्द।" आप की कर्नाटक इकाई ने केजरीवाल की गिरफ्तारी की निंदा करते हुए शुक्रवार को बेंगलुरु में प्रदर्शन किया। 'मुख्यमंत्री चंद्रू' के नाम से लोकप्रिय, आप की राज्य इकाई के अध्यक्ष एच.एन. चंद्रशेखर के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने 'फ्रीडम पार्क' में 'काला दिवस' मनाया। चन्द्रशेखर ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केजरीवाल को गिरफ्तार करवाया क्योंकि वह " देश भर में उनकी बढ़ती लोकप्रियता को पचा नहीं पा रहे हैं।" उन्होंने कहा, जो लोग कहते हैं कि वे संविधान ही बदल देंगे, उनसे और क्या उम्मीद की जा सकती है। केंद्र सरकार ने आयकर विभाग और प्रवर्तन निदेशालय जैसी एजेंसी का उपयोग करके उन लोगों पर कार्रवाई की योजना बनाई है जो भाजपा के खिलाफ हैं।" केरल में सतारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) और विपक्षी दल कांग्रेस ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ प्रदर्शन किया। माकपा ने शुक्रवार को कन्नूर में विरोध मार्च निकाला और पार्टी कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पुतला जलाया। आप के कार्यकर्ताओं ने एनार्कुलम जिले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कार्यालय तक विरोध मार्च निकाला।

## केजरीवाल की गिरफ्तारी पर अन्ना ने कहा, उन्हें कोई दुख नहीं

### केजरीवाल और सिसोदिया ने मेरी बात नहीं मानी



प्रात: किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली में शराब घोटाला मामले में ईडी ने सीएम अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया। केजरीवाल की गिरफ्तारी पर समाजसेवी अन्ना हजारे की ओर से प्रतिक्रिया आई है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल की गिरफ्तारी पर उन्हें कोई दुख नहीं है। समाजसेवी हजारे ने कहा कि केजरीवाल के दिल्ली का मुख्यमंत्री बनने के बाद नई शराब पॉलिसी लेकर आए, इस लेकर मैंने उन्हें दो बार पत्र लिखा था। मुझे इस बात का दुख है कि मेरी बात नहीं मानी गई और अब वह गिरफ्तार हो गए हैं। अन्ना ने कहा कि जब केजरीवाल और मनीष सिसोदिया आंदोलन के समय हमारे साथ आए थे, तब भी मैंने उन दोनों से कहा था कि देश की भलाई के लिए काम करना है। लेकिन, दोनों ने मेरी बातों को नहीं मना। ना ही केजरीवाल ने मेरी बात मानी। अन्ना ने दो टूक कहा कि मैं उन्हें कोई सलाह नहीं दूंगा और साथ ही मुझे केजरीवाल के हालात पर कोई दुख नहीं है। अन्ना ने कहा कि कभी हम दोनों शराब जैसे भ्रष्टाचार के खिलाफ साथ खड़े थे और आज वे खुद शराब नीति बना रहा था।उन्होंने कहा कि केजरीवाल ने कभी भी मेरी बात नहीं मानी, इसका मुझे दुख है।

## केजरीवाल के परिजनों से मिलेंगे राहुल, कांग्रेस करेगी कानूनी मदद

प्रात: किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को ईडी ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी के तुरंत बाद कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला और तंज कसते हुए कहा था कि एक डरा हुआ तानाशाह मरा हुआ लोकतंत्र चाहता है। इस तंज के बाद खबर आ रही है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी केजरीवाल के परिजनों से मुलाकात करेंगे और कांग्रेस पार्टी उनकी कानूनी मदद करेगी। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, डरा हुआ तानाशाह,





एक मरा हुआ लोकतंत्र बनाना चाहता है। उन्होंने दावा किया, मीडिया समेत सभी संस्थाओं पर कब्जा, पार्टियों को तोड़ना, कंपनियों से हफ्ता वसूली, मुख्य विपक्षी दल का अकाउंट फ्रीज करना भी असुरी शक्ति के लिए कम था, तो अब चुने हुए मुख्यमंत्रियों की गिरफ्तारी भी आम बात हो गई है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन इसका मुंहतोड़ जवाब देगा। बताया जा रहा है कि ईडी द्वारा गिरफ्तारी के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अरविंद केजरीवाल के परिवार से संपर्क किया। जानकारी के मुताबिक राहुल गांधी ने केजरीवाल के परिवार को अपना पूरा समर्थन देने का आश्वासन दिया दिया है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, राहुल गांधी आगे की कानूनी सहायता की पेशकश करने के लिए केजरीवाल या फिर उनके परिवार से मिलने की कोशिश करेंगे। कांग्रेस ने अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद केंद्र सरकार पर तीखा प्रहार किया और दावा किया कि एक डरा हुआ तानाशाह मरा हुआ लोकतंत्र चाहता है।

### ईडी का काम केवल राजनीतिक तोड़-फोड़ करना ही रह गया: गहलोत

जयपुर। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर कहा कि पहले झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन और अब दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी केन्द्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग की पराकाष्ठा है। गहलोत ने केजरीवाल की गिरफ्तारी पर सोशल मीडिया पर अपनी प्रतिक्रिया में यह बात कही। उन्होंने कहा कि ऐसा देश में पहली बार देखा जा रहा है कि संवैधानिक पदों पर बैठे नेताओं को गिरफ्तार किया जा रहा है। उन्होंने लिखा कि क्या ईडी का काम केवल राजनीतिक तोड़-फोड़ करना ही रह गया है।

## बैंक खाते सील करने के विरोध में युवा कांग्रेस का प्रदर्शन

प्रात: किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। युवा कांग्रेस ने केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पर चुनावी बॉन्ड्स के जरिये उगाही कर अपना खजाना भरने का अरोप लगाया और कहा कि कांग्रेस के बैंक खाते सील कर मुख्य विपक्षी दल को चुनाव के समय आर्थिक रूप से पंगु बनाने का काम किया है। युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी वरुण पांडेय ने बताया कि युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता पांच रायसीना रोड से शास्त्री भवन की तरफ जुलूस बनाकर और नारे लगाते हुए निकले लेकिन पुलिस ने राजेंद्र



प्रसाद रोड पर भारी बैरिकेडिंग कर प्रदर्शनकारियों को रोक दिया। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व कर रहे युवा कांग्रेस के अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी ने कहा कि उच्चतम न्यायालय के इलेक्टोरल बॉन्ड निरस्त करने के बाद से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके नेतृत्व वाली केंद्र सरकार आगबबूला है। श्री मोदी ने पहले विपक्षी नेताओं को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी, आयकर विभाग (आईटी) तथा केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के जरिये धमकाया और कइयों को गिरफ्तार भी करवा दिया तथा कई अन्य राजनीतिक दलों में तोड़फोड़ भी की है। श्री श्रीनिवास ने बताया कि अब मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस और पार्टी के संगठन युवा कांग्रेस के बैंक खातों को चुनावों के ठीक पहले फ्रीज कर दिया गया। उन्होंने सरकार के इस कदम को लोकतंत्र पर हमला बताया और

### शराब घोटाले में केजरीवाल समेत अब तक 16 लोग गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली के शराब घोटाले की हकीकत जांच एजेंसियां जानती हैं और इस घोटाले में फंसे आरोपी। सच क्या है इन्हीं दो लोगों को पता है। पर, इतना जरुर है कि लोकसभा चुनाव से ठीक पहले दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी एक सियासी हथियार बन रही है। विपक्ष के लिए एक बैठे बिठाए मुद्दा मिल गया। बीते 18 महीने में इस मामले में 16 लोग अब तक गिरफ्तार हो चुके हैं। कथित दिल्ली शराब घोटाला केस में अब तक समीर महेंद्रू, पी शरत चंद्र रेड्डी, बिनॉय बाबू, विजय नायर, अभिषेक बोइनपल्ली, अमित अरोड़ा को गिरफ्तार कर चुकी है। ये गिरफ्तारियां 2022 में हुई हैं। इनके अलावा 2023 में ईडी ने गौतम मल्होत्रा, राजेश जोशी, राघव मगुंटा, अमन धाल, अरुण पिल्लई, मनीष सिसोदिया, दिनेश अरोड़ा और संजय सिंह को गिरफ्तार किया है। 2024 में अब तक केजरीवाल की दूसरी गिरफ्तारी है। केजरीवाल की गिरफ्तारी दिल्ली हाई कोर्ट से उत्पाद शुल्क नीति से जुड़े धनशोधन के पहलू की जांच के सिलसिले में किसी भी तरह की सुरक्षा देने से इनकार करने के कुछ घंटों बाद हुई है। इस मामले में यह 16वीं गिरफ्तारी है। एक सप्ताह पहले ही 15 मार्च को ईडी ने तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की बेटी और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के कविता को हैदराबाद गिरफ्तार किया था। उन पर भी मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप हैं।

**संबोधन** | वायु सेना प्रमुख ने सशस्त्र बलों, मित्र देशों के छात्र अधिकारियों को संबोधित किया

## भारतीय वायु सेना को आधुनिक और एयरोस्पेस फोर्स में बदलने पर जोर

प्रात: किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने रूस-यूक्रेन युद्ध और इजराइल-हमास के मौजूदा संघर्ष से एयरोस्पेस की दुनिया को सबक लेने का आह्वान किया। उन्होंने दोनों संघर्षों से मिली वायु शक्ति की सीख पर भी प्रकाश डाला। वायु सेना प्रमुख ने अधिकारियों को अपने संबोधन में भारतीय वायु सेना के सामने आने वाली भविष्य की चुनौतियों, इसकी क्षमता विकास योजना और इसकी संयुक्तता के बारे में बताया।एयर चीफ मार्शल चौधरी ने शुक्रवार को वेलिंगटन के डिफेंस सर्विसेज स्टॉफ कॉलेज (डीएसएससी) का दौरा किया। उन्होंने 79वें स्टाफ कोर्स की तैयारी कर रहे भारतीय सशस्त्र बलों और मित्र देशों के छात्र अधिकारियों और कॉलेज



के स्थायी कर्मचारियों को संबोधित किया। उन्होंने भारतीय वायु सेना को आधुनिक और भविष्य के लिए तैयार एयरोस्पेस फोर्स में बदलने के बारे में जोर दिया। उन्होंने भारतीय वायु सेना के सिद्धांत में बताए गए विजन को दोहराया, जिसमें निर्णायक एयरोस्पेस शक्ति प्रदान करने के लिए चुस्त और नई परिस्थितियों से परिचित होकर उसके अनुरूप अपने को ढालने वाली वायु सेना की परिकल्पना की गई है। वायुसेना प्रमुख के संबोधन में संघर्षरत क्षेत्रों से भारतीय प्रवासियों को सुरक्षित निकालने के काम और आपदा राहत कार्यों के दौरान भारतीय वायु सेना की निभाई गई प्रमुख भूमिका को उजागर किया गया। वायु सेना प्रमुख को चल रही प्रशिक्षण गतिविधियों और डीएसएससी में संयुक्तता के लिए दिए जा रहे प्रोत्साहन के बारे में भी जानकारी दी गई, जिसकी उन्होंने प्रशंसा की। डीएसएससी भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय का एक रक्षा सेवा प्रशिक्षण संस्थान है। यहां भारतीय सेना, भारतीय नौसेना, भारतीय वायु सेना के अधिकारियों, अर्धसैनिक बलों और सिविल सेवाओं के चयनित अधिकारियों और कमांड और स्टाफ नियुक्तियों के लिए मित्र देशों के अधिकारियों को प्रशिक्षित किया जाता है।

### ओडिशा में बीजद से गठबंधन नहीं सभी सीट पर अकेले लड़ेगी भाजपा

नई दिल्ली। ओडिशा में भारतीय जनता पार्टी और राज्य में सत्तारूढ़ बीजू जनता दल के बीच गठबंधन की संभावनाएं शुक्रवार को उस समय लगभग समाप्त हो गईं, जब केंद्र की सत्ताधारी पार्टी ने आगामी लोकसभा और राज्य विधानसभा के चुनावों में सभी सीट पर अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा की। भाजपा की ओडिशा इकाई के अध्यक्ष मनमोहन सामल ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "4.5 करोड़ ओडिशावासियों की आशा, अभिलाषा और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में विकसित भारत तथा विकसित ओडिशा बनाने के लिए भाजपा इस बार लोकसभा की सभी 21 और विधानसभा की सभी 147 सीट पर अकेले चुनाव लड़ेगी।

## सुप्रीम कोर्ट मध्यप्रदेश लोकायुक्त नियुक्ति प्रक्रिया की जांच करेगा, राज्य सरकार को नोटिस

प्रात: किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने मध्यप्रदेश में लोकायुक्त की नियुक्ति में विपक्ष के नेता और उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के साथ परामर्श के तरीके और प्रक्रिया की जांच करने का फैसला करते हुए शुक्रवार को राज्य सरकार को नोटिस जारी कर इस मामले में दो सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ तथा न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने मध्यप्रदेश में विपक्षी दल



कांग्रेस के नेता उमंग सिंघार की एक रिट याचिका पर सुनवाई के दौरान कहा, देशव्यापी प्रभाव को ध्यान में रखते हुए हम मामले की जांच करेंगे। पीठ ने अपने आदेश में मध्य प्रदेश सरकार को निर्देश दिया कि वह लोकायुक्त की नियुक्ति से संबंधित मुख्य दस्तावेजों को उसके समक्ष दो सप्ताह के भीतर पेश करे। याचिकाकर्ता ने (याचिका में) आरोप लगाया है कि इस महीने लोकायुक्त के रूप में न्यायमूर्ति सत्येन्द्र कुमार सिंह की नियुक्ति में कोई उचित परामर्श नहीं किया गया क्योंकि उनके (चयन समिति के) सामने केवल एक ही नाम रखा गया था। श्री सिंघार ने अपनी याचिका में कहा है कि विपक्ष के नेता होने के नाते वह लोकायुक्त की चयन समिति के सदस्यों में से एक हैं। उनसे कोई राय नहीं ली गई।

**संक्षिप्त समाचार**

## जेलों में बंद कैदियों पर हर वक्त रहेगी 'तीसरी आंख' की नजर

**ऋषिकेश, एजेंसी।** पहाड़ी जनपदों की जेलों में बंद कैदियों की हर गतिविधियों पर तीसरी आंख का पहरा रहेगा। इसके लिए इन जनपदों के जिला कारागारों में बड़ी संख्या में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। पिछले वर्ष अक्तूबर माह में कैमरे लगाए जाने का कार्य शुरू किया गया था जो अब पूर्ण हो गया है। राज्य के गृह विभाग के निर्देश पर राज्य भर के कारागारों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। पौड़ी, टिहरी व चमोली के जिला कारागारों में कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवा विभाग की ओर से सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए विद्युत यांत्रिकी खंड लोनिवि ऋषिकेश को कार्यदायी संस्था बनाया गया था। संस्था ने पिछले वर्ष अक्तूबर माह से कार्य शुरू किया था। इन तीनों जेलों में करीब दो करोड़ से अधिक की लागत से उच्च गुणवत्ता के सीसीटीवी कैमरे बैरक, लॉबी, जेल की दीवारों के आसपास व कॉमन एरिया आदि में लगाए जाने थे। कार्यदायी संस्था के अधिकारियों ने बताया के पौड़ी जेल में 42, चमोली जेल में 71 व टिहरी जेल में 102 सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने का कार्य पूर्ण हो गया है। इन कैमरों ने रिकार्डिंग भी शुरू कर दी है। इन कैमरों में 90 दिन की फुटेज रिकॉर्ड रहेगी। कैमरे लगाने के दो वर्ष बाद तक कार्यदायी संस्था देखरेख व मरम्मत का कार्य करेगी। बताया कि उच्च गुणवत्ता वाले एक सीसीटीवी कैमरे की कीमत करीब 40 हजार से अधिक है।

## दून से बंगलूरू जाना हो जाएगा अब और आसान

**ऋषिकेश, एजेंसी।** देहरादून से बंगलूरू जाना अब और आसान हो जाएगा। विमानन कंपनी विस्तारा बृहस्पतिवार को देहरादून-बंगलूरू के बीच अपनी सीधी उड़ान शुरू करने जा रही है। यह फ्लाइट इस हवाई रूट पर सप्ताह में सभी दिन संचालित की जाएगी। विस्तारा की फ्लाइट संख्या यूके 0616 बंगलूरू से यात्रियों को लेकर सुबह 11ः20 बजे उड़ान भरकर दोपहर 2ः20 बजे देहरादून एयरपोर्ट पहुंचेगी। करीब आधे घंटे बाद फ्लाइट देहरादून से यात्रियों को लेकर दोपहर 2ः55 बजे बंगलूरू के लिए उड़ान भरेगी। लगभग तीन घंटे की उड़ान के बाद यह फ्लाइट शाम 5ः50 बजे बंगलूरू एयरपोर्ट पर लैंड होगी। इस फ्लाइट के शुरू होने से देहरादून एयरपोर्ट पर बंगलूरू की दो उड़ानें हो जाएंगी। एक उड़ान इंडिगो पहले से ही संचालित कर रही है। जबकि इसी हवाई रूट पर विस्तारा की दूसरी फ्लाइट आज से शुरू की जा रही है। इस फ्लाइट के शुरू होने से विस्तारा की देहरादून एयरपोर्ट पर दिल्ली, मुंबई और बंगलूरू की कुल तीन उड़ानें हो जाएगी। समर सीजन करीब-करीब शुरू हो चुका है। जिस कारण देहरादून एयरपोर्ट पर फ्लाइटों की संख्या में धीरे-धीरे इजाफा होना शुरू हो चुका है। वर्तमान में एयरपोर्ट पर फ्लाइटों की संख्या 17 तक पहुंच गई है। जबकि एयरपोर्ट पर समर शेड्यूल लागू होते ही यह संख्या दोगुनी तक पहुंच जाएगी। एयरपोर्ट सूत्रों के अनुसार नए शेड्यूल में कुछ नए शहरों के लिए फ्लाइट शुरू की जा सकती है। वहीं कुछ शहरों की बंद पड़ी फ्लाइटों को दोबारा शुरू किया जा सकता है।

## चोरी के आरोपी को जमानत पर रिहा करने के आदेश

**ऋषिकेश, एजेंसी।** प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश नसीम अहमद की अदालत ने चोरी के आरोपी को जमानत पर रिहा करने के आदेश दिए हैं। अभियुक्त की ओर से उसकी पत्नी ने जमनात के लिए अदालत में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया था। बीते वर्ष 17 नवंबर को रानीपोखरी निवासी सुमन प्रकाश ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी। सुमन प्रकाश ने पुलिस को बताया था कि उनके घर से किसी अज्ञात चोर ने 50 हजार नकद व ज्वेलरी चुराई है। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने बीते चार मार्च को नौशाद नाथ निवासी घोसीपुरा हरिद्वार को गिरफ्तार किया था। अभियुक्त के वकील राजकिशोर जोशी ने न्यायालय को बताया कि पुलिस ने अभियुक्त से चोरी का माल भी बरामद नहीं किया है। मात्र 500 रुपये बरामद किए जाने का दावा पुलिस ने किया है। न्यायालय को बताया कि पुलिस ने अभियुक्त को झूठा फंसाया है और झूठी बरामदगी दिखाई है।

# डूबकर भी प्यासा ही रह गया टिहरी



**देहरादून, एजेंसी।** अब तक हुए 18 लोकसभा चुनावों में उतरे प्रत्याशियों ने न जाने कितने लोक लुभावने वादे किए थे, लेकिन दुर्भाग्य से टिहरी के विकास की यह प्यास पूरी तरह से नहीं मिट पाई है। राजपरिवार से जुड़े होने के कारण टिहरी लोकसभा क्षेत्र का अपना इतिहास है, लेकिन यह सीट इसलिए भी ऐतिहासिक है कि आजादी के बाद से अब तक इस सीट के अस्तित्व को 72 साल हो चुके हैं। इन 72 वर्षों में टिहरी ने गोमुख से निकलती गंगा और यमुनोत्री से बहती यमुना को अविरल बहते और बड़े-छोटे बांधों में कैद होते देखा है। इस लोकसभा सीट के लोग विकास के नाम पर एक सभ्यता को जलमग्न करने वाले विश्व के आठवें सबसे बड़े बांध के साक्षी रहे हैं। सदानीरा भागीरथी और भिलंगना की इस टिहरी लोकसभा के कंठ फिर भी सूखे हैं। यह प्यास है उस विकास की, जिनके लिए अब तक हुए 18 लोकसभा चुनावों में उतरे प्रत्याशियों ने न जाने कितने लोक लुभावने वादे किए थे। दुर्भाग्य से विकास की यह प्यास पूरी तरह से नहीं मिट पाई है।

इस सीट का प्रतिनिधित्व करने वाले बेशक विकास की नई इबारत लिखने का दावा करें, लेकिन जनता के नजरिये से देखें तो टिहरी लोस क्षेत्र की तरक्की के लिए बहुत कुछ होना अभी बाकी है। खासतौर पर उन ग्रामीण और पर्वतीय क्षेत्रों में जहां सड़क कनेक्टिविटी 21वीं सदी में भी एक सपना है। टिहरी बांध विस्थापित आज भी पुनर्वास और आवंटित भूमि पर मालिकाना हक के लिए आवाज उठा रहे हैं। टिहरी झील को पर्यटन डेस्टिनेशन के रूप में विकसित होने का इंतजार है। ऑलवेदर रोड से जुड़ने वाले संपर्क मार्गों की स्थिति में सुधार होना है। कृषि और बागवानी के लिए यह क्षेत्र प्रसिद्ध है। फल-सब्जियों लंबे समय तक सुरक्षित रखने के लिए किसानों को कोल्ड स्टोर की दरकार है। देहरादून से लेकर पर्यटन स्थल मसूरी व धनोल्टी तक पार्किंग एक गंभीर समस्या बनी हुई है।

टिहरी बांध की झील 40 किमी से अधिक क्षेत्रफल में फैली है। झील में जलक्रीड़ा गतिविधियों तो शुरू हुई, लेकिन 1200 करोड़ की लागत टिहरी झील को पर्यटन डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने का इंतजार है। टिहरी के साथ ही उत्तरकाशी जिले में कई ऐसे स्थान हैं, जो पर्यटन विकास के लिहाज से अनछुए हैं। प्रसिद्ध यमुनोत्री धाम जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए खरसाली से यमुनोत्री के बीच कई साल बीत जाने के बाद भी रोपवे नहीं बन पाया। साहसिक पर्यटन के लिए खतलिंग ट्रैक आज तक विकसित नहीं हुआ। बदरी-केदार की तरह गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में श्रद्धालुओं के लिए सुविधाओं के विकास का इंतजार हो रहा है। लेकिन सदानीरा ये नदियां लाखों टिहरी वासियों की प्यास नहीं बुझा पातीं। सैकड़ों गांव ऐसे हैं, जहां गर्मी हो या सर्दी, पेयजल का संकट बना रहता है। हिंडोलाखाल, बड़ियारगढ़, कीर्तिनगर, धनोल्टी, चौरास क्षेत्र के समेत कई दूरस्थ गांवों में आज भी पेयजल संकट का समाधान नहीं हो पाया है।

## परमार्थ निकेतन पहुंचा योगार्थियों का दल

**ऋषिकेश, एजेंसी।** रेडियंट बॉडी योगा की संस्थापक किआ मिलर और रिकवरी 2.0 के संस्थापक टॉमी रोजन के नेतृत्व में योगार्थियों का एक दल बुधवार को स्वर्गाश्रम स्थित परमार्थ निकेतन आश्रम पहुंचा। जहां उन्होंने योग, ध्यान, भारतीय संस्कृति, दर्शन व जीवन मूल्यों के विषय में अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया।

किआ मिलर ने कहा कि योग हमें स्वास्थ्य प्रदान करता है। लेकिन स्वस्थ रहने का मुख्य स्रोत प्रकृति है। हमें भारतीय संस्कृति की रीढ़, नींव या मूल को समझने के लिए प्रकृति के साथ समरसता पूर्वक जीने का अभ्यास करना होगा। इसके लिए हमारी दैनंदिन गतिविधियों में प्रकृति के अनुकूल परिवर्तन करना आवश्यक है।

टॉमी रोजन ने कहा कि नशा शरीर को प्रदूषित करता है। उसी प्रकार हमारे व्यवहार का नशा प्रकृति को प्रदूषित कर रहा है। शरीर व प्रकृति दोनों को प्रदूषण मुक्त करने के लिए एक दृढ़ इच्छाशक्ति की जरूरत होती है। यह योग व ध्यान के माध्यम से ही सम्भव है।


स्वामी चिदानंद सरस्वती ने कहा कि भारत में नदियों, वृक्षों, सूर्य, धरती व प्राकृतिक संसाधनों की पूजा की जाती है। भौतिक और आध्यात्मिक तत्वों को साथ लेकर चलना भारतीय संस्कृति की प्रमुख विशेषता है। साध्वी भगवती सरस्वती ने कहा कि प्रकृति व पर्यावरण हमें प्राणवायु प्रदान करते हैं। इसलिए स्वयं स्वस्थ रहने के लिए प्राणवायु के स्रोत को स्वस्थ रखना आवश्यक है। इस दौरान विश्व के अनेक देशों से आए योगार्थियों ने परमार्थ गंगा आरती में भी प्रतिभाग किया।

## आधुनिक डायग्नोसिस सेंटर में होगी पशुओं की जांच

**ऋषिकेश, एजेंसी।** पशुलोक में पशुओं की जांच के लिए अत्याधुनिक डायग्नोसिस सेंटर बनाया जा रहा है। करीब 5.75 करोड़ की लागत से इसका निर्माण होगा। डायग्नोसिस सेंटर के निर्माण के बाद पशुओं की अत्याधुनिक मशीनों से जांच भी होगी।

पशुलोक स्थित भेड़ एवं ऊन प्रसार संस्थान में राज्य गठन से पहले की प्रयोगशाला हैं। इन प्रयोगशालाओं में जो जांच की मशीनें हैं वह काफी पुराने वर्जन की हैं। ऐसे में पशुपालन निदेशालय की ओर से अत्याधुनिक डायग्नोसिस सेंटर बनाया जा रहा है। सेंटर का भवन बनने के बाद उसमें अत्याधुनिक मशीनें लगाई जाएंगी। इस सेंटर के निर्माण होने के बाद यहां पर पशुओं की जांचें हो सकेंगी।

## आजादी के बाद अल्मोड़ा संसदीय सीट पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को रास नहीं आई राजनीति



**अल्मोड़ा, एजेंसी।** आजादी के बाद स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को अल्मोड़ा संसदीय सीट से चुनाव लड़ना रास नहीं आया। लगातार पहली और दूसरी लोकसभा में कांग्रेस के टिकट पर लोकसभा पहुंचे सेनानी अपना कार्यकाल तक पूरा नहीं कर पाए। पांच वर्ष में दो बार इस सीट पर उपचुनाव हुए। वर्ष 1957 के बाद स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने फिर कभी चुनाव नहीं लड़ा।

वर्ष 1952 में पहले आम चुनाव हुए। तब अल्मोड़ा जिला नॉर्थ-ईस्ट संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस के टिकट पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी देवीदत्त पंत ने चुनाव लड़ा। उनके खिलाफ सोशलिस्ट पार्टी की पूर्णानंद व निर्दलीय गुरुदास ने चुनाव लड़ा। चुनाव में 54.60 प्रतिशत मत लाकर कांग्रेस के देवीदत्त पंत चुनाव जीतने में सफल रहे।

दो वर्ष बाद वर्ष 1954 में दिल्ली में उनकी एक कर दुर्घटना में मौत हो गई। देवीदत्त पंत की मौत के बाद वर्ष 1955 में इस सीट पर उपचुनाव हुए। जिसमें कांग्रेस के टिकट पर कुमाऊं केसरी बद्रीदत्त पांडे ने चुनाव लड़ा और वह भी चुनाव जीतने में सफल रहे।

1957 में दूसरे आम चुनाव हुए। उस समय बद्रीनाथ पांडे की तबीयत खराब हो गई। उन्होंने चुनाव लड़ने में असमर्थता दिखाई। जिसके बाद कांग्रेस के टिकट पर हरगोविंद पंत ने चुनाव लड़ा। 55.07 प्रतिशत मतों के साथ वह चुनाव जीतने में सफल रहे। उन्होंने प्रजा सोशलिस्ट पार्टी के पूर्णानंद को पराजित किया।

जीतने के कुछ ही माह बाद ही उनकी श्री असमय मौत हो गई। इसके बाद वर्ष 1957 में हुए उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी ने अल्मोड़ा जिले के रसूखदार जंग बहादुर सिंह बिष्ट को टिकट दिया और उन्होंने बाद में जीत की हैट्रिक लगाई और कार्यकाल पूरा किया।

देवीदत्त पंत ने सबसे पहले गोरों के खिलाफ चल रहे सविनय अवज्ञा आंदोलन में गिरफ्तारी दी। उसके बाद लगातार आजादी के लिए संघर्ष किया और जेल गए। भारत छोड़ो आंदोलन में भी जेल गए। सामाजिक आंदोलनों के जरिए उन्होंने रुढ़िवादी परंपराओं पर चोट की। तब उन्हें हुडक्या वकील के नाम से भी एक वर्ग पुकारता था।

वर्ष 1915 में उत्तराखंड का पहला राजनीतिक संगठन कुमाऊं परिषद की स्थापना करने वाले हरगोविंद पंत ने क्षेत्र में कुलीन ब्राह्मणों के हल न चलाने की प्रथा को स्वयं हल चलाकर तोड़ा था। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान वे वर्ष 1930, 1932 और 1940 में कई बार जेल गए।

## हरिद्वार सीट पर कदम तो बढ़े, लेकिन पूरे नहीं हुए घोषणापत्र के अधिकांश वादे

**हरिद्वार, एजेंसी।** गंगा की अविरलता, निर्मलता और स्वच्छता का वादा और दावा पूरा नहीं हो सका। इसके लिए पिछले पांच वर्षों में काम तो कई हुए पर गंगा की अविरलता, निर्मलता और स्वच्छता के सवाल हल होने बाकी है।

हरिद्वार में हाईवे के निर्माण का वादा भी अधूरा ही रहा। पुल का निर्माण नहीं होने से यात्रियों को नदी के रपटे में जान जोखिम में डालकर गुजरना पड़ता है। स्थानीय युवाओं को उद्योगों में 70 प्रतिशत रोजगार के वादे पर भी आधा-अधूरा ही काम हो पाया।

हरिद्वार से सांसद डा. रमेश पोखरियाल निशंक ने 2019 में गंगा की निर्मलता, हाई निर्माण, रोजगार, उप्र के साथ भूमि विवाद का हल, गन्ना मूल्य का भुगतान व खादर में बाढ़ नियंत्रण के काम आदि वादे अपने घोषणा पत्र में शामिल किए थे। इन सभी क्षेत्रों में कुछ न कुछ काम तो हुआ है, लेकिन जिस तरह जनता को आस थी, उस तरह वादों को पूरा नहीं किया जा सका। हरकी पैड़ी के सुंदरीकरण समेत गंगा की निर्मलता व अविरलता के केंद्रीय योजनाओं के माध्यम से काम हुए, लेकिन अभी गंगा में प्रदूषण को पूरी तरह समाप्त नहीं किया जा सका है। शहर की गंदगी से गंगा लगातार प्रदूषित हो रही है। इसी तरह हरिद्वार में हाइवे निर्माण का मामला भी अधर में है। हरिद्वार से हरिद्वार-दिल्ली और हरिद्वार-नैनीताल वाया बिजनौर-मुरादाबाद हाइवे होकर गुजरते हैं। हरिद्वार-नैनीताल हाइवे पर उत्तर प्रदेश की सीमा पर कोटावाली पुल



को क्षतिग्रस्त हुए पांच वर्ष से अधिक का समय बीत चुका है पर नए पुल का निर्माण अब तक पूरा नहीं हो सका। नतीजतन, यात्रियों को जान जोखिम में डाल नदी में रपटे पर से होकर गुजरना पड़ता है। यह हाइवे अब भी निर्माणाधीन है और इसे पूरा होने में अभी एक वर्ष से अधिक का समय लगने की संभावना है। हरिद्वार-दिल्ली हाइवे पर अधूरे पड़े फ्लाईओवर का निर्माण इस वर्ष फरवरी माह में पूरा हो सका। रोजगार को लेकर भी घोषणा पत्र के मुताबिक न तो व्यवस्था बन सकी और न ही स्थानीय युवाओं को दावे के अनुसार रोजगार ही मिल सका। हरिद्वार औद्योगिक क्षेत्र में स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता के तौर पर 70 प्रतिशत रोजगार का वादा अब आधा-अधूरा ही रहा। हर बार यह वादा किया जाता है, लेकिन इस पर संकल्पबद्ध होकर कार्य नहीं हो पाता है। ईएसआइ अस्पताल के निर्माण का वादा भी अधूरा ही रहा। उत्तर प्रदेश के साथ कृषि भूमि विवाद पर अभी विराम नहीं लग सका है। हाइकोर्ट के आदेश पर लक्सर क्षेत्र में उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश की सीमा से लगी कई बीघा सरकारी भूमि के स्वामित्व को लेकर दोनों प्रदेशों के किसानों में कई बार संघर्ष हो चुका है। इलाहाबाद हाइकोर्ट के आदेश पर विवादित भूमि की पैमाइश तो हुई पर समस्या का समाधान अब तक नहीं हुआ। गन्ना मूल्य भुगतान का भी कोई स्थाई समाधान अब तक नहीं निकला है। हालांकि सरकार की कड़ाई के बाद चीनी मिल मालिक भुगतान को लेकर पहले की अपेक्षा ज्यादा सजग हुए हैं पर बकाया भुगतान अब भी लंबित है। हरिद्वार में हर 12 वर्ष में कुंभ, छह वर्ष में अर्द्धकुंभ के साथ-साथ हर वर्ष कांवड़ मेला व एक दर्जन से अधिक पर्व स्नान पर्व होते हैं। पर्व स्नान में ही लाखों श्रद्धालु पहुंचते हैं। इसके सापेक्ष सुविधाओं की कमी बनी हुई है। यह स्थिति तब है जबकि हर बार कुंभ-अर्द्धकुंभ व कांवड़ यात्रा से पहले यात्री सुविधाओं के लिए बड़ा बजट खर्च किया जाता है। अधिकतर कार्य अस्थायी प्रकृति के होने के कारण यात्री सुविधाओं का विस्तार नहीं हो पाया है।

## बैंड की धुन पर थिरके साधक

**ऋषिकेश, एजेंसी।**

अंतरराष्ट्रीय योग महोत्सव के छठे दिन की शाम उत्तराखंड के प्रसिद्ध पांडवाज बैंड के नाम रही। जिसकी प्रस्तुति में उत्तराखंड की संस्कृति की झलक देखने को मिली। वहीं योग महोत्सव में देश-विदेश से पहुंचे योग साधक कार्यक्रम की प्रस्तुति का इंतजार करते रहे।

बुधवार को योग महोत्सव की शुरुआत प्रातः कालीन योग सत्र से की गई। सुबह रोजाना की तरह योग के विभिन्न आसन सभी साधकों को सिखाए गए। इसके बाद ध्यान सत्र शुरू किया गया। जिसमें योग गुरु कपिल सांगी ने ध्यान के विभिन्न स्वरूप साधकों को सिखाए।

वहीं महोत्सव में हास्य योगा भी सुर्खियां बटोर रहा है। इसलिए बुधवार को भी हास्य योग का सत्र साधकों के लिए महत्वपूर्ण रहा। इसके अलावा महोत्सव में नाद योग हीलिंग का विशेष सत्र आयोजित किया गया। जिसमें योग गुरु डॉ. नवदीप जोशी ने व्याख्यान दिए। बताया कि मन को स्थिर रखने के लिए ओम का आविष्कार हुआ है और ओम ही वह शक्ति है जो मन को एकाग्रचित करने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

दोपहर विश्राम के बाद रोजाना की तरह भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। इसके बाद संध्याकालीन गंगा आरती ने महोत्सव प्रांगण के वातावरण को भक्तिमय बना दिया। सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम में पांडवाज बैंड की प्रस्तुति शुरू होते ही योग साधक थिरकने लगे। स्थानीय लोग भी बैंड की प्रस्तुति को देखने के लिए पहुंचने लगे।

पांडवाज बैंड ने पिछले कुछ वर्षों में अपनी प्रस्तुतियों के कारण ही विशिष्ट पहचान बनाई है। उत्तराखंड के इतिहास, परंपरा और संस्कृति को अपने गीत-संगीत के जरिए प्रस्तुत करने के कारण ही इस बैंड की प्रस्तुति सराही जाती है। ऋषिकेश योग महोत्सव में भी आकर्षण का प्रमुख केंद्र पांडवाज बैंड की प्रस्तुति रही।

## सीएम पुष्कर सिंह धामी ने ठेले पर खाए गोलगप्पे

**ऊधम सिंह नगर, एजेंसी।**

सीएम धामी ने शाम को लोहियाहेड पहुंचने पर मिनी स्टेडियम में फुटबॉल खेल रहे स्थानीय युवकों के मध्य पहुंचकर उनके साथ अनुभव साझा किए। इसके साथ ही सीएम चारूबेटा स्थित शिव साईं मंदिर पहुंचे, जहां पूजा अर्चना के बाद पीलीभीत के पास हनुमान मंदिर में पूजा की।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शाम को लोहियाहेड पहुंचने पर मिनी स्टेडियम में फुटबॉल खेल रहे स्थानीय युवकों के मध्य पहुंचकर उनके साथ अनुभव साझा किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेलेगा युवा - जीतेगा भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए हमारी सरकार ने युवा खिलाड़ियों के लिए खेल में भविष्य बनाने के लिए अनेकों योजनाएं शुरू की हैं। हमारे युवा खेल के माध्यम से एक विकसित भारत व श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को साकार करें। इसके लिए आवश्यक है कि उनके पोषाहार से लेकर एक सफल खिलाड़ी बनने तक हर वह सुविधा मुहैया कराई जाए जो उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें।

सीएम धामी ने खिलाड़ियों के साथ अपने बचपन की स्मृतियां व अपने पिता शेर सिंह धामी के सिखाए गए कड़े अनुशासन व लक्ष्य के प्रति एकाग्रता प्राप्त करने के तरीकों आदि से जुड़े अनुभवों को साझा किया। इस दौरान मुख्यमंत्री को अपने मध्य पाकर फुटबॉल खेल रहे युवा खिलाड़ियों में उत्साह देखने को मिला। विदित हो कि लोहिया हेड मिनी स्टेडियम में मुख्यमंत्री के स्वर्गीय पिता की स्मृति में प्रत्येक वर्ष फुटबॉल टूर्नामेंट भी आयोजित किया जाता है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बृहस्पतिवार देर शाम चंपावत से वापस खटीमा लौटे। खटीमा पहुंचने पर सबसे पहले मुख्यमंत्री चारूबेटा स्थित शिव साईं मंदिर पहुंचे जहां पूजा अर्चना के बाद पीलीभीत रोड स्थित



हनुमान मंदिर में पूजा की। उन्होंने प्रदेशवासियों की खुशहाली की कामना की। इसके बाद मुख्यमंत्री धामी ने खटीमा चौराहे के पास रूककर रोहित चाट भंडार समेत दो ठेलों पर गोलगप्पे (पानी पूरी) खाए। इसके अलावा एक मिठाई की दुकान में जाकर मिठाई का स्वाद लिया। वहां पर कमल शर्मा, आशिता शर्मा, रित शर्मा, रमेश चंद्र जोशी, हिमांशु बिष्ट, मनोज बाधवा, सतीश गोयल आदि थे। इसके बाद मुख्यमंत्री धामी लोहियाहेड मार्ग, सुखापुल गांव होते हुए अपने कालापुल गांव पहुंचे। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार को दोपहर में मुख्यमंत्री अल्मोड़ा के लिए रवाना होंगे।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
नई दिल्ली, शनिवार, 23 मार्च, 2024




**संक्षिप्त खबरें**

### 14 लीटर देसी महुआ शराब के साथ एक गिरफ्तार, भेजा गया जेल

आलमनगर मधेपुरा आलमनगर थाना पुलिस द्वारा 14 लीटर देसी महुआ शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया इस बाबत आलमनगर थाना अध्यक्ष अखिलेश कुमार ने बताया कि अंचलाधिकारी आलमनगर दिव्या कुमारी पुलिस बल के साथ मद्य निषेध के विरुद्ध छापामारी हेतु थाना चौक से आगे बाबा धर्म कांटा के पास पहुंचकर चेकिंग प्रारंभ किया इसी क्रम में एक मोटरसाइकिल पर एक व्यक्ति आलमनगर बाजार की ओर जा रहा था जिसे पुलिस पदाधिकारी द्वारा रोकने के लिए कहा गया परंतु उक्त व्यक्ति मोटरसाइकिल घुमाकर भागने लगा पुलिस वालों के सहयोग से मोटरसाइकिल को पकड़ा गया पकड़े गए व्यक्ति सुशील कुमार पिता शंभू सिंह आलमनगर नगर पंचायत के गनियारी निवासी को एक प्लास्टिक के बोरे में लगभग 14 लीटर देसी शराब बरामद किया गया एवं मोटरसाइकिल को जब्त कर लिया गया पकड़े गए व्यक्ति को मद्य निषेध अधिनियम के तहत न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# बेहतर कार्य के लिए सम्मानित किए गए नगर थाना अध्यक्ष राजेश शरण

प्रात : किरण, संवाददाता



हाजीपुर हाजीपुर नगर थाना परिसर में आज होली ,रमजान, लोकसभा चुनाव को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। पुलिस निरीक्षक सह नगर थाना अध्यक्ष राजेश शरण की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी शुशील कुमार,व्यावसायिक संघ के अध्यक्ष अनिल चंद्र कुशवाहा, डॉक्टर प्रोफेसर अजीत सिंह ,डॉक्टर प्रोफेसर सत्येंद्र सिंह ,डॉक्टर रंजन,नागेंद्र राय, मो.नसीम अहमद,अजय सिंह,संजय कुमार सिंह,रवि कुमार, अभय कुमार,विशाल कुमार,उमेश कुमार राय,विपिन कुमार सिंह,अधिवक्ता अविनाश कुमार,अधिवक्ता विजय कुमार सिंह,डॉ अशोक कुमार सहित बड़ी संख्या में शहर के गण मन लोग शामिल हुए ,उपस्थित लोगों ने हाजीपुर शहर में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए अपने-अपने विचार रखें ,मुख्य रूप से हाजीपुर शहर में बढ़ रहे नाबालिक में नशा कारोबार , कोचिंग मंडी क्षेत्र में लफंगों की उपस्थित ,डीजे पर प्रतिबंध, कॉलेज में छात्रों से संवाद,पेट्रोलिंग व्यवस्था इत्यादि बिंदु पर आकृष्ट कराया गया। सभी ने हाजीपुर नगर क्षेत्र का इतिहास बदलते हुए कहा यहां होली या अन्य किसी पर्व त्यौहार में दंगे फसाद नहीं होते हैं सभी लोग मिलकर एक दूसरे के पर्व में सहयोग करते हैं और उत्साह के साथ पर्व मनाया जाता है।

नगर थाना अध्यक्ष राजेश शरण ने सभी को आश्वस्त किया कि पुलिस से किसी भी सामान्य व्यक्ति को डरने की आवश्यकता नहीं है ।पुलिस आम लोगों के साथ मिलकर काम करेगी और शहर को अपराध मुक्त बनाया जाएगा। उन्होंने कड़े शब्दों में कहा कि अपराधी तत्व को किसी भी हालत में छोड़ा नहीं जाएगा और उनकी ऐसी हालत की जाएगी जिसकी कल्पना भी वह नहीं कर सकते ।अतः अपराधी गतिविधि में लिप्त आसामाजिक तत्व पूरी तरह सचेत हो जाए या शहर छोड़ दें ।थाना अध्यक्ष ने कहा कि शहर में डीजे बजाने पर पूर्णत प्रतिबंध है ।डीजे बजाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा ।शराब पीने वालों और इसका कारोबार करने वालो के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है और हर दिन शराबी और कारोबारी पकड़े जा रहे हैं ।उन्होंने कहा कि आम लोगों को थाना आने में कोई परेशानी नहीं होगी। लोग अपनी समस्याओं को सीधे थाने में आकर या उनसे साझा कर सकते हैं। उन्होंने लोगों को विश्वास दिलाया कि उनके द्वारा दी गई सूचनाओं पर त्वरित कार्रवाई होगी और मरते दम तक सूचना देने वाले का नाम उजागर नहीं किया जाएगा।

इस मौके पर पातालेश्वर नाथ मंदिर कमेटी की तरफ से शिवरात्रि के अवसर पर बेहतर कार्य करने के लिए सर्वसम्मति से मंदिर की तरफ से कमेटी के सचिव अनिल चंद कुशवाहा ,सोनू कुमार द्वारा नगर थाना अध्यक्ष को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

## बच्चों ने बिहार स्थापना दिवस पर निकाली प्रभात फेरी




प्रात : किरण, संवाददाता

राजापाकर । बिहार स्थापना के 112 वी दिवस के अवसर पर शुक्रवार को प्रखंड के कई सरकारी विद्यालयों में बच्चों द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। सभी प्रधानाध्यापक के नेतृत्व में बच्चों ने हिस्सा लिया। क्षेत्र से मिली जानकारी के अनुसार प्रखंड मुख्यालय के मध्य विद्यालय राजापाकर और उच्च विद्यालय राजापाकर के शिक्षकों के सहयोग से अपने-अपने पोषक क्षेत्र में प्रभात फेरी निकाली गई। इसमें : जन जागरूकता हम फैलाए, आओ बिहार दिवस मनाए। जन जन का नारा है, अपना बिहार हमारा है। मेधा मेहनत और संस्कार देश में अव्वल राज्य बिहार आदि नारे लगाए।वहीं दूसरी ओर विभिन्न विद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित कर बिहार गौरव गान के साथ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम हुआ। उच्च विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक विजय कुमार के नेतृत्व में प्रभात फेरी निकल गई जिसमें विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

## अकीदत मंदो ने रमजान के दूसरे जुमा के नमाज अदा कर भाईचारे ओर तरक्की की दुआ मांगी



प्रात : किरण, संवाददाता

कुमारखंड मधेपुरा अकीदतमंदों ने पाक महीना रमजानुल मुबारक के दूसरे जुमआ की नमाज प्रखंड के सभी जामा मस्जिदों में अदा कर लोगों की खुशी के लिए दुआ मांगी। प्रखंड के टिकुलिया, बिशनपुर बाजार , रामनगर बाजार, पुरैनी , सिकरहटी , रहटा, रौता , चैनपुर, भतनी, घौडदौल, रहमतगंज समेत अन्य मस्जिदों में रोजेदारों ओर नमाजियों ने अकीदत के साथ जुमे की नमाज अदा किया। मुस्लिम भाइयों ने मुल्क में आपसी भाईचारे और अमन चैन और देश की तरक्की की दुआ मांगी । मुस्लिम समुदाय के महिलाओं ने घरों में अकीदत के साथ नमाज अदा किया। सुबह से ही मस्जिदों की साफ सफाई की गई। बच्चों में गजब का उत्साह देखने को मिला। नये नये कपड़े पहनकर सर पे टोपी और जुबान पर अल्लाह का नाम से वातावरण गुंजता रहा । अल्लाह से गुनाहों से बचने के लिए दुआ मांगी। अहले सुबह मुस्लिम रीति रिवाज के साथ रोजेदारों ने सेहरी कर रोजा रखा फिर जुमां की नमाज के लिए दोपहर के वक्त साढ़े 12 बजे आजान की आवाज सुनते ही जुमां की नमाज की तैयारी शुरू कर दिए। सभी मस्जिदों में वलमा ए कराम ने नमाज अदा करने से पहले माहे रमजान की महीने के बारे में और इबादत के बारे अकीदतमंदो को जानकारी देते हुए मस्जिदों में जुमां की नमाज अदा करवाया। इस दौरान जामा मस्जिद टिकुलिया के शाही इमाम खुर्शीद आलम ने कहा कि सिर्फ पूरे दिन भूख रहकर गुजार देने से रोजा नहीं होता है । रोजा में पूरे एहतराम के साथ अदा करना ही रोजा है। रमजान माह की अहमियत व फजीलत पर रौशनी डालते हुए उन्होंने कहा कि रोजा रखने के साथ पांच वक्त की नमाज अदा करना, हर बुराई से परहेज रहना, रमजान की पूरे माह इबादत में मशगूल रहना, रोजेदार तरावीह की नमाज अदा करना ये सभी फजीलत बयान किये। ईमानवाले के लिए रमजान माह का 30 रोजा रखना फर्ज है। ईमानवाले के लिए अल्लाह ने तीन चीजो से नवाजा है । ईमान वाले पर पहला रहमत नाजिल होता है, दूसरा गुनाहों से छुटकारा होता है और तीसरा जहन्नम की आग से छुटकारा मिलता है। इस पवित्र माह में अल्लाह ईमान वालों के लिए जन्नत के दरवाजे खोल देते हैं । उन्होंने कहा इस माह में सभी अकीदतमंद जमकर इबादत करें और कुरआन की तिलावत करें ।हर बिमारी से निजात पाने के लिए अल्लाह से दुआ मांगे।

## 11 हजार विधुत तार टूटकर गिरने से दो भैंस की घटना स्थल पर मौत

प्रात : किरण, संवाददाता



कुमारखंड मधेपुरा भतनी थाना क्षेत्र के बिशनपुर सुंदर पंचायत स्थित सत्यबेड़ कुपड़ी गांव में शुक्रवार को सड़क किनारे विधुत के खंभे में लगे 11 हजार विधुत पवार की तार टूटकर बथान पर बंधे हुए दो भैंस पर विधुत तार की गिर गए। तार की चपेट में आने से दोनों भैंस की घटना स्थल पर मौत हो गई। बताया गया कि सत्यबेड़ कुपड़ी गांव निवासी पशुपाल अरविंद यादव अपने दरवाजे पर बने बथान पर दो गर्ववती भैंस को चारा खिलाने के लिए बांध दिए थे। बथान के ऊपर से गुजर रहे 11 हजार विधुत पवार की तार अचानक टूटू कर भैंस पर गिराया । विद्युत तार की चपेट में आने से दोनों भैंस की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। पशुपाल अरविंद यादव के घर में मातम पसरा हुआ है। घटना की जानकारी मनोज यादव ने अंचला अधिकारी कुमारखंड को देकर पीड़ित पशुपाल को मुआवजा देने की मांग किया है । अंचला अधिकारी आकांक्षा ने बताया कि जानकारी मिली है आवेदन मिलते ही पशु चिकित्सा पदाधिकारी को जांच के लिए भेजा जाएगा। जांच रिपोर्ट मिलते ही आगे कार्यवाई की जाएगी।

## बीएसएस चन्द्रकान्ता कॉलेज में विज्ञान संकायों में डिग्री प्रारंभ करने की लगी मोहर

प्रात : किरण, संवाददाता

उदाकिशुनगंज (मधेपुरा) बी एस एस चन्द्रकान्ता महाविद्यालय को बी एन मंडल विश्वविद्यालय के सिंडिकेट, सीनेट के द्वारा कला, विज्ञान संकायों में डिग्री प्रारंभ करने की मोहर लगी। महामहिम कुलाधिपति (राज्यपाल, बिहार) की अध्यक्षता में पिछले दिन सम्पन्न सीनेट की बैठक में इस आशय का अनुमोदन सर्वसम्मत निर्णय के साथ हुआ। विदित हो कि बी एस एस चन्द्रकान्ता महाविद्यालय को पूर्व में कला, विज्ञान, वाणिज्य संकायों में सत्र 1993 से पांच सत्रों के लिए बिहार सरकार द्वारा मान्यता मिली थी, जिसे विधिवत सम्पन्न किया गया। इलाके के छात्र छात्र-छात्राओं को पूर्ण सुविधा उपलब्ध कराई गई, परन्तु आगे की प्रगति अपरिहार्य कारणों से शिथिल रहा, लेकिन वर्तमान में इलाके की आवश्यक आवश्यकता के अनुरूप संस्थापक ने पुनः जनमानस के बल पर हिम्मत जुटाई और सकारात्मक परिणाम हासिल की , जिसमें माननीय विधानपरिषद सदस्य प्रो० (डॉ०) संजीव कुमार सिंह की भूमिका अहम बताई जा रही है। संस्थापक प्रो॰ अमोल राय के द्वारा महामहिम कुलाधिपति एवं विद्वान कुलपति प्रो० (डॉ०)बिम्वलेन्दु शेखर झा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सांसद दिनेश चंद्र यादव, विधान सभा के उपाध्यक्ष नरेन्द्र नारायण यादव विधान परिषद सदस्य, डा॰ संजीव कुमार सिंह, विधान परिषद सदस्य डॉ अजय कुमार सिंह , डॉ एन के यादव, प्रो० रामनरेश सिंह, डॉ॰ जवाहर पासवान, प्रो. केप्टन गौतम के साथ साथ सभी अधिषद सदस्यों एवं डीन डॉ. नवीन कुमार, कुलसचिव ह्लमिहिरह्व, डॉ. (प्रो.) गोपाल सिंह, प्रो. भुपेंद्र कुमार सिंह, पूर्व मंत्री डॉ. रेणु कुशवाहा, पूर्व विधायक किशोर कुमार मुन्ना तथा सभी संबंधित पदाधिकारियों, अधिकारियों को कोटि-कोटि धन्यवाद ज्ञापित किया गया। वहीं इलाके के जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों ने भी विश्वविद्यालय के निर्देश की सराहना की।

## विधायक द्वारा विधानसभा स्तरीय होली मिलन समारोह आयोजित

प्रात : किरण, संवाददाता



हाजीपुर। हाजीपुर के विधायक अवधेश कुमार सिंह के नेतृत्व में आज भाजपा कार्यालय में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया ।बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई ।विधायक अवधेश सिंह ने इस मौके पर कहा कि होली मिलन का त्यौहार है। सभी शिकवे शिकायत भूल कर हम लोग होली में मिलते हैं। उन्होंने कहा कि यह आयोजन कोई राजनीतिक आयोजन नहीं है ।होली मिलन समारोह में सभी जाति वर्ग के लोगों ने अपनी उत्साह पूर्वक उपस्थिति दर्ज कराई। इस मौके पर लोजपा रामविलास नेता अवधेश सिंह, भाजपा जिला प्रेम सिंह कुशवाहा,कमल सिंह , नंदकिशोर सिंह ,संजीव चौरसिया ,डॉक्टर ज्योति ,राजकुमार पासवान ,श्रीकांत पासवान, पूर्व विधायक सतीश कुमार नगर परिषद सभापति संगीता कुमारी, पूर्व सदस्य हेमलता वर्मा सहित एनडीए के बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## मंदिर में चोरों का आतंक दानपेटी ले उड़े चोर, घटना सीसीटीवी मे कैद



प्रात : किरण, संवाददाता

मधेपुरा सदर थाना क्षेत्र के भीरखी मोहल्ले के बजरंगबली मंदिर में देर रात चोरों ने मंदिर का ग्रिल का ताला तोड़कर दान पेटी की चोरी। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में हुई कैद। बता दें कि मधेपुरा नगर भीरखी मोहल्ले के बजरंगबली मंदिर में देर रात चोरों ने बजरंगबली मंदिर में गेट के ग्रिल में लगे ताला को तोड़कर मंदिर के दान पेटी को क्षतिग्रस्त करते हुए दान पेटी में रखें श्रद्धालुओं को दिए गए दान में रुपया की चोरी हुई ,पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में हुई कैद घटना की जानकारी मिलते ही सदर थाना के थाना अध्यक्ष एवम पुलिस इंस्पेक्टर कमांडो सिंपू सिंह एस आई निसार अहमद पुलिस बल के साथ भीरखी बजरंगबली मंदिर पहुंचकर चोरी की घटना का जांच की स्थानीय लोगों ने पुलिस इंस्पेक्टर विमलेंदु कुमार को चोरी की घटना की विस्तृत जानकारी दी ।लोगों ने बताया कि इन दोनों चोरों के द्वारा मंदिर को निशाना बनाया जा रहा है जहां दान पेटी एवं अन्य सामान चोरों के द्वारा चोरी की जा रही है। अभिलंब ऐसे चोरों को पहचान कर सख्त कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में मंदिर एवं शहर में किसी भी प्रकार की घटना पर अंकुश लगे ।

## गणतंत्र की जननी वैशाली में मनाया गया बिहार दिवस

प्रात : किरण, संवाददाता

हाजीपुर । वैशाली समाहरणालय सभा कक्ष में आज जिला पदाधिकारी यशपाल मीना और पुलिस अधीक्षक हरकिशोर राय ने दीप प्रज्वलित कर बिहार दिवस समारोह की शुभारंभ की। इसके बाद बिहार स्थापना दिवस के 112 वी वर्षगाठ पर केक काटने के उपरांत उन्होंने जिले के सभी पदाधिकारियों , कर्मियों और उपस्थित सभी लोगों को इसकी शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने कहा कि बिहार के साथ साथ वैशाली का एक समृद्ध गौरवशाली इतिहास रहा है। वैशाली के पावन धरती से ही गणतंत्र का किसलय फूटा था। इस अवसर पर स्कूली बच्चों द्वारा सुबह में प्रभात फेरी निकाला गया। उनके बीच पेंटिंग, निबंध आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बच्चों ने इसमें बढ़-चढ़कर पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया। बिहार दिवस समारोह के उद्घाटन सत्र में एडीएम विनोद कुमार सिंह, डीडीसी शम्स जावेद अंसारी, एडीएम (आपदा )अरुण कुमार सिंह, डीपीजीआरओ राखी केसरी , एसडीएम रामबाबू बैठा, जिला जन संपर्क पदाधिकारी नीरज सहित जिले के सभी पदाधिकारी, कर्मी एवं स्कूली बच्चे मौजूद थे।

## सुढ़ी समाज का होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन

प्रात : किरण, संवाददाता




हाजीपुर। हाजीपुर के एक निजी सभागार में वैशाली सुढ़ी समाज के होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। पारिवारिक होली मिलन समारोह में जिले के अलावे पटना से भी सूड़ी समाज के परिवारों को आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम की शुरूआत बच्चो के बीच होली पर आधारित चित्रकला प्रतियोगिता और सांस्कृतिक कार्यक्रम से हुआ। कार्यक्रम के दौरान लोगो ने एक दूसरे को रंग गुलाल से सराबोर कर एक दूसरे को बधाई दी। सालाना होली मिलन की परम्परा के अनुसार आयोजित कार्यक्रम में सूड़ी समाज से जुड़े जिले भर के लोगो ने मिलकर एक दूसरे को होली की अग्रिम शुभकामना दिया। वैशाली जिले के महुआ , सलहा , जंदाहा , बेलसर , लालगंज , महनार , जुड़ावनपुर , कल्याणपुर , चकसिकन्दर , बिद्दूपुर से लोग हिस्सा लेने पहुंचे थे। कार्यक्रम की शुरूआत में संगठन के अध्यक्ष श्री अमरनाथ गुप्ता ने सभी का स्वागत किया और आगत सदस्यों को होली की शुभकामना दी तथा सदस्यों से होली के मौके पर समाज में शान्ति एवं सद्भाव बनाने की अपील की । कार्यक्रम का सञ्चालन करते हुए संगठन के सचिव डाक्टर एस के मंडल ने होली की शुभकामना दी। बच्चो के बीच चित्रकला प्रतियोगिता के आयोजन में बेहतरीन चित्रकला के लिए अनिकेत राज , इशिका और अंविका आनंद को मुख्य अतिथि ने मोमेंटो देकर सम्मानित किया । कार्यक्रम के आयोजन में अध्यक्ष अमरनाथ गुप्ता , उपाध्यक्ष नथुनी महतो सचिव डाक्टर एस के मंडल , अजय कुमार , आनंद कुमार , , डाक्टर प्रणय पुंज , मथुरा प्रसाद , डाक्टर सतीश मंडल , डा सपना मंडल , के लावे पटना से पहुंचे ओम प्रकाश , राजीव रंजन , संतोष कुमार , श्याम सुन्दर प्रसाद ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

## महुआ के विभिन्न विद्यालयों में मनाया गया बिहार दिवस और होली मिलन समारोह



प्रात : किरण, संवाददाता

महुआ बिहार दिवस के 112 वी वर्षगांठ पर आदर्श मध्य विद्यालय मिर्जानगर महुआ में प्रभात फेरी के साथ-साथ रंगोली एवं पेंटिंग प्रतियोगिता कराई गई। इस अवसर पर शिक्षक संघ के जिला सचिव पंकज कुशवाहा ने बिहार की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि बिहार भारत का हृदय है जिसमें पूरे देश की झलक मिलती है। बिहार सभी धर्मो एवं सभी संस्कृतियों को अपने आंचल में समेटे पूरे देश दुनिया को हर परिस्थिति में बेहतर से बेहतर बनने एवं सम्मान, स्वाभिमान,शांति, सदभाव के साथ तेज रफ्तार से विकास की प्रेरणा देता है ।इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरविंद कुमार आलोक, सहायक शिक्षिका सुधा कुमारी, सुमन लता, मोहम्मद अफजल हुसैन, संगीता कुमारी, रंजीता कुमारी, सारिका कुमारी, सजीना परवीन, गीता कुमारी के अलावा काफी संख्या में छात्र उपस्थित थे। वही आर्यन फाउंडेशन अंतर्गत आर्यन सेंट्रल स्कूल फुदेनी चौक स्थित विद्यालय में बिहार दिवस के साथ साथ होली मिलन समारोह का भी आयोजन किया गया ।बिहार दिवस के मौके पर विद्यालय के बच्चो द्वारा एक से बढ़कर एक कविता एवम गायन पेश किया गया ।तत्पश्चात होली मिलन समारोह का शुभारंभ सभी विद्यालय के बच्चो द्वारा एक दूसरे को गुलाल लगाकर किया गया ।वही सभी शिक्षक शिक्षिका द्वारा भी सभी बच्चे को गुलाल लगाया गया। इस मौके पर विद्यालय के निदेशक दीपक कुमार ने बिहार दिवस के साथ साथ होली के त्योहार पर प्रकाश डालते हुए कहा कि होली आपसी प्रेम, भाईचारा और सौहार्द का त्योहार है ।होली हमें देश की सभ्यता और संस्कृति का भी संदेश देता है। बिहार दिवस पर प्रकाश डालते हुए कहा बिहार दिवस बिहार के लोगों के लिए अत्यधिक महत्व रखता है, क्योंकि यह राज्य के समृद्ध इतिहास, संस्कृति और राष्ट्र के लिए योगदान का जश्न मनाता है ।प्राचार्या हेमा वर्मा ने कहा कि यह त्योहार एकता का संदेश देता है। हम सभी को रंगों की तरह ही आपस में मिलजुल कर रहना चाहिए ।इस समारोह में गोपाल कुमार,संजीव कुमार सावन, राधिका,खुशबू, सोनाली ,ब्यूटी सभी शिक्षक शिक्षिका के साथ साथ विद्यालय के कई अभिभावक भी उपस्थित थे। वही महुआ नगर परिषद क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विधालय भूषा महुआ में बिहार दिवस समारोह के मौके पर प्रभात फेरी निकाली गई ।वही इस मौके पर विधालय के प्रधानाध्यापक शत्रुधन पासवान के द्वारा वृषारोपण करते हुए दर्जनों की संख्या में पेड़ पौधे लगाए।

## अंतिम लीग मैच में मुरलीगंज ने सुपौल को हराकर सेमीफाइनल में पहुंचे



प्रात : किरण, संवाददाता

मुरलीगंज मधेपुरा शहर के बीएल इंटर स्कूल मैदान पर आयोजित सात दिवसीय क्रिकेट टूनार्मेंट के अंतिम लीग मैच में मुरलीगंज ने सुपौल को हराकर सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया। गुरूवार की रात सुपौल टीम के खिलाड़ियों ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में 107 रन बनाकर ऑल आउट हो गए। जबाव मुरलीगंज न्यू टॉउन स्पोर्ट कल्ब के खिलाड़ियों ने 14 वें ओवर में छह विकेट खोकर जीत हासिल कर सेमीफाइनल में जगह बनाया। इससे पहले चौथे लीग मैच का शुभारंभ लायंस कल्ब अध्यक्ष डॉ रूपेश कुमार ने कराया। मौके दोनों टीम के खिलाड़ियों से परिचित हुए। टूनार्मेंट में निर्णायक नीरज कुमार बंटी और राहुल कुमार थे। कमेंट्री अजीत कुमार, बच्चन कुमार और स्कोरिंग लोकनाथ ने किया। पहला सेमीफाइनल न्यू टॉउन स्पोर्ट कल्ब मुरलीगंज और मधेपुरा टीम के बीच खेला गया।

## जिरौल हॉस्पिटल में महज तीन घंटे कूल्हे का सफल ऑपरेशन किया गया

प्रात : किरण, संवाददाता

मधुबनी हरलाखी प्रखंड क्षेत्र जिरौल गांव स्थित सत्यम शिवम सेवा सदन सुपर स्पेशियलिटी रजिस्टर्ड हॉस्पिटल में अब आर्थोपेडिक सर्जरी की शुरूआत की गई है। हालांकि पिछले कई वर्षो से यहां सफल आर्थोपेडिक सर्जरी का काम चल रहा है। लेकिन कुछ क्रिटिकल केस को सॉल्व करने के बाद इस सूदूर ग्रामीण इलाके में इस बड़ी उपलब्धि की चर्चा बनी हुई है। आपको बता दें कि हॉस्पिटल के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. बीके यादव के द्वारा ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने की दिशा में यह सफल प्रयास शुरू किया गया है। जो इस छोटे से रिहायशी इलाके के लिए वरदान साबित हो रहा है। दरअसल हड्डी से संबंधित ऑपरेशन या प्लास्टर अथवा टूटे हड्डियों में स्टील लगाने व बाद फिर उसे रिमूव करने के लिए जहां ग्रामीण इलाके के लोगों को महंगे अस्पताल में शहरों की तरफ रुख करना पड़ता था वहां अब लोगों ग्रामीण इलाके में भी कम खर्च पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलने से जरूरतमंदों को काफी हद तक सहुलियत होंगी। बताते चलें कि बृहस्पतिवार को आर्थोपेडिक सर्जन, एमबीबीएस, एमएस डॉ. अजय कुमार कुंदन, दिनेश कुमार,व डॉ. बीके यादव ओटी अस्सिस्टेंट मनीष कुमार समेत पांच डॉक्टर की टीम ने एक युवक के पैर की कुल्हा का ळल्फ ऑपरेशन किया जो पूरी तरह सफल रहा। दरअसल चानन गांव निवासी 25 वर्षीय दिलीप राम चलने में काफी समस्या का सामना करना पड़ता था। जिसका इलाज सत्यम शिवम सेवा सदन में कराया गया और वहां ऑपरेशन कर पैर में कुल्हा भी डाला गया। ऑपरेशन सफलता पूर्वक हुआ वही मरीज की हालत खतरे से बाहर है। ग्रामीण इलाके के इस हॉस्पिटल की इस बड़ी उपलब्धि पर आस पास के इलाके के लोगों में काफी हर्ष है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर गांव में ही कम कीमत पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो तो भीड़भाड़ में दलालों के बीच शहरों की तरफ रुख नहीं करना पड़ेगा। मोके पर उपस्थित डॉ नरेश कुमार यादव, जगरनाथ मुखिया, बिपिन कुमार, पंकज कुमार, नंदकिशोर कुमार, आरती कुमारी, मौजूद थे ।

## आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर 107 का बाण्ड भरवाया

प्रात : किरण, संवाददाता



आलमनगर थाना में शिविर लगाकर 107 का बाण्ड भरवाया गया जिसमें 109 लोगों ने बन्ध पत्र भरवारा गया आगामी मई महीने में होने वाली लोक सभा चुनाव को शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न करवाने के लिए प्रशासन कटिबद्ध है। इसको लेकर पुलिस प्रशासन के द्वारा लगातार छापामारी, फ्लैग मार्च कर लोगों को निर्भीक होकर मतदान करने के लिए जागरुक किया जा रहा है। थाना क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था बनाए रखने के लिए थानाध्यक्षों के द्वारा लोगों पर 107दण्ड प्रक्रिया संहिता के तहत मामला दर्ज कर बाउंड भरवाया जा रहा है जा रहा है। इस बाबत आलमनगर थाना अध्यक्ष अखिलेश कुमार ने बताया कि आलमनगर थाना क्षेत्र में धारा 107के तहत 800 लोगों पर निरोधात्मक कार्यवाही के तहत य ने थाना स्तर पर कैंप कोर्ट का अयोजन कर कर लोगों से बाउन्ड लिए जाने की व्यवस्था करवाया है । जिसमें 109लोगों ने न्यायालय के आदेश का पालन करते हुए बन्ध पत्र दाखिल किया।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी दरभंगा ने बिहार दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को निषेधाज्ञा की परिधि के रखा बाहर

प्रात : किरण, संवाददाता

दरभंगा भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 की घोषणा 16 मार्च 2024 को किए जाने के पश्चात जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला दंडाधिकारी दरभंगा राजीव रौशन द्वारा पूर्व में स्वच्छ, निर्भीक एवं शांतिपूर्ण वातावरण में चुनाव का संपन्न कराने हेतु दं.प्र.सं. की धारा-144 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सम्पूर्ण दरभंगा जिले में निम्नांकित निषेधाज्ञा जारी किया गया था। उन्होंने कहा कि इस बीच बिहार सरकार द्वारा प्राप्त निर्देश की आलोक में 22 मार्च 2024 को बिहार दिवस की आयोजन के क्रम में प्रभात-फेरी एवं संस्कृति कार्यक्रम आयोजन किया जाना है। उक्त के आलोक में जिला दण्डाधिकारी, दरभंगा राजीव रौशन द्वारा बिहार दिवस के अवसर पर आयोजित किए जाने वाले प्रभात-फेरी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम को निषेधाज्ञा की परिधि से बाहर रखने का आदेश जारी किया गया।

## सम्पादकीय

### इलेक्ट्रोल बांड : छिपाइए नहीं, बताइए

लोकतांत्रिक शासन में चुनाव से ही पारदर्शिता और निष्पक्षता बरतने का आग्रह एक न्यूनतम अपेक्षा है। आंतरिक एवं बाह्य सुरक्षा एवं इनसे जुड़े विदेशी समझौतों को ही इसके दायरे से बाहर रखा जा सकता है। पर देश के राजनीतिक दलों को जिस इलेक्ट्रोल बांड के जरिए चंदा देने की व्यवस्था अपारदर्शी भीत्ति पर बनाई गई थी। इससे यह खुलासा नहीं हो रहा था कि कब, कौन, किस पार्टी को और कितना धन चंदे में दे रहा है। सर्वोच्च न्यायालय ने बांड जारी करने वाला एकमात्र बैंक एसबीआई है, नियमतः यह काम आरबीआई का था, उसे 15 फरवरी को ही इसके सारे ब्योरों को चुनाव आयोग को देने की बात कही थी ताकि वह अपनी साइट पर सार्वजनिक करे। पर एसबीआई जो वित्त मंत्रालय के अधीन है, उसने न्यायालय के निर्देश का दो हिस्सों में और वह भी आधा-अधूरा पालन किया। बैंक ने पहले हिस्से में बांड खरीद की तारीख, खरीदने वालों के नाम और उसकी कीमत बताई है। दूसरे में बांड को भुनाने की तारीख, पार्टी के नाम और उसकी कीमत दी है। एक तीसरी कॉपी भी जारी की है, जिसमें बांड की कीमत, उसे देने और भुनाने वालों के नाम और तिथियां हैं। ये आयोग की वॉल पर हैं। पर इनमें वह यूनिक कोड नहीं है, जिससे तमाम ब्योरों का समग्रता में खुलासा करने और इस तरह सरकार बनने की पहली दहलीज से ही पण्राली में पारदर्शिता लाने का न्यायालय का मूल मकसद ही नहीं पूरा हो रहा है। इसलिए मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ को बांड के यूनिक कोड के साथ तमाम ब्योरे 21 मार्च को शाम 5 बजे से पहले अंतिम रूप से जारी करने के लिए एसबीआई को कड़ी फटकार लगानी पड़ी। न्यायालय चाहता है कि बैंक यूनिक कोड के साथ एक समग्र और अंतिम ब्योरा दे। इसके लिए उसे दो हिस्सों में ब्योरा देना होगा। पहले में बांड के खरीदने की तारीख, खरीदने वालों के नाम, उसके यूनिक कोड, और उसकी कीमत हो। दूसरे हिस्से में, बांड भुनाने की तारीख, भुनाने वाली पार्टी, बांड के यूनिक कोड और उसका मूल्य दिया जाए ताकि आम जन बांड खरीदने वाले और इसको भुनाने वाले के साथ मिलान कर सके। इससे पार्टियां और उन्हें चंदे देने वाली कंपनी-घरानों की नींद उड़ी हुई है। पर सर्वोच्च न्यायालय की पहल से चुनावी चंदे की स्वीकार्य नैतिक व्यवस्था बनेगी जिसका असर चुनावों के बेलगाम खर्चे पर नियंतण्रके रूप में होगा। इसके लिए देश में कब से चल रही बहस एक निर्णायक आकार ले सकेगी।

### शक्ति की असल शक्ति

मेरे लिए तो हर मां-बेटी शक्ति का रूप है। मैं इनको शक्ति के रूप में पूजता हूं और इनकी रक्षा के लिए जान की बाजी लगा दूंगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विपक्षी इंडिया गठबंधन पर मुंबई की रैली में कहा। चुनाव में लड़ाई शक्ति के विनाशकों और शक्ति के उपासकों के बीच है और चार जून को स्पष्ट होने की बात भी की कि कौन शक्ति का विनाश करने वाला है और किसे शक्ति का आशीर्वाद प्राप्त है। दरअसल, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समापन के अवसर पर मुंबई में आयोजित रैली में कहा था, हिन्दू धर्म में शक्ति शब्द होता है। हम शक्ति से लड़ रहे हैं, एक शक्ति से लड़ रहे हैं। हालांकि राहुल ने अपने बयान के विवाद के बाद कहा कि प्रधानमंत्री ने उनकी बातों का अर्थ बदलने की कोशिश की। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया-मैंने गहरी सच्चाई बोली है। जिस शक्ति का मैंने उल्लेख किया, जिस शक्ति से हम लड़ रहे हैं, उस शक्ति का मुखौटा मोदी जी हैं। मोदी ने किसी का नाम न लेते हुए कहा, ये कहते हैं कि जिस शक्ति की मैं बात कर रहा हूं, उन्होंने उनका गला पकड़ कर उनको भाजपा की ओर किया है और वह सब डर गए हैं। जाहिर है, लोक सभा चुनाव की तारीखों का ऐलान होते ही सभी राजनैतिक दल पूरी मशक्कत से जुट गए हैं। वे आरोपों-प्रत्यारोपों द्वारा, एक-दूसरे पर कीचड़ उछाल कर तथा निशाने लगा कर जनता को लुभाने के वही पुराने तरीके अपना रहे हैं जिनके बूते अपनी पार्टी के उम्मीदवारों को जितवाने की संभावनाएं प्रतीत हो रही हों। राहुल गांधी को अभी पिछले दिनों ही प्रधानमंत्री को अपशब्द कहने पर अदालत से चेतावनी मिल चुकी है। पिछले कई चुनावों से देखने में आ रहा है कि सत्ताधारी दल और विपक्ष चुनावी भाषणों में शालीनता बनाए रखने में चूकते जा रहे हैं। व्यक्तिगत आरोप और छींटाकशी भरे जुमलों का भरपूर प्रयोग होने लगा है। कुछ भी हो नेताओं को भाषा और शब्दों के चयन की खास शालीनता का ख्याल रखना चाहिए। चुनाव आयोग द्वारा कड़ाई से आदर्श चुनाव संहिता लागू किए जाने के बावजूद नेताओं द्वारा यह चूक होती नजर आती है। शक्ति स्त्री को कहें या सत्ता को, दरअसल यह तो चार जून को मतदाता ही दिखाएगा कि असली शक्ति किसके हिस्से जाती है। यह मूल रूप से इस शक्ति के ही हाथ है कि वह किसे शक्तिवान बनाती है, और किसे शक्तिहीन कर देती है।

### इक तेरी, इक मेरी कांग्रेस

कांग्रेस के अपने ही सवाल पीछा नहीं छोड़ रहे, तो पार्टी चुनावी प्रश्नों पर अपना मत कैसे जुटाएगी। यहां कांग्रेस की जीती हुई सीटें क्यों निराश हुईं, सियासत ने तो बंद दरवाजों को हंसते देखा है। आश्चर्य है कि छह घंटियों के शोर से भी कांग्रेस के कान नहीं खुले, तो अब नया शोर कान फाड़े पर उतारू है। सियासत के अपने दुर्ग और वीरभद्र की विरासत की प्रतीक मानी गई प्रतिभा सिंह जो कह रही हैं, उसे प्रदेश तो सुन रहा है- कांग्रेस सुने या न सुने। पिछली संसद में जब प्रतिभा सिंह सांसद बनीं, तो कांग्रेस का रुतबा भाजपा की सत्ता को परेशान कर गया। तब अगर पार्टी ने हिमाचल में जीत की प्रतिभा को अंगीकार किया तो आज प्रतिभा सिंह की शिकायत को सुनें या वकालत को सुनें। मोहतरमा प्रदेश कांग्रेस की अध्यक्ष हैं, बेटे विक्रमादित्य सिंह सुक्खू सरकार में काबीना मंत्री हैं, लेकिन राजनीति के रहट को अपने ही कुएं के पानी से शिकायत है। नाराजगी का आलम यह कि जिस मंडी संसदीय सीट पर कांग्रेस का पलड़ा भारी दिख रहा था, वहां पूर्व सांसद चुनाव के विरोध में अंगद का पांव दिखा रही हैं। वह एक पूर्व सांसद की हैसियत से कहीं आगे निकलकर बतौर पार्टी अध्यक्ष के रूप में जो कह रही हैं, वहां अनेकों कठघरे खाली हैं। इन सर्द हवाओं को छू कर देखना, भीतर से जलाने की अदाकारी छुपी है। हिमाचल कांग्रेस बनाम हिमाचल सरकार के बीच अहम और वहम के युद्ध अभी शांत नहीं हैं। प्रतिभा सिंह न जाने कितने ठीकरे फोड़ रही हैं, ह्यकांग्रेस की आशाओं ये अपनों की शामत, इस हुस्न को आवारगी ने बर्बाद कर दियाह्न दरअसल स्थिति यह है कि न पार्टी को वांछित का पता और न ही अवांछित से गिला। परिदृश्य में चारों तरफ कई लंकाएं जल रही हैं, फिर भी कहीं किसी को धुएं से शिकायत नहीं। ऐसे में क्यों न माना जाए कि सत्ता और संगठन के बीच एक तेरी-एक मेरी कांग्रेस के द्वंद्व अब जिस मोड़ पर खड़े हैं, वहां सिर्फ फिरौतियां मांगी जा रही हैं। प्रतिभा सिंह की भाषा में भले ही कोई नया उच्चारण नहीं, लेकिन आरोपों की बुनाई में कई जाल हैं। किसी राज्य की पार्टी अध्यक्ष के ताजा बयानों के बगल में छुरी अगर नहीं देखी जाएगी, तो हलाल होने का यह मर्ज कांग्रेस से बहुत कुछ छीन सकता है। इसके बरअक्स भाजपा की ओर से न केवल लोकसभा की चार सीटों की तैयारी चल रही है, बल्कि उपचुनाव के महाभारत की पटकथा भी लिखी जा रही है। कमोबेश जिन आरोपों की बुनियाद पर कांग्रेस के उम्मीदवार को राज्यसभा चुनाव में शिकस्त मिली है, उन्हीं पर प्रदेशाध्यक्ष अगर तलवार भांज रही हैं, तो विपक्ष की जरूरत है कहां। क्या वाकई इस बार सत्ता का आलम मगरूर है या गफलत में वीरभद्र सिंह परिवार भयानक गलती को अंजाम दे रहा है। कहना न होगा कि कांग्रेस का केंद्रीय नेतृत्व राजस्थान व मध्यप्रदेश की तरह किंकत्तर्व्यविमूढ़ की स्थिति में अपनी ही संभावनाओं पर कुठाराघात करने पर तुला है। यह भी तब जब ऐसे मसलों पर समन्वय समिति का गठन हो चुका है। आश्चर्य यह कि समन्वय समिति का खिलौना भी यहां अपनी बैटरी के बिना दिखाई दे रहा है। कांग्रेस अपने संकट को जिस तरह हल कर रही है, उससे विकराल होती परिस्थिति का एक रूप अगर प्रतिभा सिंह अख्तियार कर रही हैं, तो आगामी संघर्ष में लोकसभा व उपचुनावों में न जाने पार्टी के भीतर कितनी लंकाएं जल सकती हैं। ऐसा नहीं कि भाजपा के भीतर उथल-पुथल नहीं है, फिर भी वहां विरोध को बेजुबान करने का कौशल व अनुशासन है। यहां सत्ता के लाभ में पार्टी के भीतर कई नियुक्तियों की दीवारें खड़ी हो चुकी हैं। जिस पार्टी को अपने छह विधायक खोने का गम नहीं या जहां राज्यसभा की सीट हारने पर कोई मंथन नहीं, वहां शायद ही प्रतिभा सिंह के वक्तव्य को गंभीरता से लिया जाए। आश्चर्य यह कि छह बागियों का सियासी करियर तबाह करते-करते सत्तारूढ़ पार्टी अपने ही लोगों की कतरब्यौंत में जुट गई है। बगावत और विध्वंस की मनोवृत्ति में आए फैसलों के बाद पार्टी की छिपकलियां चुनावों में अपनी दावेदारी दिखा रही हैं। धर्मशाला नगर निगम के तमाम कांग्रेसी पार्षद उपचुनाव के प्रत्याशी बने बैठे हैं, तो पार्टी को अपनी तासीर का वजन भांप लेना चाहिए, वरना टूट फूट की शब्दावली अब शिखर को भी जमीं सुंघाने की फितरत में कहीं हावी न हो जाए।

# आम चुनाव-2024 : सरोकारी माहौल जरूरी

**आधी शताब्दी पहले लोक नायक जयप्रकाश नारायण ने इसे संबोधित किया था। आज पीछे मुड़कर देखने पर लगता है कि मोरारजी देसाई की सरकार द्वारा जयप्रकाश नारायण के सुझावों की अनदेखी से एक बड़ी बीमारी की शुरूआत हो गई। इस समय हर तरफ आम सहमति है कि हमारी चुनाव व्यवस्था के तीन बहुत बड़े दोष हैं। पहला, लोक शक्ति को धन शक्ति ने पराजित कर दिया है, दूसरा, मतदाताओं को सेवा और संगठन के जरिए प्रभावित करने की बजाय सभी दल मीडिया के माध्यम से प्रभावित करने का सहारा लेने लगे हैं, और तीसरा, कई जगहों पर चुनावों के मौके पर असामाजिक तत्वों की भूमिका उल्लेखनीय हो जाती है। कुछ दल तो असामाजिक तत्वों को अपनी पार्टी का उम्मीदवार बनाने में बड़ी शान समझने लगे हैं। सबका विवरण एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स जैसे निर्दलीय नागरिक मंचों द्वारा बराबर सामने आने से अजीब किस्म का असमंजस पैदा हो गया, वोट देने जाएं या न जाएं !क्या हमारा वोट एक उचित प्रतिनिधि का चयन करने में समाज की मदद करेगा ! क्याचुने गए लोग जनप्रतिनिधि हैं, या धन शक्ति के प्रतीक हैं ! ऐसी और भी कई बातें हर चुनाव के बाद सामने आने लगी हैं। इसीलिए इस बार के आम चुनाव में नागरिक समाज की भूमिका के बारे में सावधानी की जरूरत है।**





**प्रो. आनंद कुमार-**
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

भारतीय जनतंत्र में राजनीतिक दलों, मीडिया और मतदाताओं के लिए आम चुनाव एक महत्वपूर्ण संदर्भ होता है। पिछले दिनों चुनाव के बारे में राजनीतिक दलों और नागरिक समाज का दृष्टिकोण अलग-अलग हो गया है। एक तरफ दल चुनाव को सत्ता की सीढ़ी मानकर इसे जीतने के लिए हर तरह के प्रयास कर रहे हैं, दूसरी तरफ नागरिक समाज में चुनाव में बढ़ रही समस्याओं को लेकर खास तरह का अविश्वास भाव बन रहा है। नागरिक समाज का आग्रह है कि चुनाव व्यवस्था में सुधार किए जाएं और सुधारों की एक लंबी सूची बनती जा रही है। सबसे बड़ा दोष धन शक्ति का बढ़ता प्रभाव था। आधी शताब्दी पहले लोक नायक जयप्रकाश नारायण ने इसे संबोधित किया था। आज पीछे मुड़कर देखने पर लगता है कि मोरारजी देसाई की सरकार द्वारा जयप्रकाश नारायण के सुझावों की अनदेखी से एक बड़ी बीमारी की शुरूआत हो गई। इस समय हर तरफ आम सहमति है कि हमारी चुनाव व्यवस्था के तीन बहुत बड़े दोष हैं। पहला, लोक शक्ति को धन शक्ति ने पराजित कर दिया है, दूसरा, मतदाताओं को सेवा और संगठन के जरिए प्रभावित करने की बजाय सभी दल मीडिया के माध्यम से प्रभावित करने का सहारा लेने लगे हैं, और तीसरा, कई जगहों पर चुनावों के मौके पर असामाजिक तत्वों की भूमिका उल्लेखनीय हो जाती है। कुछ दल तो असामाजिक तत्वों को अपनी पार्टी का उम्मीदवार बनाने में बड़ी शान समझने लगे हैं। सबका विवरण एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स जैसे निर्दलीय नागरिक मंचों द्वारा बराबर सामने आने से अजीब किस्म का असमंजस पैदा हो गया, वोट देने जाएं या न जाएं !क्या हमारा वोट एक उचित प्रतिनिधि का चयन करने में समाज की मदद करेगा ! क्याचुने गए लोग जनप्रतिनिधि हैं, या धन शक्ति के प्रतीक हैं ! ऐसी और भी कई बातें हर चुनाव के बाद सामने आने लगी हैं। इसीलिए इस बार के आम चुनाव में नागरिक समाज की भूमिका के बारे में सावधानी की जरूरत है। हमें अच्छी तरह से याद है कि इमरजेंसी के दौर में चुनाव को एक साल के लिए आगे बढ़ा दिया गया था तो सारा देश खुली जेल जैसा होने लगा था। किसी की कोई जिम्मेदारी नहीं थी। गैर-संवैधानिक शक्ति केंद्रों ने सिर उठा लिए थे। प्रधानमंत्री सचिवालय से लेकर थाने के स्तर तक हर तरफ गैर-संवैधानिक ताकतों का बोलबाला हो गया। उस समय यानी 1976 में पूरे देश से एक ही मांग आ रही थी कि चुनाव समय पर और ठीक से कराए जाएं। चुनाव का महत्त्व निर्विवाद है। तमाम दोषों के बावजूद अभी भारतीय जनतंत्र के पास सत्ता के संचालन के लिए, देश को सुचारू रूप से चलाने के लिए चुनाव के अलावा कोई विकल्प नहीं है। प्रशासन के संचालन के लिए हमने उम्मीदवारों का मूल्यांकन करने वाली परीक्षाओं का इंतजाम किया है। उसमें लाखों विद्यार्थी बनते हैं, और कुछ सौ चुने जाते हैं। जिनको पुलिस, प्रशासन, विदेश नीति आदि की जिम्मेदारी दी जाती है। विधानमंडल को चलाने के लिए, संसद का संचालन करने के लिए हमारे जनप्रतिनिधि कैसे चुने जाएं, इस प्रक्रिया को चुनाव के माध्यम से पूरा करना लगातार कठिन होता जा रहा है। लगता है कि पूरी गंगा मैली हो गई है। इसलिए लोकतंत्र को बचाए रखने के अब दो ही रास्ते बचे हैं-या तो हम चुनाव के दिन अपने-अपने घरों में बैठ जाएं। मानकर चलें कि चुनाव से कुछ नहीं होगा। दूसरा उपाय है कि चुनाव के हर मोड़ पर यानी चुनाव की घोषणा, घोषणा-पत्रों की तैयारी, प्रतिनिधियों का चयन और प्रचार का तंत्र; हर स्तर पर सक्रिय निगरानी करें, सक्रिय भागीदारी करें और सक्रिय योगदान करें। बहुत पहले राहुल सांकृत्यायन ने कहा, भागो नहीं, दुनिया को बदलो। इ आज लोकतंत्र जिस नाजुक मोड़ पर खड़ा है, उसमें भागने से तो सुधार नहीं होना। बदलने से शायद सुधार हो। वैसे भी, लोकतंत्र की लोकप्रियता सारी दुनिया में घट रही है। दुनिया में जिन देशों का नाम लोकतंत्र के निमार्ताओं के रूप में लिया जाता है, वहां चुनाव के जरिए अलोकतांत्रिक जमातें और ताकतें सत्ता में आ रही हैं। अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप से रूस में ब्लादीमिर पुतिन तक के नाम लिए जा सकते हैं। इसलिए 2024 का लोक सभा चुनाव अगले पांच साल की दिशा तय करेगा। नागरिक समाज का क्या अर्थ है ! असल में ये वे लोग हैं, जो सरोकारी नागरिक हैं। संविधान प्रदत्त नागरिक कर्त्तव्य सूची को सम्मान देते हैं।

# मुसलमानों को नागरिकता की मांग का औचित्य

**उनके स्वयं के पुरखे भी अरब से आए थे। लेकिन उनका कहना था कि ये पांच प्रतिशत बाबरी मुसलमान अब इस देश की मिट्टी में रच-बस गए हैं। लेकिन मौलाना आजाद के वक्त भी यही पांच प्रतिशत भारतीय मुसलमानों को भडकाया करते थे और आज उनके गुजर जाने के इतने दशकों बाद भी यही भारतीय मुसलमानों को बहका, डरा और धमका रहे हैं। अलबत्ता दारा शकोह ने इस देश की मिट्टी में घुल-मिल जाने की प्रक्रिया शुरू की थी, लेकिन उसको उन्हीं मुल्लाओं ने निपटा दिया। आज भी नागरिकता संशोधन अधिनियम के सवाल पर इन्हीं पांच प्रतिशत ने, मस्जिदों से आम भारतीय मुसलमानों को बहकाया या भडकाया और दोनों मिल कर कांग्रेस, कम्युनिस्ट और मुस्लिम लीग की राजनीति के मोहरे बन कर सडकों पर तांडव करने लगे। वैसे कांग्रेस, कम्युनिस्ट शायद समझ रहे हों कि वे इन दोनों प्रकार के ही मुसलमानों को अपनी राजनीति का मोहरा बना रहे हैं, जबकि हो सकता है सडकों पर उतर रहे भारतीय और अरब तुर्क मुसलमान इन राजनीतिक दलों को अपनी बड़ी योजना के लिए इस्तेमाल कर रहे हों। लेकिन इन दोनों प्रकार के मुसलमानों को सडकों पर उतार कर कांग्रेस, कम्युनिस्ट और मुस्लिम लीग जो प्रश्न उठा रहे हैं, उस पर गंभीरतापूर्वक विचार करना चाहिए। उनका कहना है कि नागरिकता संशोधन अधिनियम में भारतीय नागरिकता देने का प्रावधान पाकिस्तान और बांग्लादेश से आने वाले हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई अल्पसंख्यकों के लिए किया गया है।**






**कुलदीप चंद अग्निहोत्री-**
लेखक वरिष्ठ स्तभकार हैं

जब से भारत सरकार ने नागरिकता अधिनियम में संशोधन के बाद यह प्रावधान किया है कि पाकिस्तान और बांग्लादेश के प्रताड़ित हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन और ईसाई भारत की नागरिकता प्राप्त करने के अधिकारी होंगे, तब से कांग्रेस, मुस्लिम लीग और कम्युनिस्टों की मांग है कि पाकिस्तान और बांग्लादेश के मुसलमानों को भी भारतीय नागरिकता लेने का अधिकार मिलना चाहिए। इसका मोटा अर्थ यह है कि जो लाखों बांग्लादेशी और पाकिस्तानी अवैध ढंग से भारत में घुस आए हैं, उनको भी घुसपैठिए न मान कर शरणार्थी माना जाए और मांग पर भारतीय नागरिकता दी जाए। उनका कहना है कि भारत पंथनिरपेक्ष है, इसलिए किसी पंथ या मजहब के आधार पर किसी को न तो सुविधा दी जा सकती है और न ही भेदभाव किया जा सकता है। लेकिन इसके साथ ही ये यह भी मांग करते हैं कि जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 इसलिए लागू किया जाए क्योंकि वहां इस्लाम पंथ को मानने वाले बहुसंख्यक में हैं। नागरिकता के प्रश्न पर इन्होंने भारत के दोनों प्रकार के मुसलमानों को सडकों के प्रदर्शन में जोडने का प्रयास किया है और कुछ सीमा तक उन्हें जोडने में सफल भी हुए हैं। इन मुसलमानों में से अधिकांश तो भारतीय मुसलमान ही हैं जिनके पुरखे सल्तनत काल या मुगल काल में मतांतरित होकर मुसलमान बन गए थे। लेकिन एक-आध प्रतिशत अरब, मंगोल, तुर्क या फिर मुगल मुसलमान भी हैं, जिनके पुरखे इन देशों से अरसा पहले आए थे। ये या तो हमलावर थे या फिर देश पर अरबों या तुर्कों का कब्जा हो जाने के बाद यहां आ बसे थे। इन एक-आध प्रतिशत मुसलमानों का भारत की मस्जिदों और जियारतखानों पर कब्जा है। मौलाना अबुल कलाम आजाद, जो भारत के पहले शिक्षा मंत्री थे, वे इन मुसलमानों की संख्या पांच प्रतिशत बताया करते थे। उनके स्वयं के पुरखे भी अरब से आए थे। लेकिन उनका कहना था कि ये पांच प्रतिशत बाबरी मुसलमान अब इस देश की मिट्टी में रच-बस गए हैं। लेकिन मौलाना आजाद के वक्त भी यही पांच प्रतिशत भारतीय मुसलमानों को भडकाया करते थे और आज उनके गुजर जाने के इतने दशकों बाद भी यही भारतीय मुसलमानों को बहका, डरा और धमका रहे हैं। अलबत्ता दारा शकोह ने इस देश की मिट्टी में घुल-मिल जाने की प्रक्रिया शुरू की थी, लेकिन उसको उन्हीं मुल्लाओं ने निपटा दिया। आज भी नागरिकता संशोधन अधिनियम के सवाल पर इन्हीं पांच प्रतिशत ने, मस्जिदों से आम भारतीय मुसलमानों को बहकाया या भडकाया और दोनों मिल कर कांग्रेस, कम्युनिस्ट और मुस्लिम लीग की राजनीति के मोहरे बन कर सडकों पर तांडव करने लगे। वैसे कांग्रेस, कम्युनिस्ट शायद समझ रहे हों कि वे इन दोनों प्रकार के ही मुसलमानों को अपनी राजनीति का मोहरा बना रहे हैं, जबकि हो सकता है सडकों पर उतर रहे भारतीय और अरब तुर्क मुसलमान इन राजनीतिक दलों को अपनी बड़ी योजना के लिए इस्तेमाल कर रहे हों। लेकिन इन दोनों प्रकार के मुसलमानों को सडकों पर उतार कर कांग्रेस, कम्युनिस्ट और मुस्लिम लीग जो प्रश्न उठा रहे हैं, उस पर गंभीरतापूर्वक विचार करना चाहिए। उनका कहना है कि नागरिकता संशोधन अधिनियम में भारतीय नागरिकता देने का प्रावधान पाकिस्तान और बांग्लादेश से आने वाले हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई अल्पसंख्यकों के लिए किया गया है, जबकि वह पाकिस्तान से आने वाले मुसलमानों के लिए भी किया जाना चाहिए। पाकिस्तान और बांग्लादेश के मुसलमान, यदि वे भारत में आ जाते हैं, तो उनकी मांग पर, उनकी भारतीय नागरिकता उन्हें वापस देनी चाहिए। वापस देने का प्रसंग इसलिए उठ रहा है क्योंकि 1947 से पहले इन सभी के पास भारतीय नागरिकता ही थी। यदि भारत विभाजन न होता तो आज इनके पास वही भारतीय नागरिकता बनी रहती। अब यदि पाकिस्तान और बांग्लादेश के लाखों मुसलमान फिर से अपनी भारतीय नागरिकता प्राप्त करना चाहते हैं तो भारत के विभाजन के प्रश्न पर पुनः विचार करना होगा। यदि विभाजन के सत्तर साल बाद भी पाक-बांग्लादेश के मुसलमान नागरिकों को भी यह लगता है कि इससे अच्छी भारत की नागरिकता ही थी, तब देश विभाजन के औचित्य पर तो प्रश्नचिन्ह लगेगा ही। यदि पाकिस्तान के नागरिकों को अंततः भारत की नागरिकता ही वापस लेनी थी तो भारत का विभाजन कर एक नई पाकिस्तानी नागरिकता सृजित करने की जरूरत ही क्या थी ? लेकिन इस विवाद के इस मोड़ पर एक और प्रश्न भी खड़ा होता है। पाकिस्तान के इन मुसलमान नागरिकों ने, जो समग्र भारतीय विरासत का हिस्सा ही थे और उनके पूर्वज भी हिंदू ही थे, स्वेच्छा से पाकिस्तानी नागरिकता के लिए संघर्ष किया था। इस संघर्ष में कम्युनिस्टों ने उनका साथ दिया था। कम्युनिस्ट जो मजहब के जनक ईश्वर के अस्तित्व को ही स्वीकार नहीं करते, वे ही मजहब के आधार पर पाकिस्तान के निर्माण का समर्थन कर रहे थे। कांग्रेस शुरू में तो मजहब के आधार पर विभाजन का विरोध करती थी, लेकिन कांग्रेस कार्यसमिति ने 12 जून 1947 को भारत विभाजन का समर्थन करते हुए प्रस्ताव पारित कर दिया था। इसके बाद कांग्रेस के बड़े अभिकरण एआईसीसी यानी आल इंडिया कांग्रेस कमेटी के 14 जून को आहूत अखिल भारतीय अधिवेशन में इस प्रस्ताव का अनुमोदन कर दिया गया। लेकिन इन दोनों प्रस्तावों के पारित करने से भी पहले 3 जून 1947 को कांग्रेस, मुस्लिम लीग और उस समय के ब्रिटिश भारत के वायसराय लार्ड माऊंटबेटन ने संयुक्त प्रेस कान्फ्रेंस में ब्रिटिश भारत के विभाजन और एक नए देश पाकिस्तान के निर्माण की घोषणा की। इस प्रकार कांग्रेस ने मुस्लिम लीग की अलग पाकिस्तानी नागरिकता की मांग के आगे हथियार डालते हुए अंतिम दिनों में उनके सहयोगी की भूमिका को स्वीकार किया था। मुस्लिम लीग शुरू से ही भारतीय मुसलमानों के लिए पाकिस्तानी नागरिकता की मांग कर रही थी। लेकिन अब वही कांग्रेस और वही मुस्लिम लीग मानसिकता के संगठन यह कह रहे हैं कि पाकिस्तान (बांग्लादेश उसी का हिस्सा था) के नागरिकों को भी पुनः उनकी भारतीय नागरिकता वापस देनी चाहिए। यदि कांग्रेस, कम्युनिस्टों और मुस्लिम लीग को सचमुच यह लगता है कि पाक-बांग्लादेश के मुसलमानों को भी उनकी भारतीय नागरिकता वापस मिलनी चाहिए तो जिन मुसलमानों को सडकों पर लाकर वे तोडफोड़ और आगजनी कर रहे हैं, पाकिस्तान, बांग्लादेश के हिंदू, सिख और बौद्ध शरणार्थियों को उनकी पुरानी भारतीय नागरिकता देने का विरोध कर रहे हैं, उनको साथ लेकर पहले कदम के तौर पर पाकिस्तान-बांग्लादेश और भारत के एक परिसंघ के निर्माण की मांग उठाएं। जाहिर है कि इसकी शुरूआत कांग्रेस को और ह्यभारत तेरे टुकड़े होंगे हजार, इंशा अल्लाह इंशा अल्लाहह्न के नारे लगा रहे मुसलमानों को ही करनी होगी। यदि अरब, तुर्क, मंगोल और मुगल मूल के मुसलमान इससे न भी सहमत हों तो केवल भारतीय मुसलमानों को ही सडकों पर भारत विभाजन समाप्त करने के लिए नारे ही नहीं लगाने होंगे, बल्कि उसके लिए प्रयास भी करना होगा। राम मनोहर लोहिया ने बहुत अरसा पहले यह प्रस्ताव रखा था। इसके बाद यदि मुसलमानों को लगे कि उनकी पाकिस्तानी और बांग्लादेशी नागरिकता के कोई मायने नहीं बचे हैं तो फिर वे स्वयं एकीकृत भारत की मांग उठाएं। लेकिन क्या कांग्रेस सचमुच ह्रदय से भारत विभाजन की अपनी मूर्खता को स्वीकार कर पाक, बांग्लादेश के नागरिकों को उनकी पुरानी भारतीय नागरिकता वापस दिलवाना चाहती है या एक बार फिर उनका अपनी सत्ता वापसी के लिए सीढ़ी की तरह इस्तेमाल करना चाहती है, यह देखने वाली बात होगी।

# केजरीवाल की गिरफ्तारी कहीं अपने ही पैरों पर कुल्हाड़ी तो नही...?

**ओमप्रकाश मेहता–**

अब इसे मोदी जी के राजनीतिक सलाहकारों की दुर्बुद्धि कहा जाए या और कुछ.... एन चुनाव के वक्त दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी राजनीतिक दृष्टि से किसी के लिए भी कहां तक उचित है, शायद भारतीय राजनेताओं को देशवासियों की याददास्त पर कुछ गलत फहमी हो गई है, शायद उनकी सोच यह है कि देशवासी हर घटना को जल्दी ही विस्मृत कर देते है, किंतु ऐसा कतई नही है, अन्ना हजारे चाहे जो भी कहे या समझे, किंतु उनके शिष्य राजनेता अरविंद केजरीवाल इतने दिन सत्ता के सिंहासन पर विराजित होने के बाद भी उनकी सेवा भावनाओं में कोई अंतर नही आया है, सिर्फ दिल्ली नहीं, बल्कि पूरे देश में केजरीवाल की अपनी छवि है और उनके लाखों समर्थक भी है, ऐसे में चुनाव के चंद दिन पहले उनकी चार साल पुराने मामले में गिरफ्तारी राजनीतिक दृष्टि से किसके लिए हितकर या अहित कर होगी यह तो समय ही बताएगा, किंतु फिलहाल आसार अच्छे नजर नही आ रहे है। भारत के अधिकांश नागरिकों की आज भी सोच यही है कि देश के सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों में दिल्ली के मुख्यमंत्री की अपनी अलग पहचान है, वह भी उनकी सेवाभावना और निश्छलता के कारण। इतने साल मुख्यमंत्री पद पर रहने के बावजूद उन पर अन्यों की तरह राजनीति हावी नही हुई, फिर ऐसे में देश के ऐसे एकमात्र मुख्यमंत्री को एन चुनाव के समय भ्रष्टाचार के आरोप लगाकर उनकी गिरफ्तारी करना, आला राजनेताओं के दिमाग का दिवालियापन ही कहा जाएगा। केजरीवाल को गिरफ्तार कर आखिर देश की सरकार संदेश क्या देना चाहते है, क्या देश के अन्य भाजपाई या गैर भाजपाई मुख्यमंत्रीगण केजरीवाल से बेहतर ईमानदारी से कार्य कर रहे है? या ये मान लिया जाए कि केजरीवाल जैसे नेताओं की आज की राजनीति में जरूरत ही नही है, यह सही है कि भाजपा की केन्द्र सरकार की एकदम आंख के नीचे गैर भाजपाई सरकार किरकिरी बन कर खटक रही थी, किंतु क्या ह्यआंखों की किरकिरीह्न हटाने का यह तरीका सही है? भाजपा के मोदी जी सहित दिग्गज नेता यह क्यों नही समझते कि भारतीय राजनीति में केजरीवाल की अपनी अलग पहचान बन गई है और देश के लोग उनके जैसे नेता अपने प्रदेशों में भी खोज रहे हे, ऐसी स्थिति में केजरीवाल की गिरफ्तारी किसके पैरों पर ह्यकुल्हाड़ीह्न सिद्ध होगी? इसका उत्तर किसी से भी छुपा नही है, आज कई दृष्टि से आप शासित दिल्ली और पंजाब राज्य अन्य राज्यों के लिए प्रशासनिक मिसाल बने हुए है, ऐसे में आप को तिरस्कृत कर राजनीति करना, किसके लिए श्रेयस्कर होगा? इतनी छोटी सी बात हमारे महान राजनेताओं के दिमाग में क्यों नही आ पा रही? ....फिर सबसे बड़ी बात यह कि केजरीवाल तो इतने समय से मुख्यमंत्री है और जिस मामले में गिरफ्तारी की गई, वह भी चार साल पुराना है, तो अब भाजपा के महान दिग्गज व विद्वान नेताओं को इस समय यह ह्यआत्मघातीह्न कदम उठाने की जरूरत क्यों आ पड़ी?

## संक्षिप्त खबरें

### उच्च न्यायालय ने मदरसा शिक्षा अधिनियम 2004 को असंवैधानिक घोषित किया

इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने शुक्रवार को यूपी बोर्ड आफ मदरसा एजुकेशन एक्ट 2004 को धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांतों के प्रति उल्लंघनकारी करार देते हुए उसे ह्वअसंवैधानिकह्व घोषित कर दिया। न्यायमूर्ति विवेक चौधरी और न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की खंडपीठ ने मदरसा शिक्षा अधिनियम को अधिकारातीत करार देते हुए उत्तर प्रदेश सरकार को निर्देश दिये कि वह एक योजना बनाये जिससे राज्य के विभिन्न मदरसों में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं को औपचारिक शिक्षा प्रणाली में शामिल किया जा सके। यह आदेश अंशुमान सिंह राठौर नामक व्यक्ति की याचिका पर दिया गया है। याचिका में उत्तर प्रदेश मदरसा बोर्ड की संवैधानिकता को चुनौती देते हुए मदरसों का प्रबंधन केन्द्र और राज्य सरकार के स्तर पर अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा किये जाने के औचित्य पर सवाल उठाये गये थे।

### एनसीआरटीसी के एमडी ने इस्तीफा दिया

एनसीआरटीसी के एमडी विनय कुमार सिंह ने इस्तीफा दे दिया। वह सात साल पहले एनसीआरटीसी के साथ जुड़े थे। आरआरटीएस प्रोजेक्ट को सात साल तक रफ्तार देने के बाद निजी कारणों से इस्तीफा दिया है। वह एनसीआरटीसी के पहले एमडी थे। विनय कुमार सिंह का कार्यकाल शानदार माना जा रहा है। आरआरटीएस कॉरिडोर निर्माण कार्य के दौरान आम लोगों को परेशानी ना हो, उन्होंने इसका हमेशा ध्यान रखा। उनके नेतृत्व में ही रैपिड रेल के कार्य को गति मिली। आरआरटीएस के दो खंड पर नमो भारत ट्रेन का परिचालन शुरू हो गया है। नमो भारत ट्रेन दिल्ली से मेरठ तक वर्ष 2025 में चलने लगेगी। इसकी तैयारी शुरू हो गई है। मेरठ शहर के अंदर आरआरटीएस कॉरिडोर के ट्रैक पर मेट्रो भी चलेगी। विनय कुमार सिंह के इस मॉडल की प्रशंसा देश में नहीं विदेश में भी हो रही है। सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय आवास एवं शहरी विकास मंत्रालय ने इस्तीफा अभी मंजूर नहीं किया है।

### डीएस क्रिकेट एकेडमी 52 रन से जीती

गंगाराम मैमोरियल क्रिकेट टूनार्मेंट के दूसरे लीग मैच में डीएस क्रिकेट एकेडमी ने यंगसन एयर गौड क्रिकेट एकेडमी को 52 रन से हरा दिया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार अथर्व शर्मा को दिया गया। शास्त्रीनगर के हॉकी मैदान पर पहला गंगाराम मैमोरियल क्रिकेट टूनार्मेंट अंडर 14 चल रहा है। शुक्रवार को डीएस क्रिकेट एकेडमी और यंगसन एयर गौड क्रिकेट एकेडमी के बीच मैच खेला गया। टॉस जीतकर डीएस क्रिकेट एकेडमी ने बल्लेबाजी का फैसला लिया। टीम ने 38 ओवर में 213 रन बनाए। अर्थव शर्मा ने 60 रन व विकास चौहान ने 52 रन की पारी खेली। गर्व को तीन, वंश माहेश्वरी व निर्वाण ने दो दो विकेट लिए। जवाब में यंगसन एयरसन गौड क्रिकेट एकेडमी की टीम 36.3 ओवर में केवल 161 रन बनाकर ढेर हो गई। गर्व ने सबसे अधिक 49 रन बनाए। देवांग ने 33 रन का योगदान दिया। यथार्थ शर्मा व श्रुति पांडे ने दो दो विकेट लिए।

### राजनीति शास्त्र के आसान पेपर ने दी छात्रों को राहत

सीबीएसई बोर्ड के परीक्षा में राजनीति शास्त्र का पेपर आसान आने से छात्रों ने राहत की सांस ली। छात्रों ने बताया कि परीक्षा पत्र में अधिकतर प्रश्न कोर्स में से ही पूछे गए। सभी 40 परीक्षा केंद्र पर परीक्षा नकलविहीन तरीके से हुई। किसी भी सेंटर पर नकलची पकड़ने जाने की जानकारी नहीं मिली। सीबीएसई बोर्ड की इंटर की परीक्षा के लिए बनाए गए सभी 40 केंद्रों पर परीक्षा का आयोजन किया गया। सुबह साढ़े दस बजे से शुरू होने वाली परीक्षा में दस बजे के करीब छात्र परीक्षा केंद्र पर पहुंचने लगे। करियर के लिहाज से महत्वपूर्ण विषय होने के चलते कुछ केंद्र पर खासी संख्या में छात्र दिखाई दिए। परीक्षा कक्ष में प्रवेश स पूर्व केंद्र के स्टाफ ने छात्रों के प्रवेश पत्र व दूसरे कागजों की जांच की।

# चुनावी बॉण्ड खुलासे से घबरायी भाजपा कर रही ध्यान भटकाने की कोशिश : केजरीवाल की गिरफ्तारी पर अखिलेश

**सीतापुर, एजेंसी**



समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भ्रष्टाचार के मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को चुनावी बॉण्ड को लेकर हुए खुलासे से घबराई भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की मुद्दों से ध्यान भटकाने की कोशिश करार देते हुए शुक्रवार को कहा कि भाजपा चाहे जितने नेताओं को जेल भेज दे, लेकिन जनता को जेल नहीं भेज सकती जो आगामी लोकसभा चुनाव में उसे सबक सिखायेगी। यादव यहां विभिन्न आपराधिक मामलों में मिली सजा के तहत सीतापुर जेल में बंद वरिष्ठ सपा नेता एवं पूर्व मंत्री आजम खां से मुलाकात करने आये थे। उन्होंने संवाददाताओं से बातचीत में एक सवाल पर केजरीवाल की गिरफ्तारी की तरफ इशारा करते हुए कहा, चुनावी बॉण्ड के खुलासे ने भाजपा का बैंड बजा दिया है। क्या भाजपा के लोगों को चुनावी बॉण्ड का फायदा नहीं मिला? घबराहट में अपना मुद्दा बदलने का यह जो तरीका है उसमें भाजपा कामयाब नहीं होगी। यह चाहे जितने भी नेताओं को जेल भेज दें, लेकिन जनता को जेल नहीं भेज सकते। जनता इनको सबक सिखाएगी। यादव ने कहा, क्या देश यह स्वीकार करेगा कि झूठे मुकदमे चला कर लोगों को जेल भेज दें? जुल्म करने वाला कितना भी जुल्म करे, लेकिन अंत में सच्चाई की ही जीत होगी। उन्होंने कहा, ह्वकेवल मुख्यमंत्री को जेल भेजने से, खबरों को नियंत्रित करने से लोकतंत्र में उनकी (भाजपा की) जीत नहीं होने वाली है। यह लोग लोकतंत्र को कमजोर कर रहे हैं। लोकतंत्र में जो आवाज उठाना चाहते हैं, सरकार उनकी आवाज दबाना चाहती है। यादव ने कहा, ह्वपीडीए (पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक) ही राजग (भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) को हराएगा और सरकार पीडीए से घबराई हुई है। समय से ज्यादा बलवान कोई नहीं है और जब समय आएगा तब भाजपा को भी जनता सबक सिखाएगी। सपा नेता आजम खां का जिक्र करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि खां के साथ लगातार अन्याय हो रहा है मगर उन्हें उम्मीद है कि खां और उनके परिवार को न्याय मिलेगा। उन्होंने विभिन्न आरोपों में सजायाफ्ता आजम खां, उनकी पत्नी तजीन फातिमा और बेटे अब्दुल्ला को अलग-अलग जेलों में रखे जाने को सरकार की अमानवीय गतिविधि करार दिया। उन्होंने कहा, सरकार की अमानवीय गतिविधि है कि परिवार को सजा मिली लेकिन जेल में वह एक साथ नहीं हैं। क्या सरकार यही तकलीफ और परेशानी देना चाहती है और वह भी झूठे मुकदमे लगाकर? यादव ने कहा, भाजपा दुनिया में सबसे बड़ी पार्टी होने का दावा करती है लेकिन लग रहा है कि भाजपा झूठे मुकदमे दर्ज करने का वर्ल्ड रिकॉर्ड नहीं, बल्कि ब्रह्मांड रिकॉर्ड बना रही है। सपा प्रमुख ने एक सवाल पर कहा कि उनकी आजम खां से रामपुर लोकसभा सीट के टिकट को लेकर भी चर्चा हुई है। हालांकि उन्होंने इस बारे में विस्तार से कुछ नहीं बताया। पूर्व मुख्यमंत्री ने दावा किया कि उत्तर प्रदेश में विभिन्न भर्तियों के सबसे ज्यादा पेपर लीक हुए हैं। उन्होंने कहा, ह्वभाजपा की प्रदेश सरकार ने 60 लाख बच्चों का भविष्य छीना है। उन्हें और उनके माता-पिता को मिला लें तो एक करोड़ 80 लाख वोट होते हैं। अगर हम उसे 80 (उत्तर प्रदेश में लोकसभा सीटों की संख्या) से भाग देते हैं तो हर लोकसभा क्षेत्र में भाजपा के सवा दो लाख वोट कम हुए हैं। जिस दल के, एक लोकसभा क्षेत्र में सवा दो लाख वोट कम हो जाएं, तो सोचिये वह कितनी घबराई हुई होगी। लोकसभा चुनाव में इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) के तहत उत्तर प्रदेश में एक भी सीट नहीं मिलने से नाराज अपना दल (कमेरावादी) की नेता पल्लवी पटेल के एक बयान के बारे में पूछे गए सवाल पर सपा अध्यक्ष ने कहा, साथ छोड़ने वालों की कहानी बहुत लंबी है और आपसे बेहतर कोई नहीं जानता कि कोई क्यों साथ छोड़ रहा है।

## छात्र गुटों में झड़प के बाद एएमयू परिसर में तनावपूर्ण शांति



**अलीगढ़, एजेंसी**

अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) में होली के जश्न को लेकर छात्रों के दो समूहों के बीच झड़प के विरोध में कुछ छात्र नेताओं द्वारा कक्षाओं के बहिष्कार के आह्वान के बीच शुक्रवार को परिसर में शांति है लेकिन तनाव व्याप्त है। विश्वविद्यालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आज सुबह कक्षाएं शुरू होने के तुरंत बाद छात्रों का एक समूह कुछ संकायों में पहुंचा और अनिश्चितकालीन बहिष्कार के आह्वान के तहत छात्र-छात्राओं को कक्षाओं में जाने से रोका। इस बीच एएमयू के प्रवक्ता उमर पीरजादा ने बताया कि कुछ अराजक तत्वों द्वारा ह्वझूठी कहानीह्न फैलाई जा रही है कि एएमयू के अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को परिसर में होली समारोह आयोजित करने से रोका था। उन्होंने कहा, ह्वएएमयू को हमेशा से भाईचारे और समन्वयवादी संस्कृति का गढ़ होने पर गर्व है और रंगों का त्योहार मनाना इस संस्कृति का एक अनिवार्य हिस्सा है। पीरजादा ने कहा, हम चाहते हैं कि त्योहार किसी ऐसी नई परम्परा को कायम किए बगैर मनाया जाए जिससे अन्य वर्गों की संवेदनाओं को ठेस पहुंचती हो। दूसरी ओर, एक विशेष होली मिलन समारोह आयोजित करने की अनुमति मांगने वाले छात्र आदित्य प्रताप सिंह ने बृहस्पतिवार रात संवाददाताओं से बातचीत में आरोप लगाया कि वह अपने लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग अपने धार्मिक त्योहार को स्वीकार्य मानदंडों के अनुसार मनाने के लिए रहा था तभी उसे कुछ कट्टरपंथी तत्वों ने निशाना बनाया। ज्ञातव्य है कि बृहस्पतिवार की दोपहर जाकिर हुसैन कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग परिसर के पास कुछ युवक रंग खेलकर होली मना रहे थे। कुछ अन्य छात्रों के विरोध करने पर दो छात्र गुटों में मारपीट हो गयी थी। एएमयू प्रॉक्टर मोहम्मद वसीम अली ने पत्रकारों को बताया कि बृहस्पतिवार की दोपहर आदित्य प्रताप सिंह ने एएमयू प्रशासन से एथलेटिक्स स्टेडियम में होली मिलन समारोह आयोजित करने की मांग की थी। उन्होंने बताया कि इस पर विश्वविद्यालय प्रशासन ने उसे सख्त हिदायत दी थी कि स्टेडियम में समारोह आयोजित करने से नई परम्परा शुरू हो जाएगी और इससे परिसर में तनाव बढ़ सकता है। अली के मुताबिक इस समारोह के आयोजन की सूचना देने के लिए जगह-जगह पोस्टर चिपकवाये गये थे और रोकने के बावजूद कुछ छात्र एथलेटिक्स स्टेडियम की ओर चले गए। उन्होंने बताया कि इस पर जब कुछ अन्य छात्रों ने आपत्ति जतायी तो विवाद बढ़ गया।

## अदालत में पेश किया गया दोहरे हत्याकांड का दूसरा आरोपी



**बदायूं, एजेंसी**

बदायूं जिले के सिविल लाइंस स्थित बाबा कॉलोनी में दो बच्चों की हाल में हुई हत्या मामले के एक आरोपी को शुक्रवार को अदालत में पेश किया गया। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि मंगलवार देर शाम बाबा कॉलोनी में दो बच्चों की हत्या हुई थी और इस मामले के आरोपी जावेद ने बृहस्पतिवार शाम बरेली के बारादरी क्षेत्र स्थित सैटेलाइट पुलिस चौकी में आत्मसमर्पण कर दिया था। सूत्रों ने बताया कि उसे बदायूं लाकर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश किया गया। उन्होंने बताया कि मजिस्ट्रेट मोहम्मद साजिद ने जावेद की पत्रावली का अवलोकन करने के बाद उसे जेल भेज दिया। उन्होंने बताया कि इस मामले में पुलिस जल्द ही जावेद को पूछताछ के लिए हिरासत में लेने के लिए अदालत से आग्रह कर सकती है। बच्चों की हत्या का एक अन्य आरोपी साजिद वारदात के कुछ घंटे बाद ही पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारा जा चुका है। गौरतलब है कि साजिद नामक व्यक्ति ने अपने भाई जावेद के साथ मंगलवार शाम बाबा कॉलोनी स्थित एक घर में घुसकर तीन नाबालिग भाइयों- आयुष (12), अहान उर्फ हनी (आठ) और युवराज (10) पर चाकू से हमला किया था। इस वारदात में आयुष और अहान की मौत हो गई थी जबकि युवराज गंभीर रूप से घायल हो गया था। मृतक बालकों के पिता विनोद कुमार की शिकायत पर दर्ज प्राथमिकी के मुताबिक साजिद ने उसकी पत्नी संगीता से अपनी पत्नी के प्रसव के लिए पांच हजार रुपये मांगे थे। कुमार के अनुसार जब वह पैसे लेने अंदर गई तो साजिद घर की छत पर चला गया, जावेद भी छत पर पहुंच गया जिसके बाद दोनों ने उसके बेटों को भी छत पर बुलाया और तीनों बच्चों पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। हत्या के कुछ घंटे बाद ही आरोपी साजिद (22) पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारा गया था।

## पूछताछ के लिए बुलाए गए आरोपी की तबियत बिगड़ी, उपचार के दौरान हुई मौत

**बागपत, एजेंसी**

बागपत जिले में एक वकील से हुई लूट के मामले में पूछताछ के लिए कोतवाली लाए गए युवक की कथित रुप से अचानक तबियत बिगड़ गई। उसे मेरठ के अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। दूसरी तरफ घटना को लेकर सोशल मीडिया में आई खबरों में कहा जा रहा है कि पुलिस प्रवीण को बुधवार को कोतवाली लाई थी, जहां रात को उसने हवालात में सल्फास खा ली। हालत बिगड़ने पर पुलिस उसे सरकारी अस्पताल ले गई, जहां से चिकित्सकों ने मेरठ मेडिकल कालेज के लिए उसे रेफर किया। बृहस्पतिवार की सुबह प्रवीण की मौत हो गई। हालांकि पुलिस ने प्रवीण के हवालात में सल्फास खाने की पुष्टि नहीं की है। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने बताया कि बुढेड़ा गांव के निवासी अधिवक्ता तेजवीर सिंह गत 16 मार्च की शाम साढ़े सात बजे मोटरसाइकिल पर सवार होकर बागपत से अपने घर जा रहे थे। रास्ते में मोटरसाइकिल सवार तीन बदमाशों ने उनसे मारपीट कर 50 हजार रुपये लूट लिए थे। उन्होंने बताया कि अधिवक्ता की तहरीर पर बागपत कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। पुलिस की विवेचना के आधार पर आरोपी दीपेश उर्फ दीप तथा नीरज के नाम सामने आये, जिसके बाद दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पुलिस के अनुसार, पूछताछ में प्रवीण (40) का भी नाम सामने आया जिसे 20 मार्च को पुलिस ने पूछताछ के लिए थाना कोतवाली बागपत में बुलाया गया था। अचानक रात में प्रवीण की तबीयत खराब हो गई थी, जिसके बाद उसको उपचार के लिए मेरठ के अस्पताल में भर्ती कराया गया। वह थाना कोतवाली पुलिस व प्रवीण के परिजन अस्पताल में मौजूद रह कर प्रवीण का उपचार करा रहे थे। बृहस्पतिवार सुबह प्रवीण की मौत हो गई। परिजनों द्वारा प्रवीण के शव का अंतिम संस्कार किया गया। घटना के संबंध में वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## प्राथमिक शिक्षक संघ ने शिक्षकों से संबंधित ज्ञापन डीआईओएस को सौंपा

**प्रात: किरण संवाददाता**



अमरोहा। उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ का एक प्रतिनिधि मंडल प्रदेशीय मंत्री डॉ0 जी0 पी0 सिंह के नेतृत्व में जिला विद्यालय निरीक्षक विष्णु प्रताप सिंह से मिला और शिक्षकों व प्रधानाचार्यों की समस्याओं से संबंधित ज्ञापन सौंपा, और लंबित पड़े शिक्षकों के प्रकरणों को शीघ्र निस्तारण की मांग की। मांग पत्र में प्रमुख मांगे की। श्रीमती प्रतिभा यादव प्रधानाचार्य रामचंद्र खत्री स्कूल की सेवा जोड़ने का प्रकरण, केपी सिंह प्रवक्ता कुंदन मॉडल इंटर कॉलेज अमरोहा का प्रोन्नति प्रकरण,नरेश सिंह सहायक अध्यापक ज्ञान भारती इंटर कॉलेज गजरौला का प्रवक्ता पदोन्नति प्रकरण, नियाज हसन सहायक अध्यापक, अनवर सिब्तेन सहायक अध्यापक आईएम इंटर कॉलेज अमरोहा का लगभग दो माह का वेतन एरिया प्रकरण, एनपीएस से आच्छादित शिक्षकों का अंश भी काफी समय से शो नहीं हो पा रहा है तथा राजकीय अंश भी अभी तक अप्राप्त है, कृपया उक्त स्थिति से अवगत होते हुए एनपीएस अंशदान को अपडेट कराने की कृपा करें तथा जनपद यह स्तर पर इनकी मूल पंजिका बनवाने के आदेश देने की कृपा करें ताकि जीपीएफ लेजर की तरह सभी को विदित रहे। वर्ष 2023 24 में कुछ शिक्षकों प्रधानाचार्य की वेतन एरियर अवशेष प्रकरण लंबित है जो इसी सत्र में प्राप्त होने चाहिए कुछ तो बहुत छोटी-छोटी धनराशि के हैं इनका भुगतान इसी सत्र में किया जाना चाहिए अन्ययथा की स्थिति में वह जेडी कार्यालय अथवा निदेशालय से होंगे जिनका कोई औचित्य नहीं होगा अतः कार्यालय में प्राप्त सभी प्रकार के अवशेषों का भुगतान कराने की कृपा करें, जनपद के शिक्षकों के प्रोन्नति प्रकरणों के वेतन निर्धारण का निस्तारण, जनपद अमरोहा से अवशेष एरिया की अनुमान्यता हेतु प्रकरण जेडी कार्यालय तथा निदेशालय भेजे गए हैं उनकी सूची उपलब्ध कराने की कृपा करें ।मांगो के संबंध में जिला विद्यालय निरीक्षक विष्णु प्रताप सिंह ने संगठन के प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया कि ज्ञापन में उल्लिखित मांगो का शीघ्र अति शीघ्र निस्तारण कराया जाएगा ।प्रतिनिधि मंडल में जिलाध्यक्ष गुरनाम सिंह, जिला महा मंत्री बालक राम, जिला कोषाध्यक्ष कृष्ण पाल सिंह, नरेन्द्र पाल सिंह सम्मिलित थे।

# जो बिहार में नीतीश के साथ हुआ, वही हमारे साथ करने की कोशिश की जा रही है: अपना दल

**बागपत, एजेंसी**

उत्तर प्रदेश में विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) के घटक अपना दल (कमेरावादी) ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए अपनी पार्टी को गठबंधन के तहत एक भी सीट नहीं दिए जाने पर नाराजगी जाहिर करते हुए शुक्रवार को कहा कि बिहार में जो नीतीश कुमार के साथ हुआ, वही उत्तर प्रदेश में उसके साथ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की अगुवाई वाला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) अपना दल (कमेरावादी) को सीटों का कोई प्रस्ताव देता है तो पार्टी उस पर निर्णय लेगी। पार्टी नेता एवं विधायक पल्लवी पटेल ने यहां संवाददाता सम्मेलन में इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) गठबंधन के तहत, आगामी लोकसभा चुनाव के लिये उत्तर प्रदेश में अपनी पार्टी को एक भी सीट नहीं दिये जाने पर नाराजगी जाहिर की। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बृहस्पतिवार को कहा था कि अपना दल (कमेरावादी) के साथ वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव के लिये गठबंधन था, 2024 के लोकसभा चुनाव के लिये नहीं। इस बारे में पूछने पर पल्लवी पटेल ने कहा कि अब उत्तर प्रदेश में सपा अध्यक्ष यादव और राष्ट्रीय स्तर पर इंडिया गठबंधन की प्रमुख पार्टी यानी कांग्रेस यह बताएं कि वे अपना दल (कमेरावादी) के साथ क्या करने जा रहे हैं। पटेल ने कहा, जिन लोगों ने इंडिया गठबंधन बनाया है, वह प्रमाणित करें कि हम उसका हिस्सा हैं या नहीं। उन्होंने तल्ख लहजे में कहा, बिहार में (पूर्व में इंडिया गठबंधन में शामिल रहे जनता दल यूनाइटेड के नेता) नीतीश कुमार के साथ जो हुआ, वही उत्तर प्रदेश में (अपना दल-कमेरावादी की अध्यक्ष) राजमाता कृष्णा पटेल के साथ हो रहा है। पटेल ने यह स्पष्ट नहीं किया कि इंडिया गठबंधन में नीतीश कुमार के साथ क्या हुआ था। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी ने इंडिया गठबंधन के तहत उत्तर प्रदेश की मिजार्पुर, फूलपुर और कौशाम्बी लोकसभा सीटें मांगी थीं मगर उन्हें एक भी सीट नहीं दी गयी। गठबंधन को लेकर सपा के रवैये के बारे में उन्होंने कहा, ह्व(सपा के) 2017 में 47 विधायक जीते। साल 2022 में ओम प्रकाश राजभर जी उनके साथ आये, संजय चौहान, केशव देव मौर्या, जयंत चौधरी, राजमाता कृष्णा पटेल साथ आये तब आप 47 से 111 हुए और 34 प्रतिशत वोट आपको मिले। इसके बाद आपको लगने लगा कि 34 प्रतिशत वोट आपके हैं और अब आपको किसी की जरूरत नहीं है। आप गलतफहमी में जी रहे हैं। उनसे पूछा गया कि अगर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की अगुवाई वाला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) अपना दल (कमेरावादी) को सीटों का कोई प्रस्ताव देता है तो क्या वह उसे स्वीकार करेंगी? इस पर पटेल ने कहा, इस बारे में अभी तक कोई प्रस्ताव नहीं मिला है लेकिन अगर ऐसा कुछ होता है तो कोई भी निर्णय पार्टी ही करेगी। उन्होंने कहा कि सीट बंटवारे को लेकर इंडिया गठबंधन से बातचीत के दरवाजे अभी खुले हैं। पटेल ने वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा के टिकट पर गठबंधन प्रत्याशी के रूप में सिराथू सीट से चुनाव लड़ा था जहां उन्होंने प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को पराजित किया था। सपा से तल्खी के बाद वह विधायक पद से इस्तीफा देने के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा, मैं समाजवादी पार्टी की विधायक नहीं हूं। मैं अपना दल गठबंधन की विधायक हूं। हालांकि सपा को मुझसे इस्तीफा मांगने और मुझे निकालने का अधिकार है।

## वकीलों की हड़ताल के कारण राहुल गांधी मामले की सुनवायी टली, अब दो अप्रैल को होगी

**सुलतानपुर, एजेंसी**



केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में सुलतानपुर की एमपी/एमएलए (सांसद/विधायक) अदालत में सुनवायी शुक्रवार को वकीलों की हड़ताल के कारण स्थगित कर दी गयी। इस मामले में सुनवाई अब दो अप्रैल को होगी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता विजय मिश्रा ने राहुल गांधी पर शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप लगाते हुए उनके विरुद्ध यहां एमपी/एमएलए अदालत में शिकायत दर्ज करायी थी। वादी के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने बताया कि राहुल गांधी से संबंधित मामले में आज सुनवायी होनी थी, लेकिन अपनी विभिन्न मांगों को लेकर वकीलों की हड़ताल के मद्देनजर सुनवायी नहीं हुई। अदालत इस मामले पर अब दो अप्रैल को सुनवायी करेगी। शिकायतकर्ता के मुताबिक राहुल गांधी ने मई 2018 में कर्नाटक विधानसभा चुनाव के दौरान बेंगलुरु में एक संवाददाता सम्मेलन में शाह के खिलाफ कथित रूप से मानहानिकारक टिप्पणी की थी। अदालत ने इस मामले में पिछले साल दिसम्बर में राहुल गांधी के खिलाफ वारंट भी जारी किया था। इसके बाद राहुल गांधी ने गत 20 फरवरी को अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा को अमेठी में रोक दिया था और अदालत में पेश हुए थे, जहां से उन्हें जमानत मिल गई थी।

## होली मिलन समारोह का आयोजन, शान्ति पूर्वक मनाने का आहान



**प्रात: किरण संवाददाता**

अमरोहा। ब्लॉक जोया क्षेत्र के गांव दरियापुर में ग्राम प्रधान मोहम्मद यूनुस सैफी के आवास पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। यहां ग्रामीणों और सुभासपा कार्यकताओं ने बड़े ही हर्षोल्लास के साथ फूलों की होली खेली। लोगों से शिकवे गिले भुलाकर धूमधाम से होली का पर्व मनाने का आवाहन किया गया। इस अवसर पर सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष सत्यपाल तोमर ने कहा कि होली प्रेम व रंग बिरंगे रंगों का सनातन संस्कृति व सभ्यता का प्रतीक पावन पर्व है। जिसमें सभी धर्म जाति के लोगों को सब शिकवे गिले भुला कर रहना सिखाता है। ऐसे में नशा न करें। हुड़दंग न करें। समाज में खुशी का माहौल बनाए ग्राम प्रधान मोहम्मद यूनुस सैफी ने कहा कि होली बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। रंगो का त्योहार पूरे उत्साह के साथ मनाए। कुछ लोग जो नशा करके आधुनिकता की चकाचौंध में अपनी प्रचीन सभ्यता को भूलकर हुड़दंग करते वो किसी तरह का नशा न करके समाज मे खुशी का माहौल बनाएं रखें। मुश्किल स्थिति में पुलिस का सहयोग लें।इस दौरान आदेश अमरोही, डॉ0 जगत सिंह गुर्जर, शाहरुख, मुंशीराम, आसाराम, शीशराम, नरोत्तम, राजेंद्र सिंह, गणेश सिंह, जसराम, सूरज सिंह, अशोक कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

## गोल्डन बैल्स इंटरनेशनल स्कूल का वार्षिक परीक्षाफल घोषित




**प्रात: किरण संवाददाता**

स्योहारा।गोल्डन बैल्स इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिक परीक्षा फल घोषित किया गया जिसमें प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को स्मृति चिन्ह, मेडल, क्राउन कैप देकर सम्मानित किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्योहारा ठाकुरुद्वारा रोड स्थित गोल्डन बैल्स इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के परीक्षाफल घोषित किया गया। विद्यालय के संस्थापक सरदार गुरविन्दर सिंह, प्रधानाचार्य शेखर सिंह ने माँ सरस्वती के चित्र पर दीपक प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी कक्षाओं के छात्र- छात्राओं को स्मृति चिन्ह, मेडल, क्राउन कैप देकर सम्मानित किया गया। पर लवीना अनवार, शिखा चौहान, अनम परवीन, छवि राणा, अनम, विशाल, फौजिया, सारा चौधरी, अलवीरा खान, पारुल, रेमशा वसीम सहित समस्त अध्यापक एवं अध्यापिकाएं मौजूद रही।

## दिल्ली के मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी को लेकर आप कार्याकताओं ने उबाल, किया प्रर्दशन



- आम आदमी पार्टी भाजपा के खिलाफ सीना ठोक कर लड़ाई लड़ती हैः मस्तराम

**प्रात: किरण संवाददाता**

अमरोहा।दिल्ली के मुख्यमंत्री व आम आदमी पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद जिले के आप कार्यकर्ताओं का गुस्सा भड़क गया। शुक्रवार दोपहर कलक्ट्रेट पहुंचे पार्टी नेताओं ने इसे लोकतंत्र की हत्या करार देते हुए विरोध-प्रदर्शन किया। इस दौरान जिले के सपा कार्यकर्ता भी उनके साथ मौजूद रहे।कलक्ट्रेट पहुंचे आम आदमी पार्टी के प्रांतीय अध्यक्ष मोहम्मद हैदर ने कहा कि कल का दिन देश के राजनीतिक इतिहास का सबसे बेकार दिन था। आरोप लगाया कि जब से इंडिया गठबंधन बना है, तभी से प्रधानमंत्री मोदी को अपनी हार का अंदाज हो गया है। दावा किया कि भाजपा 400 तो दूर ईमानदारी के साथ चुनाव होने पर 100 सीट भी नहीं जीत सकती। इसी घबराहट के चलते इंडिया गठबंधन के नेताओं को ईडी और सीबीआई के जरिए गिरफ्तार कराया जा रहा है। कहा कि अरविंद केजरीवाल के राजनीतिक कद और उनके काम को जेल में कैद नहीं किया जा सकता। ईडी, सीबीआई से आप कार्यकर्ता और पदाधिकारी न कभी डरेंगे न झुकेंगे। आप जिलाध्यक्ष रूपचंद्र चौहान ने कहा कि लोकतंत्र और देश बचाने के लिए सभी देशवासियों को एकजुट होना होगा। सपा जिलाध्यक्ष मस्तराम सिंह यादव ने कहा कि आम आदमी पार्टी भाजपा के खिलाफ सीना ठोक कर लड़ाई लड़ती है। यही वजह है कि प्रधानमंत्री मोदी के इशारे पर उनके नेताओं को जेल में डाला जा रहा है। पार्टी कार्यकर्ताओं ने हर स्तर पर इसको लेकर अपना विरोध जारी रखने की बात कही। इस दौरान मौहम्मद आमिर, अमर सिंह, यशपाल राणा, रियाज अहमद, राहुल शर्मा,कविता कांत, शाहिद, हारीस, वसीम, फैजल इदरीसी, रोहतास सैनी,नफीस आदि पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मोबाइल टावरों से लगातार चोरी हो रहें हैं आरआरयू और उपकरण

**लोनी, एजेंसी**

मोबाइल टावरों से लगातार आरआरयू और उसके सहायक उपकरण चोरी हो रहे हैं। गत दो माह के दौरान चोरों ने आधा दर्जन मोबाइल टावरों को अपना निशाना बनाया है, लेकिन चोरों का सुराग नही लग रहा है। कंपनी के प्रतिनिधि ने रिपोर्ट दर्ज करा दी है। नोएडा की शिवम इन्फोकोम प्रा0 लि0 कम्पनी के टैक्नीशियन दीपक ने बताया कि उनकी कम्पनी का एक मोबाइल टावर अंकुर विहार थाने की ऋषि मार्किट कॉलोनी में लगा हुआ है। इस टावर से 16 मार्च की रात दो आरआरयू और उनके सहायक उपकरण चोरी कर लिए गए हैं। जबकि 15मार्च को अलियाबाद रोड पर लगे एअर टेल टावर से एक आरआरयू तथा सहायक उपकरण चोरी कर लिए थे। इससे पूर्व 15 मार्च को ही गढी कटैया गांव के पास दादी भोई फार्म हाऊस में लगे इंडस कम्पनी के टावर से तीन आरआरयू तथा सहायक उपकरण चोरी कर लिए गए थे। जबकि इसी टावर से 12जनवरी तथा 26 फरवरी को एक एक आरआरयू और सहायक उपकरण चोरी कर लिए गए थे। इसके अलावा अलियाबाद रोड पर लगे एअर टेल मोबाइल टावर से छह जनवरी को एक आरआरयू चोरी कर लिया गया था। कम्पनी प्रतिनिधि दीपक ने बताया कि मोबाइल टावरों से लगातार आरआरयू चोरी हो रहे हैं, लेकिन पुलिस किसी भी घटना का सुराग नही लगा पाई है। जबकि रिपोर्ट भी महीनों बाद दर्ज की है।



# वेलकम टू द जंगल के सेट पर लौटना आसान नहीं था

**अभिनेता श्रेयस तलपड़े इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म वेलकम टू द जंगल की शूटिंग में व्यस्त हैं। इस फिल्म में वे अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी और रवीना टंडन जैसे कलाकारों के साथ नजर आने वाले हैं। अभिनेता के लिए इस फिल्म में काम करना एक अलग अनुभव है क्योंकि उन्हें इस फिल्म के सेट पर दिल का दौरा पड़ा था।**

पिछले दिनों श्रेयस ने एक इंटरव्यू में इस फिल्म और अपने हेल्थ से जुड़े कई खुलासे किए। वेलकम टू द जंगल के सेट पर श्रेयस को दिल का दौरा पड़ा था। अपनी बीमारी से उबरने के ढ़ाई महीने बाद वे फिल्म की सेट पर लौटे। श्रेयस इस विषय में बात करते हुए कहते हैं, मैं आपको बता नहीं सकता हूं कि मैं काम पर लौटने से पहले कितना नर्वस था। मुझे लग रहा था कि कहीं कुछ फिर से गड़बड़ न हो जाए। श्रेयस तलपड़े अपनी बात जारी रखते हुए कहते हैं, मैं लगातार अपने हार्ट-रेट को नोटिस कर रहा था। मुझे काफी घबराहट हो रही थी। मुझे डॉक्टर ने सलाह दी थी कि मैं बिल्कुल स्ट्रेस न लूं। साथ ही साथ उन्होंने यह भी हिदायत दिया था कि मैं एक्शन नहीं करूं और न ही कुछ भी हैवी उठाऊं।

श्रेयस तलपड़े इन दिनों डॉक्टर की सलाह पर ही काम कर रहे हैं। हाल ही में अभिनेता ने खुलासा किया था कि उनके परिवार में दिल की बीमारियों का इतिहास रहा है। श्रेयस अपने चाचा और पिता को हार्ट-अटैक की वजह से ही खो चुके हैं। अहमद खान के निर्देशन में बन रही फिल्म वेलकम टू द जंगल में श्रेयस तलपड़े के अलावा अक्षय कुमार, रवीना टंडन, दिशा पटानी, जैकलीन फर्नांडीज, अरशद वारसी, संजय दत्त, तुषार कपूर और राजपाल यादव नजर आने वाले हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो यह फिल्म इस साल क्रिसमस पर रिलीज होने वाली है।



# बॉलीवुड में रहना नहीं है आसान, हर दिन एक नई चुनौती के लिए हूं तैयार

**नोरा फतेही फिल्म मडगांव एक्सप्रेस में अहम भूमिका में नजर आई हैं। दर्शक उन्हें एक अभिनेत्री के रूप में देखने के लिए काफी उत्साहित हैं। नोरा अपने अभिनय करियर के बारे में बात करते हुए कहती हैं, मैं खुद पर हर दिन काम कर रही हूं। मैं जो कल थी वो आज नहीं हूं।**

नोरा फतेही अपने मेहनत के दम पर धीरे-धीरे ही सही बॉलीवुड में अपनी पहचान बनाने में कामयाब रही हैं। फिल्म इंडस्ट्री में उन्होंने अपनी शुरुआत एक डांसर के रूप में की थी। बाद में उन्होंने कई म्यूजिक वीडियो में काम किया। आज बॉलीवुड में उनकी पहचान एक सक्षम अभिनेत्री के रूप में होती है। हाल ही में अपनी फिल्म मडगांव एक्सप्रेस के प्रमोशन के दौरान नोरा अपने करियर के उतार-चढ़ाव के बारे में खुलकर बातें करती नजर आईं।

### टाइपकास्ट होने का डर

नोरा फतेही खुद को बेहतर बनाने में यकीन रखती हैं। उनसे जब ये पूछा गया कि क्या आपको अब भी फिल्मों में रोल पाने के लिए संघर्ष करना पड़ता है। इस सवाल के जवाब में अभिनेत्री कहती हैं, देखिए मैंने अपने करियर की शुरुआत बतौर डांसर की थी। शुरुआत में कई फिल्मों में मैंने आइटम नंबर भी किए थे। एक वक्त पर मुझे लगने लगा था कि मुझे टाइपकास्ट किया जा रहा है। मुझे खुद को रिपीट करना पसंद नहीं है।

### हर दिन एक नई चुनौती

नोरा अपनी बात जारी रखते हुए कहती हैं, इंडस्ट्री में एक डांसर को कोई सीरियस भूमिका में कास्ट नहीं करना चाहता है। उन्हें लगता है कि ये बस आइटम नंबर कर पाएगी और कुछ नहीं, लेकिन मैं उनके इस सोच को बदलना चाहती हूं। मैं चाहती हूं कि वे इस चीज को समझे कि मैं हर तरह की भूमिका निभा सकती हूं और मैं हर चैलेंज के लिए तैयार हूं।




# एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर पर है विद्या बालन की दो और दो प्यार

फिल्म दो और दो प्यार में विद्या बालन, प्रतीक गांधी, इलियाना डिक्रूज और सेंधिल रामामूर्ति लीड रोल मे नजर आएंगे। आज 21 मार्च को फिल्म का टीजर रिलीज हो गया। टीजर की शुरुआत विद्या और प्रतीक से होती है, जो एक बिस्तर पर बैठे खाना खा रहे हैं। प्रतीक, विद्या को मिल्क ऑफर करते हैं, जिस पर वह कहती हैं वो वीगन (पूर्ण शाकाहारी) हैं और मिल्क से बने कोई भी प्रोडक्ट्स इस्तेमाल नहीं करती हैं। इतना सुनने के बाद प्रतीक कहते हैं कि तुम्हारे फेसवॉश में भी मिल्क है...इसके बाद इलियाना डिक्रूज और सेंधिल की लव जर्नी को दिखाया जाता है। फिल्म इन दोनों कपल के बीच के प्यार और अनबन को मिक्सअप करके पेश करेगी। इसके निर्माता अपलोज एंटरटेनमेंट और एलिप्सिस एंटरटेनमेंट हैं। फिल्म 29 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसे श्रृषा गुहा ठाकुरता ने डायरेक्ट किया है और यह उनकी डेब्यू फिल्म है। फिल्म साल 2017 में आई विदेशी फिल्म 'द लवर्स' की कहानी पर बेस्ड है, जो एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर पर बात करती है। विद्या को पिछली बार नाटकीय फिल्म 'नीयत' में देखा गया था, जिसमें उन्होंने मीरा राव नामक एक सीबीआई अधिकारी की भूमिका निभाई थी, जो अरबपति आशीष कपूर (राम कपूर द्वारा अभिनीत) की मौत की जांच करती है और एक समारोह में इकट्ठे हुए परिवार को यह खबर सुनाती है।



# बॉलीवुड में वापसी के लिए तैयार हैं प्रियंका चोपड़ा!

बॉलीवुड की देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा अब ग्लोबल स्टार बन चुकी हैं। इन दिनों प्रियंका भारत आई हुई हैं। पति निक जोनस और बेटी मालती के साथ वह मुंबई में ही हैं। बीते दिनों बेटी और पति के साथ अयोध्या रामलला के दर्शन करने पहुंची थीं, जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुई। अब अभिनेत्री के बॉलीवुड में वापसी को लेकर खबर सामने आ रही है। खबर के मुताबिक अपने अगले बॉलीवुड प्रोजेक्ट के चलते प्रियंका इन दिनों मुंबई में हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म निर्माता संजय लीला भंसाली के साथ फिर से सहयोग करने के लिए बातचीत कर रही हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, प्रियंका चोपड़ा की ये पूरी ट्रिप उनके प्रोजेक्ट्स को लेकर है। प्रियंका अपने प्रोडक्शन हाउस पर भी फोकस करेंगी और तीन या चार प्रोजेक्ट्स फाइनल करेंगी। बताया गया है कि प्रियंका अपने बॉलीवुड कमबैक के चलते कई फिल्म निर्माताओं से मिल रही हैं। एक पीरियड एक्शन फिल्म के लिए वह संजय लीला भंसाली के साथ बातचीत कर रही हैं।




# तुषार कपूर प्रेरणा अरोड़ा की फिल्म डंक में शामिल हुए

निर्माता प्रेरणा अरोड़ा का अपने ओटीटी डेब्यू डंक को अविस्मरणीय अनुभव बनाने का दृढ़ संकल्प और मजबूत हो गया है। निधि अग्रवाल के अलावा, प्रेरणा अब प्रतिभाशाली तुषार कपूर को पहले कभी न देखे गए अवतार में लेकर आई हैं। तुषार, जो एक अभिनेता के रूप में अपनी विविधता के लिए जाने जाते हैं, डंक के साथ अपनी ओटीटी फिल्म की शुरुआत करने जा रहे हैं और जो बात इसे और भी खास बनाती है, वह यह है कि तुषार का किरदार उन्हें एक गहन और दिलचस्प अवतार में प्रस्तुत करता है। तुषार को पहले भी उनकी कॉमिक टाइमिंग के लिए सराहा गया है, लेकिन डंक में उनकी भूमिका के लिए वे वास्तव में अपनी सीमाएँ लाँघने और दर्शकों को आश्चर्यचकित करने वाला है। तुषार ने कहा, एक ऐसी कहानी का हिस्सा बनना, जो हर किरदार को इतनी बारीकियों के साथ प्रस्तुत करती है, एक ऐसा अवसर है, जिसके लिए मैं हमेशा तैयार रहूँगा। डंक की कहानी और इसके पात्र मेरे लिए बहुत दिलचस्प हैं। मैं एक वकील की भूमिका निभा रहा हूँ, जो हार नहीं मानता है और सफलता पाने के लिए निरंतर प्रयास करता है। प्रेरणा की कहानियों का चयन अतीत में बड़ी हिट साबित हुई है और मुझे उसकी दृष्टि पर पूरा भरोसा है। प्रेरणा अरोड़ा, जिन्होंने पहले पैडमैन, टॉयलेट- एक प्रेम कथा, रुस्तम जैसी कई ब्लॉकबस्टर फिल्में बनाई हैं, तुषार को इस किरदार में पेश करने के लिए उत्साहित हैं।

# मिर्जापुर 3 में नहीं दिखेगा मुन्ना भैया का भौकाल!



मिर्जापुर सीरीज में अपने अभिनय से सबके दिलों में बसने वाले दिव्येंदु शर्मा इन दिनों अपनी फिल्म मडगांव एक्सप्रेस को लेकर चर्चा में चल रहे हैं। मिर्जापुर 3 देखने का फैंस बेसब्री से इंतजार भी कर रहे हैं। वही, कई लोग मुन्ना भैया के रोल में दिव्येंदु शर्मा को फिर से देखना चाहते हैं। अब दिव्येंदु शर्मा ने के एक करीबी सूत्र ने इन खबरों की सच्चाई का खुलासा किया है और बताया है कि मुन्ना भैया इस सीजन में नहीं दिखेंगे। उन्होंने यह भी खुलासा किया है कि इस बार सीरीज में सिर्फ मुन्ना भैया के फ्लैशबैक सीन्स से काम चलाना पड़ेगा वही, एक इंटरव्यू में दिव्येंदु शर्मा ने खुलासा किया कि वह एक जैसे रोल कर के काफी थक गए हैं।



# हाईवे में आलिया के साथ काम करने पर बोले रणदीप

रणदीप हुड्डा का कहना है कि आलिया जुहू में पली बढ़ी हैं। कुछ समय पहले तक उन्होंने बहुत दुनिया नहीं देखी थी। उन्होंने यह भी बताया कि फिल्म हाईवे की शूटिंग के दौरान वो चाहते थे कि आलिया उनसे डरें। यह सारी बातें रणदीप ने अपनी अपकमिंग फिल्म स्वातंर्त्य वीर सावरकर के प्रमोशनल इवेंट के दौरान कही हैं। उनकी यह फिल्म 22 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। ह्यूमन्स ऑफ बॉम्बे को दिए इंटरव्यू के दौरान रणदीप से पूछा गया कि क्या उन्होंने फिल्म हाईवे की शूटिंग के दौरान आलिया से बात नहीं की थी? इस पर सहमति जताते हुए उन्होंने कहा कि उस वक्त आलिया ने उनसे ज्यादा बात नहीं की थी।

### रणदीप चाहते थे कि आलिया सेट पर डरें

इस बारे में रणदीप ने विस्तार से बताया- मुझे बहुत एक्सपोजर मिला था। मैं एनसीआर में गुर्जरों और जाटों के साथ रहा था। मैं उन्हीं के बीच बड़ा हुआ हूं। लेकिन आलिया की परवरिश जुहू में हुई थी। उन्होंने बहुत दुनिया नहीं देखी थी। इसी का फायदा मिला कि मैं शूटिंग के वक्त अपने किरदार से डर बनाने में कामयाब रहा। सेट पर वो (आलिया) मुझसे डरती थीं और मैं यही चाहता था। मैंने भी उनसे बात नहीं की। वो मेरे पास बैठती तक नहीं थीं। इसका असर फिल्मी पर्दे पर भी देखने को मिला। किरदार के हिसाब से भी यही डिमांड थी। उस वक्त वो नई थीं। उस वक्त भी वो अच्छा परफॉर्म कर रही थीं। 2014 में इंडियन एक्सप्रेस के साथ एक इंटरव्यू में रणदीप ने फिल्म की शूटिंग प्रोसेस पर बात की थी। उन्होंने कहा था- आलिया को लगा था कि मैं बोरिंग हूं। लेकिन इसके बाद भी मैंने उनसे बात करनी तभी शुरू की, जब रील किरदार में हमारी बातचीत शुरू हुई।

रणदीप हुड्डा की अपकमिंग फिल्म 'स्वातंर्त्य वीर सावरकर' शहीद दिवस के मौके पर रिलीज होगी। इस फिल्म से रणदीप डायरेक्टोरियल डेब्यू करेंगे। इसके साथ ही वो इसमें लीड रोल प्ले करते भी नजर आएंगे। इस फिल्म में रणदीप के अलावा मशहूर टीवी एक्ट्रेस अंकिता लोखंडे और अमित सियाल भी अहम रोल में नजर आएंगे। फिल्म को रणदीप हुड्डा ने को-प्रोड्यूस भी किया है।

# बिना फिल्टर के जीवन काफी बेहतर

चैट शो नो फिल्टर नेहा की मेजबानी करने वाली एक्ट्रेस नेहा धूपिया ने कहा कि बिना फिल्टर वाला जीवन ताजगीपूर्ण, उत्साहपूर्ण और मजेदार होता है। नेहा ने कहा कि अगर वास्तविक जीवन में कोई फिल्टर नहीं होता तो उन्हें कैसा महसूस होता, उन्होंने कहा- मुझे ऐसा लगता है कि बिना फिल्टर के जीवन वास्तव में काफी ताजा है। यह मार्मिक, मजेदार और ईमानदार है लेकिन जब तक ये किसी को ठेस नहीं पहुंचाए, तब तक ही अच्छी है। नेहा ने कहा, अगर आप इसे अपने लिए कर रहे हैं और आप बेहतर महसूस करते हैं और आप आराम से बिस्तर पर जाते हैं, यह अहम बात है। लेकिन मुझे नहीं लगता कि किसी की भावना को ठेस पहुंचाना जरूरी है। एक्ट्रेस ने आगे कहा, आपके अपने स्तर पर अपने स्वयं के फिल्टर का होना वास्तव में अच्छा है। नेहा जल्द ही मानसिक स्वास्थ्य पर केंद्रित आगामी वेब सीरीज थेरेपी शेरेपी में दिखाई देंगी।






## संक्षिप्त समाचार

### होटल ऐसोसिएशन ऑफ इंडिया ने के बी काचरु को दो साल के कार्यकाल के लिए अध्यक्ष चुना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रैडिसन होटल ग्रुप में दक्षिण एशिया के चेयरमैन श्री के बी काचरु को होटल ऐसोसिएशन ऑफ इंडिया (एचएआई) की ऐतिहासिक 100वीं कार्यकारी समिति की बैठक में दो साल के कार्यकाल के लिए अध्यक्ष चुना गया है। 18 मार्च 2024 को द पार्क, नई दिल्ली में एचएआई की 27वीं सालाना आम सभा के बाद कार्यकारी समिति की बैठक हुई थी। श्री काचरु निवर्तमान अध्यक्ष श्री पुनीत छटवाल, प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यकारी अधिकारी, आईएचसीएल से कार्यभार ग्रहण करेंगे। कार्यकारी समिति ने इस बैठक में आईएचसीएल के कार्यकारी उपाध्यक्ष-परिचालन श्री रोहित खोसला को ऐसोसिएशन का उपाध्यक्ष भी चुना है। भारतीय हॉस्पिटैलिटी उद्योग की शीर्ष संस्था होटल ऐसोसिएशन ऑफ इंडिया ने सर्वसम्मति से अन्य पदाधिकारियों का भी चयन किया है जिनमें शामिल हैं- डॉ जे के मोहंती (प्रबंध निदेशक-स्वोस्ति प्रीमियम लिमिटेड) बतौर मानद सचिव तथा श्री संजय सेठी (प्रबंध निदेशक व सीईओ-षाले होटल्स लिमिटेड) बतौर मानद कोषाध्यक्ष। इनका कार्यकाल भी दो वर्ष का रहेगा।नए सदस्यों का स्वागत करते हुए और टीम को बधाई देते हुए एचएआई के महासचिव एम पी बेज़बरुआ ने निवर्तमान समिति सदस्यों को धन्यवाद दिया और कहा कि उनके साथ ऐसोसिएशन का रिश्ता स्थाई और निरंतर है।

### राधाकिशन दमानी का बड़ा दांव, 5000 के पार जाएगा यह शेयर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** एवेन्यू सुपरमार्ट्स लिमिटेड के शेयर फोकस में हैं। कंपनी के शेयर आज गुरुवार को शुरुआती कारोबार में 3 प्रतिशत तक टूटकर 4,175.05 रुपये पर ट्रेड कर रहे हैं। मार्केट एक्सपर्ट के मुताबिक, आने वाले दिनों में इस शेयर में और तेजी आ सकती है। सीएलएसए ने एवेन्यू सुपरमार्ट्स लिमिटेड पर बाय रेटिंग के साथ कवरेज शुरू किया है। ब्रोकरेज ने एवेन्यू सुपरमार्ट्स लिमिटेड के शेयर पर 5,107 का टारगेट प्राइस तय किया है। यानी इसमें 22 प्रतिशत की तेजी देखी जा सकती है। उम्मीद है कि वित्तीय वर्ष 2034 तक डी-मार्ट के स्टोर मौजूदा 341 से तीन गुना हो जाएंगे। क्योंकि कंपनी के चेन नए राज्यों के साथ-साथ उन राज्यों में भी अपनी उपस्थिति का विस्तार कर रही है जहां यह पहले से मौजूद है।

### पिछले दो चुनावी वर्षों में मकानों की बिक्री ने नए रिकॉर्ड बनाए



**नईदिल्ली, एजेंसी।** एनारॉक डॉट ग्रुप का कहना है कि डेटा रुझानों से संकेत मिलता है कि पिछले दो चुनावी वर्षों 2014 और 2019 में मकानों की बिक्री ने नए रिकॉर्ड बनाए। रियलिटी क्षेत्र की कंपनी ने बताया कि 2014 में शीर्ष सात शहरों में बिक्री लगभग 3.45 लाख यूनिट तक पहुंच गई थी, जबकि नये लॉन्च लगभग 5.45 लाख यूनिट के साथ नए रिकॉर्ड पर थे। एनारॉक ने कहा कि इसी तरह, 2016 और 2019 के बीच आवासीय अचल संपत्ति बाजार में सुस्ती के बाद 2019 में मकानों की बिक्री लगभग 2.61 लाख इकाई तक बढ़ गई।

# दानी हो तो ऐसा ! गिफ्ट में दे दिए 550 करोड़ रुपये के शेयर

## आईडीएफसी फर्स्ट् बैंक के एमडी एंड सीईओ वी वैद्यनाथन एक बार फिर से चर्चा में हैं

**नईदिल्ली, एजेंसी।** जब देश में दानवीरों की बात आती है तो आईडीएफसी फर्स्ट् बैंक के एमडी और सीईओ वी वैद्यनाथन का नाम प्रमुखता से लिया जाता है। इन्होंने फरवरी 2022 के दौरान अपने ट्रेनर, हाउसहेल्प और ड्राइवर समेत पांच व्यक्तियों को मकान खरीदने के लिए नौ लाख शेयर दान में दे दिया था। उस समय उन शेयरों की कीमत 3.95 करोड़ रुपये थी। अब उन्होंने करीब 550 करोड़ रुपये के शेयर दान में दे दिए हैं। आइए जानते हैं इस बारे में।

कल यानी 21 मार्च को की गई एक रेगुलेटरी फाइलिंग में बताया गया है कि आईडीएफसी फर्स्ट् बैंक के एमडी और



सीईओ वी वैद्यनाथन एक बार फिर से सैकड़ों करोड़ रुपये के सात लाख शेयर दान किए हैं। इस बैंकर ने पांच लोगों को यह उपहार दिया है। इनमें वायु सेना का एक रिटायर्ड ऑफिसर और माता-पिता को खो चुका एक बच्चा भी शामिल है। जिस दिन शेयर दान में दिए गए उस दिन आईडीएफसी बैंक के एक शेयर की कीमत 77.90 रुपये थी। आज तो इसकी कीमत और चढ़ कर 78.34 रुपये तक पहुंच गई है। मतलब कि करीब 550 करोड़ रुपये के शेयर उपहार में दे दिए।

**रिटायर्ड विंग कमांडर को दिए ढाई लाख शेयर :** फाइलिंग से पता चलता है कि वैद्यनाथन ने मकान खरीदने के लिए समीर म्हात्रे को आईडीएफसी फर्स्ट् बैंक के 50,000 शेयर दान कर दिए। मतलब कि उन्हें इस शेयर के जरिए 38.95 लाख रुपये दान में मिले। इसी के साथ उन्होंने अपने एक सहकर्मी के रिश्तेदार मयंक मृणाल घोष को 75,000 शेयर दान दिए। इस बैंक के कल की कीमत पर जोड़ा जाए तो मयंक को 58.42 लाख रुपये से भी ज्यादा की रकम दान में मिली है। इसी दिन उन्होंने वायु सेना के एक रिटायर्ड विंग कमांडर संपत कुमार को 2.5 लाख शेयर उपहार में दिए। कल जिन दो अन्य लोगों को शेयर दिए गए वे हैं - ए कनौजिया (मकान खरीदने के लिए 2.75 लाख शेयर) और मनोज सहाय जिनकी पहचान बैंकर के दोस्त के रूप में की गई है।

### पहले भी देते रहे हैं दान में शेयर

वैद्यनाथन ने लाखों शेयर का दान पहली बार नहीं किया है। इससे पहले भी वह अपने शेयर लोगों को दान में देते रहे हैं। इससे पहले फरवरी 2022 में, बैंकर ने अपने ट्रेनर, हाउसहेल्प और ड्राइवर सहित पांच व्यक्तियों को मकान खरीदने में मदद करने के लिए अपने पास मौजूद 9 लाख शेयर, जिनकी कीमत 3.95 करोड़ रुपये से अधिक थी, उपहार में दिए थे। साल 2020 में, उन्होंने कथित तौर पर अपने पूर्व गणित शिक्षक को शेयर उपहार में दिए थे, जिन्होंने एक प्रमुख स्कूल में दाखिला लेने पर उन्हें 500 रुपये की सहायता की थी। बताया जाता है जनवरी 2018 से वैद्यनाथन ने बैंक में अपनी हिस्सेदारी का लगभग 40 प्रतिशत भाग उपहार में दे दिया है।

# ऑनलाइन खूब बिक रहे राजनीतिक दलों के सामान, ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर आम चुनाव की धूम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत में आम चुनाव-2024 के करीब आते-आते राजनीतिक उत्साह ई-कॉमर्स क्षेत्र में भी व्याप्त हो गया है। ई-कॉमर्स मंचों पर विभिन्न राजनीतिक दलों से संबंधित माल सबसे ज्यादा देखा जा रहा है। ये ऑनलाइन मंच चुनाव से संबंधित सभी उत्पाद जैसे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कमल से लेकर पुरानी समुद्री घड़ियों पर आम आदमी पार्टी (आप) का चुनाव चिह्न झाड़ू और कांग्रेस के प्रसिद्ध दुपट्टे आदि पेश करते हैं। बस, किसी ई-कॉमर्स वेबसाइट पर किसी भी राजनीतिक दल का नाम दर्ज करें, और झंडे से लेकर पेंडेंट (गले में पहना जाने वाला) और पेन तक विविध प्रकार के सामान पेज पर आ जाएंगे। एक ई-कॉमर्स मंच की एक प्रतिनिधि ने कहा कि यह प्रवृत्ति शुरू में 2019 के चुनावों के दौरान उभरी जब ई-कॉमर्स मंच प्रचार माल और सहायक उपकरण के लिए पसंदीदा गंतव्य बन गए।



### खूब बिक रहे ये सामान

उन्होंने कहा, जब सब कुछ ऑनलाइन बेचा जाता है, तो यह क्यों नहीं। ...और विक्रेता ही इसे हमारे मंच पर डालते हैं और ई-कॉमर्स वेबसाइटों को बस यह जांचना है कि यह नियमों का पालन करता है कि नहीं। विशेष रूप से, कुछ राजनीतिक दलों ने स्वयं अपनी-अपनी वेबसाइटों पर ऐसे माल बेचने में सक्रियता दिखाई है।उदाहरण के लिए, नमो मर्चेंडाइज वेबसाइट मोदी का परिवार, फिर एक बार, मोदी सरकार, मोदी की गारंटी, और मोदी है तो मुमकिन है जैसे नारों से सजी टी-शर्ट, मग, लोटा, नोटबुक, बिल्ला, रिस्टबैंड (कलाई पर बांधा जाने वाला), चाभी का छल्ला, स्टिकर, चुम्बक, टोपी और कलम आदि उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला का दावा करती है।

### सात चरणों में होने हैं चुनाव

इस प्रवृत्ति पर पीटीआई-भाषा द्वारा अमेजन इंडिया और फ्लिपकार्ट से प्रतिक्रिया मांगने का प्रयास किया गया लेकिन दोनों मंचों से प्रतिक्रिया नहीं मिली। हालांकि, ई-कॉमर्स मंच पर इन सामानों के आपूर्तिकर्ताओं में से एक ने खुलासा किया कि लोकसभा चुनावों में ऐसी वस्तुओं की ऑनलाइन बिक्री में वृद्धि देखी गई। आपूर्तिकर्ता ने कहा, पहले, हमारी आपूर्ति दुकानों को होती थी, लेकिन ऑनलाइन खुदरा मंचों की ओर झुकाव को देखते हुए हमें इसे अपनाना ही ठीक लगा। लोकसभा चुनाव 19 अप्रैल से सात चरणों में होने हैं। मतगणना चार जून को होगी।

# टाटा केमिकल्स और एयरटेल पर जुर्माना लगा

## टाटा केमिकल्स पर 103.63 करोड़ रुपये का जुर्माना लगा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अगर आप शेयर बाजार में निवेश करते हैं तो ये खबर आपके काम की है। रतन टाटा की टाटा केमिकल्स और एयरटेल पर तगड़ा जुर्माना लगा है। आयकर विभाग ने ब्याज की अस्वीकृति से संबंधित नियम के उल्लंघन के लिए टाटा केमिकल्स पर 103.63 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। टाटा केमिकल्स ने गुरुवार को शेयर बाजार को दी गई एक सूचना में कहा कि उसे आयकर विभाग के नेशनल फेसलेस असेसमेंट सेंटर से एक आदेश मिला है, जिसमें धारा 36 (1) के तहत ब्याज की अस्वीकृति के लिए आयकर अधिनियम की धारा 270 ए (3) के तहत 103.63 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है। टाटा ग्रुप की कंपनी ने कहा कि मामले के गुण-दोष, प्रचलित कानून और वकील की सलाह के आधार पर वह इस आदेश के खिलाफ नेशनल फेसलेस अपील सेंटर (अपीलीय प्राधिकरण) के समक्ष अपील करने की योजना बना रही है। कंपनी ने कहा कि उसे अपीलकर्ता अधिकारियों से अनुकूल ऑर्डर की उम्मीद है। इधर दूरसंचार विभाग ने दिल्ली और बिहार सर्कल में ग्राहक वेरिफिकेशन मानदंडों के उल्लंघन के लिए भारती एयरटेल पर करीब 4 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। भारतीय एयरटेल ने शेयर बाजार को भेजी सूचना में यह जानकारी दी है। कंपनी ने बिहार सर्कल में दूरसंचार विभाग द्वारा लगाए गए, 1.46 लाख रुपये के जुर्माने को लेकर विरोध जताया है। अभी टाटा केमिकल्स का शेयर कल यानी गुरुवार को 4 फीसदी से ज्यादा के उछाल के साथ 1036 रुपये के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं एयरटेल 8 अंकों की गिरावट के साथ 1223 रुपये के स्तर पर बंद हुआ था। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, कंपनियों पर लगे इस जुर्माने का असर शेयर पर देखने को मिल सकता है।

# सरकारी कंपनी ने किया डिविडेंड का ऐलान, शेयर के लिए टूट पड़े निवेशक

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अगले सप्ताह आरईसी के शेयर एक्स-डिविडेंड पर ट्रेड करेंगे। इससे पहले ही आज यह स्टॉक शुरुआती कारोबार में ही 6 फीसद से अधिक उछल चुका है। महार प्रतिशत पीएसयू ने चालू वित्तीय वर्ष के लिए तीसरे अंतरिम लाभांश की घोषणा मंगलवार को की। इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी आरईसी ने 10 रुपये प्रति शेयर के फेस वैल्यू पर 4.5 रुपये प्रति इक्विटी शेयर के डिविडेंड की घोषणा की है। आरईसी डिविडेंड की रिकॉर्ड डेट 28 मार्च है। आज सुबह आरईसी लिमिटेड के शेयर 430 रुपये पर खुले और 449.45 रुपये पर पहुंच गया। इस दौरान इसमें 6 फीसद से अधिक उछाल दर्ज की गई। इसका 52 हफ्ते का हाई 524 रुपये और लो 113.20 रुपये है। छह महीने में यह शेयर 73 फीसद से अधिक उछल चुका है। एक साल में इसने करीब 280 पर्सेंट का रिटर्न दिया है।कब मिलेगा डिवडेंड- कंपनी ने कहा कि अंतरिम डिविडेंड का भुगतान 17 अप्रैल, 2024 या उससे पहले किया जाएगा।

# सोने-चांदी की कीमतों में लगातार तेजी

## यूएस फेड के फैसले से एक दिन में 1225 रुपये बढ़े गोल्ड के भाव

**नईदिल्ली, एजेंसी।** यूएस फेड के फैसले के बाद गुरुवार को गोल्ड ने प्रति दस ग्राम 66,914 रुपये के ऑल टाइम हाई पर पहुंच कर नया रेकॉर्ड बना लिया। गोल्ड में लगातार जारी रैली के बाद इस नए टॉप को देख कर झवेरी बाजार में शादियों की खरीदारों कर रहे कस्टमर्स यह पूछते पाए गए कि आखिर गोल्ड और कितना उपर जा सकता है? इंडिया बुलियन एंड जूलर्स एसोसिएशन के अनुसार सिर्फ एक दिन में 999 गोल्ड का भाव 1225 रुपये प्रति दस ग्राम बढ़ गया। बुधवार को जहां इसकी कीमत 65,689 रुपये थी, वह बढ़कर 66,914 रुपये पर पहुंच गई। झवेरी बाजार स्थित उम्मेदमल त्रिलोकचंद जवेरी के प्रमुख कुमार जैन कहते हैं,' अब तो बायर्स भी सोच में पड़ गए हैं, लेकिन आगे तेजी के डर से इस लेवल पर भी खरीदारी कर रहे।'



### क्यों आई कीमतों में तेजी

नैशनल सेक्रेटरी सुरेंद्र मेहता ने बताया, 'अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने कहा कि वे अभी तो इंटरेस्ट रेट नहीं घटाएंगे, लेकिन अनुमान जताया है कि इस साल इंटरेस्ट रेट में तीन बार कटौती की जाएगी। हालांकि अमेरिका में महंगाई बढ़ी हुई है, लेकिन बावजूद इसके कम ब्याज दरों की संभावना के चलते गोल्ड निवेशकों के लिए आकर्षक निवेश बन जाता है, जिससे इसकी खरीदारी बढ़ जाती है और कीमतों में वृद्धि होती है। सभी के लिए सलाह है कि इस रेट पर थोड़ा-थोड़ा ही खरीदें, क्योंकि हिस्टोरिकली ऐसा देखा गया है कि गोल्ड नया टॉप बनाने के बाद गिरता है। हो सकता है गोल्ड नीचे से 62,500 के लेवल पर मिल जाए और अगर उपर की बात करें तो यह 68,200 के लेवल पर भी जा सकता है।'

वहीं पीएल वील्थ मेनेजमेंट के चीफ बिजनेस ऑफिसर शशांक पाल ने कहा, 'हमें नहीं लगता कि रेट में कटौती की मात्रा 75 बीपीएस से अधिक होगी। गोल्ड हमेशा इंफ्लेशन के खिलाफ एक अच्छा बचाव रहा है और कीमतें 2024 तक मजबूत बनी रहेंगी। संयम मेहरा का कहना है कि स फेड द्वारा इस साल के अंत में तीन दर ब्याज दरों में कटौती के स्टेटमेंट से संकेत मिलता है कि महंगाई में बढ़ोतरी अमेरिकी नीति निर्माताओं के लिए कोई चिंता की बात नहीं है। इससे गोल्ड की कीमतें रेकॉर्ड हाई पर पहुंच गई। गोल्ड की कीमतों को जियो-पॉलिकल और सेंट्रेल बैंकों द्वारा की जा रही रेकॉर्ड खरीदारी का भी सपोर्ट मिला है।

# एचडीएफसी टॉप 100 फंड: 27 साल का प्रमाणित ट्रैक रिकॉर्ड

**मुंबई, एजेंसी।** मुख्य रूप से लार्ज-कैप शेयरों (फंड) में निवेश करने वाली एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम एचडीएफसी टॉप 100 फंड ने 2023 में सफलतापूर्वक 27 साल पूरे कर लिए हैं। पिछले 27 वर्षों में फंड ने लगभग 19 फीसदी सीएजीआर (कम्पाउंडेड एनुअल ग्रोथ रेट) दिया है। इसके अलावा, एचडीएफसी टॉप 100 फंड में हर महीने के पहले बिजनेस डे पर व्यवस्थित रूप से निवेश किए गए 10,000 रुपए का एसआईपी (कुल निवेश 32.90 लाख रुपए) बढ़कर 29 फरवरी, 2024 तक 7.98 करोड़ रुपए (अंत में दिए गए पूर्ण प्रदर्शन विवरण देखें) हो गया। यह परफॉर्मेंस बाजार के उतार-चढ़ाव से निपटने और निवेशकों को फायदा दिलवाने की फंड की क्षमता का प्रमाण है। पोर्टफोलियो का निर्माण स्टॉक चुनने के लिए टॉप डाउन सेक्टर और मैक्रो रुझानों के साथ मिश्रित बॉटम अप नजरिए से किया जाता है। फंड जीएआरपी(ग्रोथ एट रिजनेबल प्राइस) और वैल्यू के मिश्रण के साथ एक विविध शैली का अनुसरण करता है। स्टॉक चयन में, बिजनेस मॉडल, मैनेजमेंट और फाइनेंशियल मेट्रिक्स की गुणवत्ता पर ध्यान केंद्रित किया जाता है। पोर्टफोलियो निर्माण किसी भी समय उपलब्ध अवसरों के रिस्क-रिवॉर्ड पर आधारित होता है। नियम मुताबिक पोर्टफोलियो का 80त्न से अधिक हिस्सा हमेशा अच्छी तरह से स्थापित लार्ज कैप कंपनियों में निवेशित रहता है। पोर्टफोलियो निर्माण के मूल में मीडियम से लॉर्ज परिप्रेक्ष्य को ध्यान में रखा जाता है। यह रणनीति उचित वैल्यूएशन पर गुणवत्तापूर्ण कंपनियों की तलाश के अनुशासित दृष्टिकोण को बनाए रखने के हमारे दर्शन के अनुरूप है। रेगुलेटरी और इंटर्नल रिस्क दिशानिर्देशों का पालन सुनिश्चित करते हुए बहुत नियंत्रित तरीके से एक्टिव पोजिशन लेने के साथ रिस्क मैनेजमेंट पर बहुत ध्यान दिया जाता है। उद्योग और बिजनेस साइकिल में कंपनी की स्थिति का सुविचारित मूल्यांकन करने के बाद ही कोई बड़ा दांव खेला जाता है, नियमित रूप से वैल्यूएशन की जाती है। पोर्टफोलियो स्टॉक की संख्या में अच्छी तरह से विविधतापूर्ण है और फंड मैनेजर बेंचमार्क वर्सेस डिविएशन कॉल की मापतौल रखते हैं। लार्ज-कैप स्टॉक ने ऐतिहासिक रूप से आर्थिक उतार-चढ़ाव के दौरान स्थिरता का प्रदर्शन किया है और उनका रिस्क-रिवॉर्ड अनुपात बेहतर रहा है। इसके अलावा, पिछले 18 कैलेंडर वर्षों में से 7 में लार्ज कैप इंडेक्स ने मिड और स्मॉल कैप इंडेक्स से बेहतर प्रदर्शन किया है। इसके अलावा, लार्ज कैप की तुलना में मिड और स्मॉल कैप के हालिया तेज प्रदर्शन को देखते हुए, लार्ज कैप सेगमेंट अब वैल्यूएशन के मामले में अपेक्षाकृत आकर्षक लग रहा है ।

# सरकार ने हिंदुस्तान जिंक की कंपनी विभाजित करने की योजना को किया खारिज

**नईदिल्ली, एजेंसी।** खान मंत्रालय ने वेदांता समूह की कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड द्वारा कंपनी को विभिन्न इकाइयों में विभाजित करने के प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सरकार हिंदुस्तान जिंक में सबसे बड़ी अल्पसंख्यक शेयरधारक है। सरकार के पास कंपनी में 29.54 प्रतिशत हिस्सेदारी है। खान सचिव वी एल कांता राव ने कहा, हम प्रस्ताव से सहमत नहीं हुए।

हिंदुस्तान जिंक ने पहले अपने बाजार पूंजीकरण को बढ़ाने के लिए जस्ता और चांदी के कारोबार को अलग-अलग इकाइयों में विभाजित करने की योजना की घोषणा की थी। प्रस्ताव खारिज करने का कारण पूछने पर सचिव ने कहा, हमारे सामने जो भी बात रखी गई है उससे हम एक शेयरधारक के तौर पर आश्वस्त नहीं हैं।

हिंदुस्तान जिंक ने पहले कहा था कि उसने कारोबार को विभाजित करने की अपनी योजनाओं का अध्ययन करने के लिए एक प्रमुख सलाहकार फर्म को नियुक्त किया है। इससे पहले, हिंदुस्तान जिंक ने कहा था कि कंपनी के निदेशक मंडल ने संभावित मूल्य खोलने के लिए अपने कॉरपोरेट ढांचे की व्यापक समीक्षा करने का निर्णय लिया है।

# कैस्ट्रोल और बीपी ने शाहरूख खान को बनाया अपना ब्राण्ड एम्बेसडर

**मुंबई, एजेंसी।** लुब्रिकेन्ट्स में विश्वस्तर पर अग्रणी और बीपी ग्रुप की सब्सिडरी कैस्ट्रोल ने बॉलीवुड के सुपरस्टार शाहरूख खान को अपना ब्राण्ड अम्बेसडर नियुक्त किया है। यह साझेदारी बेहतरीन परफोर्मेन्स देने वाले लुब्रिकेन्ट्स उपलब्ध कराने की कैस्ट्रोल की प्रतिबद्धता की दिशा में एक उल्लेखनीय कदम है।

अगले दो सालों के दौरान शाहरूख खान बीपी और कैस्ट्रोल के डिजिटल, प्रिंट एवं टीवी कैंपेन्स में ब्राण्ड के प्रोडक्ट्स की व्यापक रेंज को दर्शाते नज़र आएंगे। इस अवसर पर श्री साशि मुकुंदन, प्रेज़ीडेन्ट, बीपी इंडिया एवं सीनियर वाईस प्रेज़ीडेन्ट, बीपी ग्रुप ने कहा, ''शाहरूख खान के साथ यह साझेदारी ऑटोमोटिव उद्योग में इनोवेशन एवं उत्कृष्टता के लिए हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह कदम परफोर्मेन्स, विश्वसनीयता और स्थायित्व के हमारे साझा मूल्यों का प्रतीक है। हमें गर्व है कि हमें इस पहल का हिस्सा बनने का मौका मिला है, हम एक साथ मिलकर परिवहन के भविष्य को नया आयाम देने के लिए तत्पर हैं।''

संदीप सांगवान, मैनजिंग डायरेक्टर,कैस्ट्रोल इंडिया लिमिटेड ने कहा, ''यह साझेदारी शाहरूख के शानदार करियर की तरह, इनोवेशन एवं उत्कृष्टता के लिए कैस्ट्रोल के समर्पण का प्रतीक है। उनके के साथ मिलकर हम आने वाली पीढ़ियों के लिए वाहनों के परफोर्मेन्स को बेहतर बनाने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं।'' शाहरूख खान को उनके तीन दशकों के शानदार करियर के लिए जाना जाता है, ठीक उनकी तरह कैस्ट्रोल भी निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है। ऑटोमोबाइल्स के प्रति उनका जुनून कैस्ट्रोल के साथ इस साझेदारी को और भी सशक्त बनाता है। इस अवसर पर उत्साह व्यक्त करते हुए सुपरस्टार शाहरूख खान ने कहा, ''कैस्ट्रोल के साथ साझेदारी करते हुए मुझे बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है, यह ऐसा ब्राण्ड है, जो अपने परफोर्मेन्स के साथ मुझे प्रभावित करता रहा है। ऑटोमोबाइल्स के प्रति जुनून के चलते, मेरा मानना है कि कैस्ट्रोल मेरी तरह उत्कृष्टता के लिए समर्पित है। एक साथ मिलकर हम ड्राइवरों को प्रेरित और सशक्त बनाना चाहते हैं कि वे सुरक्षा के साथ खुली सड़कों पर वाहन चलाने का आनंद उठाएं। उनके साथ इस नई यात्रा को लेकर मैं बेहद उत्सुक हूं।''

आईपीएल 2024

# केकेआर और एसआरएच मैच में श्रेयस की वापसी पर फोकस



कोलकाता (एजेंसी)। कोलकाता नाइट राइडर्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच शनिवार को होने वाले मुकाबले में आईपीएल के दो सबसे महंगे खिलाड़ियों ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजों मिचेल स्टार्क और पैट कमिंस के अलावा चोट के कारण लंबे समय बाद वापसी कर रहे श्रेयस अय्यर के प्रदर्शन पर भी फोकस रहेगा। कमर की चोट के कारण पिछले साल पूरे सत्र से बाहर रहे श्रेयस केकेआर की कमान संभालेंगे। उन्होंने हाल ही में रणजी ट्रॉफी में मुंबई के लिये 95 रन बनाए लेकिन फिटनेस को देखते हुए यह तय नहीं है कि वह सारे मैच खेल सकेंगे या नहीं। केकेआर के सबसे कामयाब कप्तान गौतम गंभीर अब मेंटोर के रूप में दूसरी पारी में लौटे हैं। घरेलू सर्किट पर चतुर रणनीतिकार मुख्य कोच चंद्रकांत पंडित के साथ उनकी साझेदारी दिलचस्प होगी।

केकेआर के पास स्टार्क और आंद्रे रसेल जैसे दो अनुभवी तेज गेंदबाज है और उनकी जगह लेने के लिए उनके जैसा कोई विकल्प नहीं है लिहाजा कार्यभार प्रबंधन में सावधानी बरतनी होगी। केकेआर के पास बल्लेबाजी में अय्यर के अलावा रिंकू सिंह, रसेल, रहमानुल्लाह गुरबाज, फिल साल्ट और वेंकटेश अय्यर हैं। स्पिन गेंदबाजी में सुनील नारायण, वरूण चक्रवर्ती और सुयश शर्मा पर जिम्मेदारी होगी।

सनराइजर्स की कमान ऑस्ट्रेलियाई टीम के कप्तान कमिंस के हाथ में होगी जिन्हें 20 करोड़ 50 लाख रूपये में खरीदा गया है। वह आईपीएल के दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी हैं और पिछले तीन सत्र में आखिरी स्थान पर रही सनराइजर्स की तकदीर बदलने की जिम्मेदारी उन पर होगी। सनराइजर्स के पास ट्रेविस हेड और हेनरिच क्लासेन जैसे बल्लेबाज हैं जबकि गेंदबाजी में कमिंस और भारत के डैथ ओवरों के विशेषज्ञ भुवनेश्वर कुमार होंगे। स्पिन में वानिंदु हसरंगा और वॉशिंगटन सुंदर जिम्मा संभालेंगे। यह देखना होगा कि हसरंगा पहला मैच खेल सकेंगे या नहीं चूंकि बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट के लिये आईसीसी ने उन पर प्रतिबंध लगाया है।

### संभावित प्लेइंग 11

कोलकाता नाइट राइडर्स-रहमानुल्लाह गुरबाज़ (विकेटकीपर), वेंकटेश अय्यर, श्रेयस अय्यर (कप्तान), नितिश राणा, आरके सिंह, आंद्रे रसेल, सुनील नारायण, मिशेल स्टार्क, सुयश शर्मा, वरुण चक्रवर्ती, हरषित राणा

सनराइजर्स हैदराबाद - ट्रेविस हेड, अभिषेक शर्मा, राहुल त्रिपाठी, एडम मारक्रम, हेनरिक क्लासेन (विकेटकीपर), अब्दुल समद, वाशिंगटन सुंदर, पैट कम्मिंस (कप्तान), शहबाज अहमद, बुवनेश्वर कुमार, उमरान मलिक

समय - शाम 7.30 से।

## संक्षिप्त समाचार

साथियान ने रचा इतिहास

### डब्ल्यूटीटी फीडर खिताब जीतने वाले पहले भारतीय बने

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के स्टार टेबल टेनिस खिलाड़ी साथियान ज्ञानशेखरन डब्ल्यूटीटी फीडर सीरिज टूर्नामेंट में पुरूष एकल खिताब जीतने वाले पहले भारतीय बन गए जिन्होंने लेबनान के बैरूत में यह उपलब्धि हासिल की।



उन्होंने डब्ल्यूटीटी फीडर बैरूत 2024 के आखिरी दिन भारत के ही मानव ठक्कर को 3.1 (6.11, 11.7, 11.7, 11.4) से हराया। इससे पहले उन्होंने भारत के ही हरमीत देसाई को 15.13, 6.11, 11.8, 13.11 से मात दी थी औ शीर्ष वरीयता प्राप्त चुआंग चिह युआन को 11.8, 11.13, 11.8, 11.9 से हराया था।

महिला एकल में शिया लियान नि विजेता रही जिन्होंने सुह यो वोन को 11.9, 11.5, 11.5 से मात दी। पुरूष युगल में भारत के मानव ठक्कर और मानुष उत्पलभाई शाह फाइनल में एंडी परेरा और जॉर्ज कंपोस से 11.5, 7.11, 11.13, 12.14 से हार गए। मिश्रित युगल में भारत की दिया चितले और मानुष शाह ने हमवतन मानव और अर्चना कामथ को 11.6, 10.12, 11.6, 11.6 से हराकर खिताब जीता।

### 'शेर यहां है', बुमराह के ट्रेनिंग कैंप में शामिल होने पर मुंबई ने शेयर की पोस्ट

**मुंबई (एजेंसी)।** भारत के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह शुक्रवार को आगामी सीजन से पहले पांच बार के इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) विजेता मुंबई इंडियंस (एमआई) के प्रशिक्षण शिविर में शामिल हुए। आईपीएल 2023 में पीठ में स्ट्रेस चोट के कारण बुमराह टूर्नामेंट से चूक गए। स्टार तेज गेंदबाज ने टूर्नामेंट के 2013 सीजन में मुंबई स्थित फ्रेंचाइजी के साथ अपनी शुरुआत की, इसके बाद उन्होंने 120 मैचों में भाग लिया जिसमें उन्होंने 7.4 की इकॉनमी रेट से 145 विकेट हासिल किए। मुंबई स्थित फ्रेंचाइजी के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल ने 30 वर्षीय खिलाड़ी के टीम में शामिल होने की खबर साझा की। एमआई ने एक्स पर लिखा, %शेर यहां है।

# भारतीय महिला हॉकी टीम को नई मजबूती देंगे, यह वादा है : कप्तान सविता पूनिया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रांची में ओलंपिक क्वालीफायर में हार का दर्द जिंदगी भर उन्हें सालता रहेगा लेकिन भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सविता पूनिया का वादा है कि अगले चार साल में इतनी मजबूत टीम बनायेंगे कि यह दिन दोबारा नहीं देखना पड़े।

सविता ने कहा, 'ओलंपिक क्वालीफायर हारना हमारे लिये ऐसा बुरा पल है जिसे हम खिलाड़ी पूरी जिंदगी शायद नहीं भुला सकेंगे। अभी तक मैं उससे उबर नहीं सकी हूं। रियो ओलंपिक 2016 के जरिये 36 साल बाद ओलंपिक में लौटी भारतीय महिला हॉकी टीम तोक्यो ओलंपिक में ऐतिहासिक चौथे स्थान पर रही थी। रांची में जनवरी में खेले गए क्वालीफायर में हालांकि जापान से हारकर उसने पेरिस ओलंपिक जाने का मौका गंवा दिया।

इस अनुभवी गोलकीपर ने कहा, 'मैं उसके बारे में बात नहीं करना चाहती थी क्योंकि इससे दुख ही होता है। हमने तोक्यो में चौथे स्थान पर रहने की खुशी देखी और अब ओलंपिक नहीं खेलने का दर्द भी। लेकिन हम खिलाड़ी हैं और हार जीत हमें बहुत कुछ सिखाती है। लेकिन कम से कम हमें यह मलाल नहीं है कि हमने अच्छा नहीं खेला। उन्होंने कहा, 'हम सभी ने अपना शत प्रतिशत दिया और हमारी तैयारी बहुत अच्छी थी। वादा करते हैं कि अगले टूर्नामेंटों में अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे। शायद इस हार के पीछे हमारी बदकिस्मती थी। लोगों से ज्यादा हम खुद दुखी हैं। हमने बहुत मेहनत की थी। सब कुछ झोंक दिया था। उन्होंने



कहा, 'यह हमारे लिए सबक है। मुझे अपने सफर का पता नहीं लेकिन कोशिश रहेगी कि अगले चार साल में टीम को इतना मजबूत बनाए कि ओलंपिक और विश्व कप में खेलें और अच्छा खेलें। भारत के लिये 2008 में सीनियर स्तर पर पदार्पण करने वाली सविता ने कहा, 'लोग सिर्फ नतीजे देखते हैं लेकिन एक सीनियर खिलाड़ी या कप्तान के तौर पर मैं कह सकती हूं कि हमारा प्रदर्शन ग्राफ ऊपर ही गया है।

छह साल बाद सीनियर राष्ट्रीय चैम्पियनशिप खेल रही इस खिलाड़ी ने कहा, 'खेल की अच्छी बात यही है कि आपको पिछला भुलाकर बहुत जल्दी आगे बढ़ना पड़ता है। इसलिए मैं पुणे में सीनियर राष्ट्रीय महिला चैम्पियनशिप खेलने आई क्योंकि हॉकी मेरा जुनून है और मैदान से जितना दूर रहूंगी, ये बात परेशान करती रहेगी। क्वालीफायर हारने के बाद टीम को मिले ब्रेक में खिलाड़ियों को सारा दुख दर्द भुलाकर नये सिरे से लौटने के लिये कहा गया था।

### हम क्वालीफाई क्यो नहीं कर पाए

उन्होंने कहा, 'प्रो लीग में हालैंड, ऑस्ट्रेलिया, चीन से अच्छे मैच खेले। मन में यही चल रहा था कि हम बेहतर के हकदार थे लेकिन क्वालीफाई क्यो नहीं कर पाए, इसका जवाब हमारे पास नहीं है। हालैंड टीम भी हैरान थी कि हम क्यो नहीं कर सके। अब भारतीय टीम को मई जून में बेल्जियम में प्रो लीग मुकाबले खेलने हैं और फोकस फिटनेस पर रहेगा। सविता ने कहा, 'अब नया कोर ग्रुप बनेगा और कुछ नए खिलाड़ी भी आएंगे। फिटनेस और ड्रैग फ्लिक पर फोकस रहेगा। जो हॉकी हम लगातार खेल रहे हैं, उसी पर काम करना है। पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिये शादी के बाद पति से दूर रहने वाली सविता को सबसे बड़ी तसल्ली क्वालीफायर हारने के बाद उनसे मिलने कनाडा से आये पति के सांत्वना भरे शब्दों से मिली। उन्होंने कहा, 'मेरे पति ओलंपिक क्वालीफायर के बाद आए थे और उन्होंने काफी हौसला दिया। उन्होंने कहा कि जो हो गया, उसे नहीं बदल सके लेकिन आगे देखो और जब तक खेलना चाहती हो, खेलो। मेरे लिए यही बहुत अच्छी बात रही कि मेरे दोनों परिवारों ने मेरा साथ दिया।

उन्होंने कहा, 'मैं हर परिवार से कहूंगी कि बच्चों को आत्मविश्वास दें कि जो भी करना चाहते हैं, खुलकर करें। मेरे पापा को भी लोगों ने कहा था कि इसे खेलने बाहर क्यो भेज रहे हो लेकिन मेरे परिवार ने मुझ पर भरोसा रखा और आज मैं इस मुकाम पर पहुंची हूं।

# रॉयल्स टीम में जम्पा की जगह भारतीय क्रिकेटर तनुष कोटियान की एंट्री

### रणजी ट्रॉफी में बिखेर चुके हैं चमक

**नई दिल्ली (एजंसी)।** मुंबई को 42वां रणजी ट्रॉफी खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले तनुष कोटियान को ऑस्ट्रेलिया के एडम जम्पा के विकल्प के तौर पर शुक्रवार को राजस्थान रॉयल्स टीम में शामिल किया गया। कोटियान को उनके बेसप्राइज 20 लाख रूपए में खरीदा गया।

पिछले सत्र में जम्पा ने रॉयल्स के लिये छह मैचों में आठ विकेट लिए थे। उन्हें डेढ करोड़ रूपए पर टीम में बरकरार रखा गया लेकिन जून में होने वाले टी20 विश्व कप के मद्देनजर कार्यभार का हवाला देकर जम्पा ने आईपीएल से नाम वापस ले लिया।

ऑफ स्पिनर और निचले क्रम के उपयोगी बल्लेबाज कोटियान ने मुश्ताक अली ट्रॉफी में मुंबई की जीत में अहम भूमिका निभाई थी लेकिन संदिग्ध गेंदबाजी एक्शन के लिए उनकी शिकायत की गई। कोटियान ने शानदार वापसी की और इस रणजी सत्र में प्लेयर आफ द टूर्नामेंट रहे। उन्होंने 502 रन बनाने के साथ 29 विकेट लिए थे। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में बड़ौदा के खिलाफ नाबाद



120 और सेमीफाइनल में तमिलनाडु के खिलाफ नाबाद 89 रन बनाए थे।

आईपीएल ने कर्नाटक के विकेटकीपर बल्लेबाज बी आर शरत के रोबिन मिंज की जगह गुजरात टाइटंस से जुड़ने की भी जानकारी दी। झारखंड के मिंज मोटर साइकिल दुर्घटना में घायल होने के कारण बाहर हो गए थे। शरत 20 लाख रुपए की बेसप्राइज पर टीम से जुड़े।



# आईपीएल 2024: ऑलराउंडर मार्को जानसेन ने भरी हुंकार, कहा- ...पूरी कोशिश करेंगे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका के हरफनमौला खिलाड़ी मार्को जानसन सनराइजर्स हैदराबाद टीम के साथ जुड़े और उन्होंने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 सीजन से पहले सभी मैच जीतने का टीम का इरादा बताया। हैदाराबाद के आईपीएल 2024 अभियान की शुरुआत से पहले जेन्सन ने जोर देकर कहा कि टीम अपने अभियान के सभी गेम जीतने की पूरी कोशिश करेगी।

जानसन ने एसआरएच द्वारा पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा, खिलाड़ियों से मिलने के रास्ते में, नए लोगों और खिलाड़ियों से मिलना हमेशा अच्छा होता है और हम सभी मैच जीतने की पूरी कोशिश करेंगे। हैदराबाद शनिवार को प्रतिष्ठित ईडन गार्डन्स में कोलकाता स्थित फ्रेंचाइजी के खिलाफ अपनी आईपीएल 2024 यात्रा की शुरुआत करेगी। हैदराबाद ने ट्रैविस हेड और पैट कमिंस की ऑस्ट्रेलियाई स्टार जोड़ी और श्रीलंका के स्टार स्पिनर वानिंदु हसरंगा जैसी कुछ प्रमुख प्रतिभाओं को साइन करके अपनी टीम को मजबूत किया है।

आईपीएल 2024 सीजन से पहले हैदराबाद ने वेस्टइंडीज के दिग्गज बल्लेबाज ब्रेन लारा से नाता तोड़ लिया और आगामी सीजन के लिए न्यूजीलैंड के पूर्व स्पिनर डैनियल विटोरी को टीम के मुख्य कोच बनाया। हाल ही में उन्होंने एडेन मार्कराम को हटाकर आगामी सीजन के लिए पैट कमिंस को कप्तानी सौंपी है। इससे पहले कमिंस ने अपनी टीम में अनुभव के मिश्रण के साथ रोमांचक युवा प्रतिभाओं को शामिल करने की संभावना के बारे में खुलकर बात की थी।

उन्होंने कहा था, मुझे लगता है कि हमारे पास एक बेहतरीन मिश्रण है। हमारे पास भुवी जैसे कुछ और अनुभवी लोग हैं। जाहिर तौर पर एडेन मार्कराम पिछले साल कप्तान थे। लेकिन हमारे पास कुछ रोमांचक युवा प्रतिभाएं हैं। मैं ऐसे लोगों को देखकर बहुत उत्साहित हूं। अभिषेक, उमरान मलिक को मैंने केवल थोड़ा सा ही देखा है, लेकिन मैं बेहद उत्साहित हूं, इसलिए मुझे लगता है कि प्रशंसकों को आने वाले सीजन के लिए काफी उत्साहित होना चाहिए।

# धोनी के दिल में क्या है कोई नहीं जानता, नहीं 'छोड़ी' कप्तानी ! बाहर आई 'नई कहानी'

**चेन्नई (एजेंसी)।** चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में आज जब मौजूदा चैंपियन चेन्नई सुपरकिंग्स की टीम खिताब बचाने उतरेगी तो उसकी अगुआई 'थाला' महेंद्र सिंह धोनी नहीं करेंगे। पिछले 16 सीजंस में सुपरकिंग्स को बुलंदियों पर पहुंचाने वाले धोनी की जगह होम ग्राउंड पर टॉस के लिए उतरेंगे नए कप्तान ऋतुराज गायकवाड़। धोनी आधिकारिक तौर पर कप्तान नहीं होंगे, लेकिन इतना तय है कि टीम की धुरी वही होंगे। धोनी के दिल में क्या है यह कोई नहीं जानता, पर अगर यह सीजन उनका आखिरी होगा तो टीम चाहेगी कि उनके लिए इस बार ट्रॉफी जीतें।

**'नई कहानी', याद पुरानी-** अब जरा याद कीजिए साल 2022 का आईपीएल, तब भी इसी तरह टूर्नामेंट की शुरुआत में धोनी इसी तरह कप्तानी छोड़ देते हैं, जडेजा को चेन्नई की कमान सौंप दी जाती है, लेकिन यह फैसला चेन्नई के लिए बुरा साबित होता है। टीम लगातार



मैच हारना शुरू कर देती है। शुरुआती आठ मैचों में से सिर्फ दो में जीत मिल पाई थी और छह में उसे हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद आनन-फानन में जडेजा को कप्तानी से हटाकर धोनी दोबारा कमान संभाल लेते हैं। हालांकि उस सीजन तो नौवीं पोजिशन पर ही संतोष करना पड़ता है, लेकिन 2023 में धोनी ने अपनी कप्तानी में चैंपियन बना दिया था। क्या इस बार ऋतुराज को फ्री हैंड मिलेगा?

**क्या होगी आगे ही राह-** कप्तानी छोड़ने के साथ ही एक प्लेयर के रूप में भी धोनी के खेलने या ना खेलने को लेकर अटकलें लगनी शुरू हो गई हैं। कहा जा रहा है कि मौजूदा सीजन के बाद वह खेल से विदाई लेंगे, लेकिन इस बीच अपनी देखरेख में नया नेतृत्व तैयार करने और टीम में बदलाव की प्रक्रिया का हिस्सा बने रहेंगे। यानी उनकी भूमिका 'मेंटोर' की ज्यादा हो सकती है। यह भी संभव है कि वह इस सीजन फुल टाइम खेलने के बजाय 'इम्पैक्ट प्लेयर' के बतौर अपनी भूमिका निभाएं और मैदान पर सिर्फ कीपिंग करते नजर आएं। हालांकि ठीक-ठीक क्या होगा यह अनुमान लगाना अभी जल्दबाजी हो सकती है। इसके लिए मैदान पर असल ऐक्शन शुरू होने तक इंतजार करना सही होगा।

आरसीबी का भी यही हाल हैउधर, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खेमे में कुछ-कुछ ऐसी ही चुनौती होगी। टीम की कमान साउथ अफ्रीका के दिग्गज फाफ डुप्लेसिस संभालेंगे लेकिन उन्हें कदम-कदम पर विराट कोहली का मार्गदर्शन अवश्य मिलता रहेगा। विराट इस लीग की शुरुआत से ही बेंगलुरु टीम के हिस्सा हैं। मगर तमाम कोशिशों के बावजूद उनके हाथ आईपीएल की ट्रोफी नहीं आई है। बेंगलुरु की महिला टीम ने इस बार विमिंस प्रीमियर लीग का खिताब जीतकर पुरुषों की टीम पर प्रेशर बना दिया है। उन्हें अपने फैंस की उम्मीदों पर खरा उतरना होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### अग्निकुल ने तकनीकी कारण से स्थगित की अपने पहले रॉकेट की लॉन्चिंग

**चेन्नई , एजेंसी।** स्टार्टअप कंपनी अग्निकुल कॉसमॉस ने तकनीकी समस्या के कारण अपने पहले राकेट की लॉन्चिंग को स्थगित कर दिया है। कंपनी ने गुरुवार को इंटरनेट मीडिया पर पोस्ट कर लॉन्चिंग स्थगित किए जाने की जानकारी दी। मिशन अग्निबाण एसओआरटीईडी (सब आर्बिटल टेक्नोलाजी डिमान्स्ट्रेटर) को 22 मार्च को सुबह सात बजे आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा में इसरो परिसर में स्थित अग्निकुल के प्राइवेट लांच पैड से लांच करने की योजना थी। प्रेस सूचना ब्यूरो की ओर से बताया गया है कि लांच की नई तारीख की घोषणा बाद में की जाएगी। इस राकेट में दुनिया का पहला 3डी-प्रिंटेड सेमी-क्रायोजेनिक राकेट इंजन है।

### त्यौहार के लिये बादाम को अपना भरोसेमंद स्नैक बनाइये

**भोपाल।** होली एक खुशनुमा त्यौहार है, जिसे चटकीले रंगों से मनाया जाता है। त्यौहार के इस मौके पर अपने प्रियजनों के साथ उपहारों का आदान-प्रदान करना और स्वादिष्ट पकवानों पर टूट पड़ना लोकप्रिय परंपरा है। हालांकि, त्यौहार के बीच अस्वास्थ्यकर स्नैक्स और खाद्य पदार्थों को जरूरत से ज्यादा न खा लेने की सावधानी रखना भी महत्वपूर्ण होता है। यह चीजें लंबे समय तक सेहत पर असर डाल सकती हैं। ऐसे में मुट्ठीभर बादाम को अपने आहार में शामिल करने से स्वाद तो बढ़ेगा ही, सेहत को फायदे भी मिलेंगे। इस तरह से उत्सव संतुलित और मजेदार हो जाएगा। होली के उत्सव पर अपने विचार रखते हुए, बॉलीवुड अभिनेत्री सोहा अली खान ने कहा, ''हर किसी की तरह, मुझे भी अपने प्रियजनों के साथ होली मनाना पसंद है। मुझे घर पर होली पार्टी रखना पसंद है, जहाँ परिवार इकट्ठा होकर त्यौहार के पकवानों पर टूट पड़ता है। मैक्स हेल्थकेयर-दिल्ली में डायटेटिक्स की रीजनल हेड ऋतिका समद्दर ने कहा, ''होली मनाने के दौरान स्नैक्स को लेकर सोच-समझकर फैसले करने से हमारी सेहत पर बड़ा असर हो सकता है। अस्वास्थ्यकर स्नैक्स के बजाए बादाम जैसे पोषक विकल्पों को चुनकर आप न सिर्फ त्यौहार का उत्साह बढ़ा सकते हैं, बल्कि अपनी सेहत भी अच्छी कर सकते हैं। बादाम अच्छे फैट्स और प्रोटीन्स से भरी होती हैं। वह वजन कम करने वाले मील प्लान के लिये आदर्श हैं। उनसे संतोष और पोषक-तत्व मिलते हैं।

### मंगलागिरी सीट से लड़ेंगे नायडू के बेटे नारा लोकेश

**अमरावती , एजेंसी।** आंध्र प्रदेश के छह पूर्व मुख्यमंत्रियों के बेटे राज्य में विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। पुलिवेंदुला निर्वाचन क्षेत्र से मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी चुनाव लड़ रहे हैं। वह पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस राजशेखर रेड्डी के बेटे हैं। वाईएसआर परिवार का गढ़ माने जाने वाले पुलिवेंदुला निर्वाचन क्षेत्र का राजशेखर रेड्डी ने 1978 से 2009 के बीच छह बार प्रतिनिधित्व किया था। तीन बार मुख्यमंत्री रहे और तेदेपा के प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू के बेटे नारा लोकेश मंगलागिरी सीट से दूसरी बार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। 2019 के चुनाव में वह इस सीट से हार गए थे।

### शरद पवार की पार्टी को सबसे ज्यादा क्विक सप्लाई ने दिया चंदा

**मुंबई, एजेंसी।** मराठा छत्रप और वरिष्ठ नेता शरद पवार की पार्टी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) को क्विक सप्लाई चेन प्राइवेट लिमिटेड ने सबसे ज्यादा चंदा दिए हैं। चुनाव आयोग के आंकड़ों के मुताबिक, एनसीपी को इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए कुल 28.5 करोड़ रुपये का दान मिला है। इनमें क्विक सप्लाई चेन प्राइवेट लिमिटेड का अंशदान 10 करोड़ रुपये है, जो एनसीपी को मिले कुल चंदा का करीब 35 फीसदी है। क्विक सप्लाई के अलावा एनसीपी को चंदा देने वालों में राहुल भाटिया (3.8 करोड़ रुपये), टोरेंट पावर लिमिटेड (3.5 करोड़ रुपये), और मगरपट्टा टाउनशिप डेवलपर्स एंड कन्स्ट्रक्शन कंपनी (3 करोड़ रुपये) बड़े दानदाता के तौर पर शामिल हैं। एनसीपी के अन्य दानदाताओं में महालक्ष्मी विद्युत प्राइवेट लिमिटेड, नांदेड़ शहर विकास और निर्माण, अंबुजा हाउसिंग एंड अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर, साइज़ाकेम प्राइवेट लिमिटेड, एसईजेड बायोटेक सर्विसेज, चंदा इन्वेस्टमेंट ट्रेडिंग.कॉम लिमिटेड और गोवा कार्बन लिमिटेड भी शामिल है।

# सुनीता को मिलेगी आप की कमान? केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद दिल्ली की सीएम बन सकती हैं

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली के कथित शराब घोटाले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी ने आम आदमी पार्टी के साथ-साथ दिल्ली सरकार के सामने नेतृत्व संकट पैदा कर दिया है। आप को पार्टी का नेतृत्व करने के लिए जल्द केजरीवाल का विकल्प ढूंढना होगा। अब केजरीवाल के संभावित रिप्लेसमेंट के रूप में उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल और कैबिनेट मंत्री आतिशी और सौरभ भारद्वाज के नामों के बारे में चर्चा चल रही है।

अब आप के सामने एक योग्य नेता उतारने की चुनौती है जो केजरीवाल की गैरहाजिरी में दिल्ली में पार्टी और सरकार दोनों को संभाल सके। हालांकि, आप नेतृत्व के लिए एक ऐसा नाम ढूंढ पाना वास्तव में एक बड़ा काम है जो 2012 में पार्टी की स्थापना के बाद से पार्टी के संयोजक और तीन बार दिल्ली के मुख्यमंत्री रहे केजरीवाल के कद के करीब आता हो। पार्टी के लिए विकल्प काफी सीमित हैं।

आप के लिए केजरीवाल का रिप्लेसमेंट जल्द तलाशना और भी अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि आम आदमी पार्टी



दिल्ली, पंजाब, गुजरात, असम और हरियाणा में लोकसभा चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है, जहां केजरीवाल को पार्टी का स्टार प्रचारक होना था। पूर्व आईआरएस अधिकारी सुनीता केजरीवाल के अलावा आप मंत्री आतिशी और सौरभ भारद्वाज के नाम भी इस शीर्ष पद के लिए चर्चा में हैं।

दिल्ली सरकार में शिक्षा, वित्त, पीडब्ल्यूडी, राजस्व और सेवाओं सहित सबसे अधिक विभाग रखने वाली आतिशी को अरविंद केजरीवाल का करीबी सहयोगी माना जाता है। वह पार्टी प्रवक्ता भी हैं, जो आप सरकार और अरविंद केजरीवाल का बचाव करती रही हैं। वह अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस और समाचार चैनलों पर भाजपा पर हमले करती रही हैं।

सौरभ भारद्वाज भी दिल्ली सरकार के एक बड़े मंत्री हैं। उन पर स्वास्थ्य और शहरी विकास सहित कई महत्वपूर्ण विभागों की जिम्मेदारी है। वह पार्टी का एक जाना-माना चेहरा भी हैं, जो अक्सर पार्टी और उसके नेताओं का बचाव करने और शासन और राजनीति के मुद्दों पर केंद्र में भाजपा और उसकी सरकार पर जवाबी हमला करने में लगे रहते हैं।

हालांकि, पिछले साल दिसंबर में आप ने एक हस्ताक्षर अभियान ÷मैं भी केजरीवाल÷ चलाया था, जिसमें लोगों से पूछा गया था कि क्या उन्हें मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे देना चाहिए या गिरफ्तार होने पर जेल से सरकार चलानी चाहिए। इस अभियान के दौरान, आप प्रमुख ने इस मुद्दे पर प्रतिक्रिया के लिए पार्टी विधायकों और दिल्ली नगर निगम पार्षदों से मुलाकात की थी। भारद्वाज ने हाल ही में एक संवाददाता सम्मेलन में संवाददाताओं से कहा, ÷इस अभियान में लगभग 90त्न लोगों ने राय दी कि केजरीवाल के पास दिल्ली का जनादेश है और उन्हें चुना गया है।

## रडार पर एल्विश के कई दोस्त, फाजिलपुरिया से पूछताछ की तैयारी में नोएडा पुलिस

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
रेव पार्टी करने और उसमें सांपों का जहर सप्लाई करने के मामले में यूट्यूबर एल्विश यादव के कई और दोस्त पुलिस के रडार पर हैं। पुलिस उनसे भी पूछताछ कर सकती है। पुलिस ने बुधवार को एल्विश के दो दोस्तों ईश्वर और विनय यादव को गिरफ्तार किया था। विनय यूट्यूबर एल्विश यादव का पुराना दोस्त है। विनय गिरफ्त में आए ईश्वर का भी दोस्त है। विनय पहले एल्विश के साथ ही रहता था। ईश्वर का बैंक्वेट हॉल और टेंट हाउस का काम है। ईश्वर की पूर्व में गिरफ्तार हुए राहुल सपेरा से दोस्ती है।

विनय के कहने पर राहुल ही बुकिंग पर सांप और उनके जहर के साथ संपेरों की टोली लेकर पहुंचता था। पुलिस ने एनडीपीएस की छह धाराओं को केस में बढ़ाया था। इनमें से दो धाराएं 27 और 27ए कमजोर पड़ गई हैं। अब एनडीपीएस की चार धाराएं एल्विश पर लगी रहेंगी।

एल्विश की मां सुषमा यादव और पिता राम अवतार ने बताया कि उनका बेटा अक्सर वीडियो शूट के लिए दोस्तों से कार उधार लेता है। उन्हें वापस करने से पहले वीडियो बनाता था। उन्होंने अपने बेटे के पास प्रॉपर्टी होने की बात को भी खारिज किया है। यूट्यूबर एल्विश यादव को मारपीट मामले में 27 मार्च को गुरुग्राम कोर्ट में पेश किया जाएगा। गुरुग्राम न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी की अदालत ने पुलिस द्वारा दायर प्रोडक्शन वारंट के आवेदन पर एल्विश को उपस्थिति होने को कहा है।

सांपों का जहर सप्लाई करने के मामले में गुरुवार सुबह एक खबर सोशल मीडिया पर वायरल हुई।

## भले ही प्रधानमंत्री मोदी मेरे पास आएं ..., केएस ईश्वरप्पा ने लोकसभा चुनाव निर्दलीय लड़ने व जीतने का किया दावा

**बेंगलुरु , एजेंसी।**
कर्नाटक के पूर्व उपमुख्यमंत्री व भाजपा नेता केएस ईश्वरप्पा ने कहा कि वह निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे और जीतेंगे। भले ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आएं और उन्हें मनाने का प्रयास करें। शिमोगा में आयोजित सार्वजनिक सभा में एक महिला समर्थक के सवाल पर उन्होंने यह जवाब दिया। वह हावेरी-गडग लोकसभा सीट से अपने बेटे केई कांतेश को टिकट नहीं दिए जाने से पार्टी नेतृत्व से नाराज हैं।

कर्नाटक के पूर्व मंत्री ने महिला समर्थक के सवाल के जवाब में कहा कि समर्थकों की इस भीड़ में मैं आपको आश्वस्त करना चाहता हूं कि भले ही मोदी मेरे घर आने का भी प्रयास करें तो भी मैं उनकी बात नहीं मानूंगा। मैं अपने समर्थकों व कार्यकर्ताओं का अपमान नहीं करूंगा और मुझे विश्वास है कि मैं सफलतापूर्वक चुनाव लड़ूंगा और जीतूंगा।



इससे पहले उन्होंने कहा था कि मैंने 40 साल तक पार्टी की ईमानदारी सेवा की है। इसके बावजूद मेरे बेटे को टिकट नहीं मिला और पूर्व सीएम बीएस येदियुरप्पा के बेटे को दोबारा टिकट मिल गया। सीटी रवि, सदानांद गौड़ा, नलिन कुमार कटील और प्रताप सिम्हा ने भी मेरे समर्थन में पार्टी के फैसले को अनुचित बताया। इस सूची में बेटे कांतेश को टिकट नहीं मिलने से नाराज ईश्वरप्पा ने पार्टी के ही खिलाफ निर्दलीय चुनाव लड़ने का ऐलान किया था।

सदानंद गौड़ाभाजपा से नाराज कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और सांसद डीवी सदानंद गौड़ा ने कहा कि वह कांग्रेस में शामिल होने के लिए भाजपा नहीं छोड़ रहे हैं और वह पार्टी की राज्य इकाई के शुद्धिकरण के लिए काम करेंगे। किसी का नाम लिए बिना राज्य भाजपा में परिवारवाद का आरोप लगाते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राज्य में पार्टी की जिम्मेदारी लेने वाले लोग स्वार्थी हो गए हैं। 71 वर्षीय नेता बेंगलुरु उत्तर से लोकसभा चुनाव का टिकट दोबारा नहीं दिए जाने से नाराज है।

### भाजपा नेता सीटी रवि पर चला चुनाव आयोग का चाबुक

बेंगलुरु , एजेंसी । निर्वाचन आयोग ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को लेकर आपत्तिजनक ट्वीट मामले में भाजपा नेता सीटी रवि के खिलाफ चिक्कमगलुरु पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है । कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी । समाचार एजेंसी एएनआई ने कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के एक पोस्ट के हवाले से बताया कि ( भाजपा नेता ) सीटी रवि द्वारा एक्स पर पोस्ट के संबंध में चिक्कमगलुरु डीईओ ने 20 मार्च, 2024 को आईपीसी की धारा 153ए और आरपी अधिनियम की धारा 126 के तहत चिक्कमगलुरु टाउन पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज कराई । चुनाव आयोग की कार्रवाई पर भाजपा नेता सीटी रवि की प्रतिक्रिया सामने आई । उन्होंने कहा कि मेरे खिलाफ कांग्रेस की ओर से की गई एफआईआर की डीटेल मुझे मिली है । एक सनातनी के रूप में मैंने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्वारा की गई गैरजिम्मेदार और असंवेदनशील टिप्पणियों का जवाब दिया ।

## एनकाउंटर पर पत्नी का सवाल, बोली- नक्सली नहीं किसान था पति

दंतेवाड़ा, एजेंसी। छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में माओवादी के एनकाउंटर को लेकर एक बार फिर सवाल खड़ा हो गया है। दंतेवाड़ा में कथित नक्सली की पत्नी ने जवानों पर लूटपाट और किसान पति को नक्सली बताकर हत्या करने का आरोप लगाया है। छत्तीसगढ़ में यह कोई पहली बार नहीं है कि नक्सलियों के एनकाउंटर पर सवाल खड़ा किया जा रहा हो। इससे पहले भी इस तरह के एनकाउंटर पर कभी परिजन तो कभी भी नेताओं ने सवाल खड़े किए। बीते दिनों कांकेर जिले में फर्जी एनकाउंटर को लेकर सवाल खड़ा किया गया था, तो वही इस बार दंतेवाड़ा जिले में कथित नक्सली की पत्नी ने जवानों पर फर्जी एनकाउंटर करने का आरोप लगाया है। छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में नक्सली मुठभेड़ की घटना को 24 घंटे का वक्त भी पूरा नहीं हुआ था कि इस मुठभेड़ में मारे गए कथित नक्सली की पत्नी ने फर्जी मुठभेड़ बताते हुए इसे नक्सली नहीं बल्कि किसान की हत्या बताया है। यह मामला किरंदुल थाना क्षेत्र के गमपुर का है?। जहां ग्रामीणों ने सुरक्षा बलों पर गंभीर आरोप लगाते हुए जवानों की इस मुठभेड़ को फर्जी मुठभेड़ बताकर किसान की हत्या का आरोप लगाया जा रहा है। बीते दिनों दंतेवाड़ा में जवानों के द्वारा मुठभेड़ में एक पुरुष और एक महिला नक्सली का एनकाउंटर किया था। जिसमें एक महिला नक्सली को मार गिराया गया था उसके ऊपर 5 लाख के इनाम का का दावा किया था। वही दूसरा पुरुष नक्सली बताया जा रहा था जिसके ऊपर 1 लाख का इनाम घोषित होना बताया जा रहा था। जिसको लेकर पुलिस ने यह दावा किया था कि यह दोनों नक्सली कई बड़ी घटनाओं में भी शामिल थे। बाद में पुलिस ने सर्चिंग अभियान चलाते हुए दोनों ही नक्सलियों के शव को जंगल से बरामद करने के बाद उसे पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया था। वही जब नक्सली मुठभेड़ की जानकारी लगी तो पुरुष नक्सली की पत्नी और गांव के लोग जिला अस्पताल पहुंचे और वहां जमकर बवाल मचाना शुरू कर दिया। वहीं परिजनों ने शव को लेने से भी मना कर दिया था।

पुलिस एनकाउंटर में मारा गया पुरुष नक्सली को लेकर क्षेत्रीय ग्रामीण लोगों ने विरोध करना शुरू कर दिया है। उनका आरोप है कि वह किसान है और उसका नाम लचछु है। वह जंगल में महुआ बिनने के लिए गया हुआ था। इस दौरान फोर्स ने गोली मारकर उसकी हत्या कर दी है। इसके अलावा ग्रामीण लोगों ने जवानों पर गांव में उत्पाद मचाने और घरों में घुसकर लूटपाट करने का आरोप भी लगाया है। इसके अलावा जवानों पर 45000 रुपए लूटने के आरोप भी लगे हैं। ग्रामीणों ने पुलिस अधिकारियों से यह कहा है कि उनके पैसे भी वापस किए जाने चाहिए। वहीं पूरे मामले को लेकर बस्तर इलाके में लंबे समय से सक्रिय समाजसेवी सोनी सोढ़ी ने कहा कि मृतक का भाई सोमडू डीआरजी का जवान है। इसके अलावा उसका चचेरा भाई भी फोर्स में है।

## तालिबान की धमकी के बाद पाकिस्तान देने लगा शांति की दुहाई कहा - हम जंग नहीं चाहते

**इस्लामाबाद, एजेंसी।**
कुछ दिनों से पाकिस्तान और तालिबान के बीच युद्ध जैसे हालात बने हुए हैं। पहले खुद पर आतंकी हमले का आरोप लगाते हुए पाकिस्तानी सेना ने अफगानिस्तान में घुसकर एयरस्ट्राइक की। जिसमें तीन बच्चों समेत आठ की जान चली गई। जानकारी मिली है कि पाक-अफगान बॉर्डर पर तालिबान की तरफ से पाकिस्तानी सेना पर फायरिंग की गई है। गुरुवार को पाकिस्तान के रक्षा मंत्री का बड़ा बयान सामने आया। ख्वाजा आसिफ ने कहा कि इस्लामाबाद काबुल के साथ जंग नहीं चाहता है। पाकिस्तानी सरकार का यह बयान तालिबान की धमकी के बाद आया है, जिसमें तालिबान ने अंजाम भुगतने की चेतावनी दी थी। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने गुरुवार को कहा कि इस्लामाबाद काबुल के साथ किसी तरह का युद्ध नहीं चाहता है। आसिफ ने वॉयस ऑफ अमेरिका से कहा, हम अफगानिस्तान के साथ जंग नहीं चाहते हैं और बल प्रयोग



अंतिम उपाय है। रक्षा मंत्री की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब अफगानिस्तान में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) और अन्य प्रतिबंधित संगठनों द्वारा पाकिस्तान में बढ़ते आतंकवादी हमलों के कारण दोनों पड़ोसी देशों के बीच तनाव काफी बढ़ गया है। इससे पहले पाकिस्तान ने सोमवार को खुफिया सूचना के आधार पर अफगानिस्तान में एक ऑपरेशन चलाया था। टीटीपी के हाफिज गुल बहादुर ग्रुप को निशाना बनाया। पाकिस्तानी सेना का आरोप है कि 16 मार्च को उत्तरी वजीरिस्तान में किए गए हमलों और कई आतंकवादी हमलों के लिए टीटीपी जिम्मेदार है।

## नवलनी की मां को अदालत से झटका, जेल में बेटे की अनुचित देखभाल का आरोप वाला मुकदमा खारिज

**मॉस्को, एजेंसी।**
दिवंगत रूसी विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी की जेल में संदिग्ध तरीके से हुई मौत को लेकर हंगामा जारी है। उनका परिवार लगातार रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को जिम्मेदार ठहरा रहा है। इस बीच, नवलनी की मां ल्यूडमिला नवलनया को झटका लगा है। मॉस्को की एक अदालत ने नवलनया की उस मुकदमे को खारिज कर दिया है, जिसमें आरोप लगाया गया था कि नेता को आर्कटिक दंड कॉलोनी में सही से चिकित्सा देखभाल नहीं मिली, जिसके कारण उनकी मौत हो गई। नवलनी के 'फाउंडेशन फॉर फाइटिंग करप्शन' के पूर्व निदेशक इवान झदानोव ने गुरुवार को कहा कि लेबितनांगी की अदालत ने यह कहते हुए मुकदमा खारिज कर दिया कि केवल नवलनी ही इस बारे में शिकायत कर सकते थे। झदानोव ने कहा कि एलेक्सी नवलनी ने जेल में चिकित्सा देखभाल के खिलाफ कई बार मामले दायर किए थे। अब जब वह मारे गए, तो उनके



परिवार की भी नहीं सुनी जा रही है।

रिपोर्ट के अनुसार, नवलनी के परिवार और समर्थकों ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर उनकी हत्या करने का आरोप लगाया है, हालांकि क्रेमलिन ने इन आरोपों को खारिज कर दिया है। नवलनी की विधवा यूलिया नवलनया ने गुरुवार को कहा कि अदालत ने मुकदमा इसलिए खारिज कर दिया क्योंकि सुनवाई होती तो मौत की परिस्थितियों के बारे में वीडियो और अन्य जानकारी का खुलासा हो जाता।

एलेक्सी नवलनी की 47 वर्ष की आयु में मॉस्को से लगभग 1900 किमी उत्तर-पूर्व में आर्कटिक सर्कल के उत्तर में एक शहर खारप में आईके -3 अधिकतम सुरक्षा जेल कॉलोनी में मृत्यु हो गई थी। उन्हें उग्रवाद के आरोपों पर 19 साल की सजा मिली थी। उनके मृत्यु प्रमाण पत्र में कहा गया है कि मौत प्राकृतिक कारणों से हुई थी। यमालो-नेनेट्स ऑटोनॉमस डिस्ट्रिक्ट प्रशासन ने कहा था कि जेल में टहलने के बाद नवलनी का स्वास्थ्य ठीक नहीं था। टहलने के दौरान बेहोश हो गए थे। इसके बाद मेडिकल स्टाफ को बुलाया गया, लेकिन वह होश में नहीं आए।

उनकी मृत्यु के तीन दिन बाद भी उनके परिवार को उनका शव देखने की इजाजत नहीं दी गई है। उनके शव को रासायनिक जांच के लिए भेजा गया है और इस वजह से उनके परिजनों को शव के लिए 14 दिन का इंतजार करना पड़ेगा।

## सिख विवाह अधिनियम में संशोधन की तैयारी, 18 साल से कम उम्र के लोग नहीं कर सकेंगे शादी

**लाहौर , एजेंसी।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के पहले सिख मंत्री रमेश सिंह अरोड़ा ने कहा है कि प्रांतीय सिख अधिनियम में संशोधन होंगे, जिसके तहत 18 साल से कम उम्र के सिख शादी करने के लिए अयोग्य होंगे। बुधवार को पाकिस्तान सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (पीएसजीपीसी) की एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए रमेश सिं अरोड़ा ने कहा कि पाकिस्तान के सिख अधिनियम में नए संशोधन अल्पसंख्यक समुदाय के पक्ष में होने जा रहे हैं।

अल्पसंख्यक मामलों के प्रांतीय कैबिनेट मंत्री रमेश सिंह अरोड़ा ने कहा कि सिख आनंद विवाह अधिनियम 2018 में 18 वर्ष से कम उम्र के सिखों को विवाह के लिए अयोग्य बनाने समेत कुछ संशोधन किए जाएंगे और इसे जल्द ही कैबिनेट द्वारा मंजूरी दे दी जाएगी। बैठक में लाहौर, ननकाना साहिब, पांजा साहिब, डेरा साहिब और पेशावर से हेड ग्रांटी भी शामिल हुए। बैठक के दौरान सिख एक्ट में कई संशोधनों की सिफारिश की गई।

संशोधित कानून के मुताबिक, विवाह गुरु ग्रंथ साहिब की शिक्षाओं के अनुसार होगा। जोड़े को एक फॉर्म भरना होगा और शादी के 30 दिनों के भीतर अधिकृत रजिस्ट्रार को जमा करना होगा। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) पार्टी के सदस्य रमेश सिंह अरोड़ा ने कहा कि यूनियन काउंसिल सभी विवाहों का रिकॉर्ड रखेगी। बैठक के दौरान सुलह परिषद, विवाह रजिस्ट्रार और रजिस्ट्रार की नियुक्ति के संबंध में विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा की गई। बैठक के नतीजे के मुताबिक, विवाह के लिए सिख लड़के और लड़कियों की उम्र 18 वर्ष होनी चाहिए। इस दौरान इस बात पर भी सहमति बनी कि पांच सदस्यीय संगत किसी भी मुद्दे पर अपने प्रस्ताव पेश करेगी। यह भी निर्णय लिया गया कि तलाक चाहने वाले जोड़े को यूनियन काउंसिल के अध्यक्ष को एक लिखित नोटिस भेजने के लिए बाध्य किया जाएगा,



जो नोटिस प्राप्त होने के 30 दिनों के भीतर एक सुलह समिति का गठन करेगा। यदि जोड़ा 90 दिनों के बाद मेल-मिलाप करने में विफल रहता है, तो एक प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा।

## श्रीलंकाई नौसेना ने 32 भारतीय मछुआरों को किया गिरफ्तार, नौकाएं की जब्त

**कोलंबो, एजेंसी।** श्रीलंकाई नौसेना ने अपनी समुद्री सीमा में घुसपैठ और गैरकानूनी तरीके से मछली पकड़ने की गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में दो अलग घटनाओं में गुरुवार को 32 और भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया और मछली पकड़ने वाली पांच मशीनीकृत नौकाएं जब्त कर ली। तमिलनाडु मत्स्य पालन विभाग के अधिकारियों ने प्रारंभिक रिपोटरं के हवाले से बताया कि गिरफ्तार मछुआरे रामनाथपुरम जिले के रामेश्वरम के रहने वाले हैं।

रामेश्वरम से बुधवार सुबह 2000 से अधिक मछुआरे नियमित रूप से मछली पकड़ने के लिए निकले थे। उनमें से तीन नौकाओं पर सवार 25 मछुआरों को श्रीलंकाई नौसेना ने उस समय हिरासत में ले लिया, जब वे कथित तौर पर डेल्फ़्ट द्वीप के पास मछली पकड़ रहे थे। उन्हें आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए मन्नार ले जाया गया है। एक अन्य घटना में, पाक जलडमरूमध्य में मछली पकड़ने के आरोप में सात मछुआरों को गिरफ्तार किया गया। कथित तौर पर दो नौकाओं पर सवार मछुआरों को कानूनी कार्रवाई के लिए कांकेसंतुरई बंदरगाह ले जाया गया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा। ) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129